

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 169 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 30 मार्च 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## सरकार का बड़ा फैसला: राशन वाला केरोसीन अब पेट्रोल पंप पर भी मिलेगा

नई दिल्ली. पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्रालय ने आम लोगों को राहत देने के लिए केरोसीन से जुड़े नियमों में बड़ी ढील दी है. नए आदेश के तहत अब 60 दिनों के लिए पेट्रोल पंपों के जरिए भी केरोसीन बेचा जा सकेगा. यह फैसला खास तौर पर उन घरों के लिए मददगार माना जा रहा है, जो अब भी खाना बनाने और रोशनी के लिए केरोसीन पर निर्भर हैं.

सरकार ने पब्लिक सेक्टर ऑयल कंपनियों के चुनिंदा पेट्रोल पंपों को केरोसीन स्टोर रखने और बेचने की अनुमति दी है. हर जिले में अधिकतम दो पेट्रोल पंप इस सुविधा के लिए चुने जाएंगे और हर पंप पर 5,000 लीटर तक केरोसीन रखा जा सकेगा.

# भारत वैश्विक व्यवधानों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार, आपूर्ति श्रृंखलाएं मजबूत : इंडस्ट्री

समाज जागरण

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारत की अर्थव्यवस्था और आपूर्ति तंत्र को लेकर राहत भरी खबर सामने आई है। उद्योग जगत का कहना है कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) के अनुसार देश की आपूर्ति श्रृंखलाएं पूरी तरह मजबूत, स्थिर और किसी भी वैश्विक व्यवधान से निपटने के लिए तैयार हैं।



सीएआईटी के महासचिव और दिल्ली के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आपूर्ति व्यवस्था को पहले से कहीं अधिक सशक्त बनाया है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि देश में आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और उनकी आपूर्ति या वितरण को लेकर किसी प्रकार की चिंता नहीं है।

खंडेलवाल ने कहा कि "सक्रिय निगरानी तंत्र और केंद्र व राज्य एजेंसियों के बीच मजबूत समन्वय के चलते देशभर में आपूर्ति श्रृंखला निर्बाध बनी हुई है।" उन्होंने यह भी जोड़ा कि अब भारत के पास विविध आपूर्ति स्रोत, बेहतर लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर, उन्नत डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम और मजबूत घरेलू उत्पादन क्षमता है, जिससे संकट की स्थिति में भी आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी।

उन्होंने आगे कहा कि सरकार की आत्मनिर्भरता पर आधारित नीतियां और सप्लाई चेन के डिजिटलीकरण ने व्यापार और वाणिज्य को नई मजबूती दी है। इससे भारत वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी अपने नागरिकों और व्यापार समुदाय के हितों की रक्षा करने में सक्षम है।

सीएआईटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया ने देशभर के व्यापारियों से अपील की है कि वे वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को सामान्य व्यावसायिक गतिविधियां जारी रखते हुए प्रशासन के साथ सहयोग करना चाहिए ताकि उपभोक्ताओं को किसी तरह की असुविधा न हो।

खंडेलवाल और भरतिया दोनों ने आवश्यक वस्तुओं की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इस तरह की भ्रामक और निराधार खबरें राष्ट्रीय हित के खिलाफ हैं और बाजार में दहशत फैलाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। (इनपुटः आईएएनएस)

## 6,000 पीएनजी उपभोक्ताओं ने छोड़ा एलपीजी कनेक्शन, उपलब्धता में होगा सुधार

समाज जागरण

नई दिल्ली। देश में रसोई गैस की उपलब्धता को बेहतर बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम सामने आया है। करीब 6,000 पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) उपभोक्ताओं ने स्वेच्छा से अपने एलपीजी कनेक्शन छोड़ दिए हैं, जिससे उन क्षेत्रों में गैस आपूर्ति बेहतर होने की उम्मीद है जहां पीएनजी सुविधा उपलब्ध नहीं है। यह जानकारी पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। मंत्रालय के सचिव नीरज मित्तल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि यह कदम जरूरतमंद उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत साबित होगा।

उन्होंने कहा, "करीब 6,000 पीएनजी उपभोक्ताओं ने एलपीजी कनेक्शन छोड़कर एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दिया है। अन्य लोग भी इस पहल में शामिल होकर एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने में योगदान दें।" मंत्रालय के अनुसार, देशभर में एलपीजी आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। शनिवार को 54 लाख से अधिक एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी की गई, जबकि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव के बावजूद घरेलू स्तर पर किसी भी प्रकार की कमी नहीं देखी गई है।

आंकड़ों के मुताबिक, एलपीजी की ऑनलाइन बुकिंग बढ़कर 91 प्रतिशत तक पहुंच गई है। वहीं, कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (DAC) का उपयोग भी तेजी से बढ़ा है, जिसकी हिस्सेदारी फरवरी 2026 के 53 प्रतिशत से बढ़कर अब 84 प्रतिशत हो गई है।

# सतर्क भारत, सुरक्षित भारत: अफवाहों से बचें, केवल तथ्यों पर भरोसा करें - पीएम मोदी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और वैश्विक अस्थिरता के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से सतर्क रहने और अफवाहों से बचने की अपील की है। उन्होंने भरोसा जताया कि भारत इन चुनौतियों से मजबूती के साथ उभरेगा।

प्रधानमंत्री ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 132वें एपिसोड में राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिक जागरूक रहें और केवल सरकार द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी पर ही विश्वास करें। उन्होंने कहा, "अफवाहों के बहकावे में न आएं, सरकार की ओर से दी जा रही जानकारी पर भरोसा करें और उसी आधार पर कदम उठाएं।"



प्रधानमंत्री मोदी ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि देश के 140 करोड़ नागरिकों की ताकत से भारत पहले भी कई संकटों को पार कर चुका है और इस बार भी मिलकर इस कठिन परिस्थिति से बाहर निकल जाएगा।

उन्होंने कहा कि मार्च का महीना वैश्विक स्तर पर काफी उथल-पुथल भरा रहा है। कोविड-19 के बाद दुनिया से स्थिरता की उम्मीद थी, लेकिन विभिन्न क्षेत्रों में लगातार युद्ध और संघर्ष की स्थिति बनी हुई है, जिससे नई चुनौतियां सामने आई हैं।

प्रधानमंत्री ने युद्ध प्रभावित क्षेत्रों में रह रहे भारतीयों की सहायता के लिए खाड़ी देशों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इन देशों में रह रहे एक करोड़ से अधिक भारतीयों को हर संभव मदद दी जा रही है, जो सराहनीय है।

उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे संयम और जागरूकता बनाए रखें, ताकि किसी भी तरह की गलत सूचना से बचा जा सके और राष्ट्रीय एकता व सुरक्षा सुनिश्चित हो। (इनपुटः आईएएनएस)

# मिडिल ईस्ट तनाव पर कूटनीति तेज, पाकिस्तान में जुटे मिस्र और तुर्किए के विदेश मंत्री

समाज जागरण अंतरराष्ट्रीय समाचार

इस्लामाबाद। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कूटनीतिक प्रयास तेज हो गए हैं। क्षेत्र में शांति बहाल करने के उद्देश्य से पाकिस्तान में अहम बैठक आयोजित की जा रही है, जिसमें कई देशों के विदेश मंत्री शामिल हो रहे हैं।

पाकिस्तान के निमंत्रण पर मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती और तुर्किए के विदेश मंत्री हकन फिदान 29 मार्च को इस्लामाबाद पहुंचे। यह बैठक 29 और 30 मार्च को आयोजित की जा रही है, जिसमें सऊदी अरब के विदेश मंत्री भी शामिल होंगे। बैठक का मुख्य एजेंडा मिडिल ईस्ट में जारी तनाव को कम करना है, जो ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच बढ़ते संघर्ष के कारण उत्पन्न हुआ है।

पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार ने इस बैठक की पहल की है। उन्होंने अब्बास अराघची से बातचीत कर क्षेत्रीय हालात पर चर्चा की और तनाव कम करने के लिए संवाद और कूटनीति को जरूरी बताया।

पाकिस्तान विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस बैठक में डी-एस्केलेशन (तनाव कम करने) के उपायों, क्षेत्रीय स्थिरता और शांति बहाली के लिए ठोस



कदमों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। डार ने कहा कि "बातचीत और डिप्लोमेसी ही स्थायी शांति का एकमात्र रास्ता है।"

इस बीच एक सकारात्मक घटनाक्रम में ईरान ने पाकिस्तानी झंडे वाले 20 जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। डार ने इसे शांति और विश्वास बहाली की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

उन्होंने कहा कि यह निर्णय क्षेत्र में स्थिरता लाने में सहायक होगा और कूटनीतिक प्रयासों को मजबूती देगा। पाकिस्तान ने दोहराया कि वह क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने के सभी प्रयासों का समर्थन करता रहेगा।

## 'अंतजार्तीय विवाह से DNA मिस्टेक' बयान पर उठी बहस, हनुमान बेनीवाल के बयान की चर्चा तेज

समाज जागरण

नई दिल्ली/जयपुर। हनुमान बेनीवाल के एक बयान ने राजनीतिक और सामाजिक हलकों में बहस छेड़ दी है। जाट समाज को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि "जातीय शादियां होनी चाहिए, ताकि DNA मिस्टेक न हो, जबकि अंतजार्तीय विवाह से DNA मिस्टेक हो जाएगा।"

उनके इस बयान के बाद सोशल मीडिया और विभिन्न मंचों पर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कुछ लोग इस बयान का समर्थन कर रहे हैं, जबकि कई लोग इसे वैज्ञानिक आधार से परे बताते हुए आलोचना कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि आधुनिक विज्ञान के अनुसार अंतजार्तीय विवाह से किसी प्रकार की "DNA मिस्टेक" जैसी अवधारणा स्थापित नहीं है। वहीं, समाजशास्त्रियों के मुताबिक विवाह व्यक्तिगत स्वतंत्रता और सामाजिक समरसता से जुड़ा विषय है।

समाज जागरण बिजनेस समाचार

# सेंसेक्स 73,500 के नीचे, अगले हफ्ते 70,000 की ओर फिसलेगा या होगी रिकवरी ?

समाज जागरण

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में बीते सप्ताह गिरावट का रुख देखने को मिला, जिससे निवेशकों की चिंता बढ़ गई है। BSE Sensex 949.74 अंक यानी 1.27% गिरकर 73,583.22 पर बंद हुआ, जबकि Nifty 50 294.90 अंक यानी 1.28% गिरकर 22,819.60 पर आ गया।

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाला सप्ताह बाजार की दिशा तय करने के लिए बेहद अहम साबित हो सकता है, क्योंकि 1 अप्रैल से नए वित्त वर्ष की शुरूआत हो रही है।

### इन फैक्टर्स पर रहेगी नजर

ऑटो सेल्स और जीएसटी डेटा
1 अप्रैल को कंपनियों के ऑटो सेल्स आंकड़े और सरकार द्वारा जारी जीएसटी कलेक्शन डेटा से मांग और आर्थिक गतिविधियों का संकेत मिलेगा।

### कच्चे तेल की कीमत

मध्य पूर्व में जारी संघर्ष के चलते कच्चे तेल की कीमतों में पिछले एक महीने में करीब 45% उछाल आया है। Brent Crude Oil फिलहाल 105 डॉलर के आसपास बना हुआ है, जो भारत जैसे आयात-निर्भर देश के लिए चिंता का विषय है।

*किन सेक्टर्स में दिखी कमजोरी*

*निफ्टी डिफेंसः -4.05%*
*निफ्टी पीएसयू बैंकः -3.90%*
*निफ्टी रियल्टीः -3.77%*
*निफ्टी मेटलः -2.20%*
*निफ्टी एनर्जीः -1.93%*

वहीं, आईटी, हेल्थकेयर और फार्मा सेक्टर में हल्की मजबूती देखने को मिली।

### क्या 70,000 तक फिसलेगा सेंसेक्स ?

विशेषज्ञों के मुताबिकः अगर कच्चे तेल की कीमतें और बढ़ती हैं और FII की बिकवाली जारी रहती है बाजार 70,000 के करीब जा सकता है
लेकिन अगर जीएसटी डेटा मजबूत रहता है और ग्लोबल तनाव कम होता है रिकवरी भी संभव है



### एफआईआई का रुख

विदेशी संस्थागत निवेशक पिछले छह हफ्तों से लगातार बिकवाली कर रहे हैं, जिससे बाजार पर दबाव बना हुआ है।

### मिडिल ईस्ट तनाव

मिडिल ईस्ट में अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित कर रहा है।

### निवेशकों के लिए सलाह

घबराहट में बिकवाली से बचें
लंबी अवधि के निवेशक बने रहें
क्वालिटी स्टॉक्स पर फोकस रखें
ग्लोबल संकेतों पर नजर बनाए रखें

**निष्कर्षः** आने वाला हफ्ता भारतीय बाजार के लिए "टर्निंग पॉइंट" साबित हो सकता है—या तो बाजार 70,000 की ओर फिसलेगा या फिर मजबूत रिकवरी देखने को मिल सकती है।

# "बारूद नहीं, लैंडमाइंस पर बैठे हैं" - सोसाइटी में आग की घटनाओं से दहशत, फायर सेफ्टी पर सवाल

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। मिगसन अल्टिमो सोसाइटी में लगातार हो रही आग की घटनाओं ने निवासियों के बीच डर और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। ताजा मामले में एक फ्लैट में अचानक लगी आग ने सोसाइटी की फायर सेफ्टी व्यवस्था की पोल खोल दी।

सोसाइटी के सन-2 टॉवर के फ्लैट नंबर 505 में रहने वाले आश्रय गर्ग ने बताया कि घटना के समय वह घर पर अकेले थे। अचानक फ्लैट में ब्लास्ट जैसी आवाज हुई और देखते ही देखते सोफा व डेस्क में आग लग गई, जबकि वहां कोई ज्वलनशील सामग्री मौजूद नहीं थी।

सबसे चिंताजनक बात यह रही कि जिस स्थान पर आग लगी, वह सीधे वॉटर स्प्रिंकलर के नीचे था, लेकिन स्प्रिंकलर ने काम नहीं किया। घबराए निवासी ने बाहर निकलकर फायर होज से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन उसमें भी पानी नहीं मिला।

आश्रय गर्ग के मुताबिक, "सोसाइटी में फायर टेस्टिंग के दावे किए जाते हैं, लेकिन हकीकत कुछ और ही है। फ्लैट में लगे दोनों फायर अलार्म फट गए, लेकिन कोई अलार्म नहीं बजा।" उन्होंने कहा कि अगर समय रहते पड़ोसी मदद के लिए नहीं आते, तो बड़ा हादसा हो सकता था।






# लितानी नदी तक इजरायल का कब्जा ? नेतन्याहू के फैसले से मिडिल ईस्ट में बढ़ी हलचल

समाज जागरण

यरुशलम/बेरूत। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के एक बड़े फैसले ने पूरे क्षेत्र में हलचल बढ़ा दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इजरायली सेना को लेबनान के भीतर जाकर लितानी नदी तक एक सुरक्षा बफर जोन बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

यह कदम ऐसे समय में सामने आया है जब ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच तनाव चरम पर है। इस संभावित सैन्य कार्रवाई को क्षेत्रीय सुरक्षा समीकरणों में बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।

### क्या है पूरा मामला?

सूत्रों के अनुसार, इजरायल उत्तरी सीमा की सुरक्षा को लेकर



आक्रामक रणनीति अपना रहा है। लितानी नदी के दक्षिणी क्षेत्र को लंबे समय से हिजबुल्लाह का मजबूत गढ़ माना जाता रहा है, जहां से इजरायल पर हमलों के आरोप लगते रहे हैं।

यदि इजरायल इस इलाके में बफर जोन स्थापित करता है, तो हिजबुल्लाह की सैन्य गतिविधियों पर बड़ा असर पड़ सकता है और उसकी रणनीतिक स्थिति कमजोर हो सकती है।

### ईरान के लिए क्यों बड़ा झटका?

विशेषज्ञों के अनुसार, हिजबुल्लाह को ईरान का प्रमुख सहयोगी माना जाता है। ऐसे में लितानी नदी तक इजरायली नियंत्रण स्थापित होने की स्थिति में ईरान की क्षेत्रीय रणनीति को नुकसान हो सकता है।

### मिडिल ईस्ट में बढ़ेगा तनाव?

इस कदम से मिडिल ईस्ट में तनाव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।
सीमा पर सैन्य गतिविधियां तेज हो सकती हैं
क्षेत्रीय देशों के बीच टकराव बढ़ सकता है
कूटनीतिक प्रयासों पर असर पड़ सकता है

### स्थिति पर नजर जरूरी

हालांकि, इस तरह के दावों की आधिकारिक पुष्टि और जमीनी स्थिति लगातार बदल रही है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजर अब इस घटनाक्रम पर टिकी हुई है कि आगे हालात किस दिशा में जाते हैं।

निष्कर्षः लितानी नदी तक बफर जोन बनाने की रणनीति अगर पूरी तरह लागू होती है, तो यह पश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक समीकरणों को बदल सकती है और आने वाले समय में इसके दूरगामी प्रभाव देखने को मिल सकते हैं।

# देविका रानी, जिसने भारतीय सिनेमा उद्योग की दिशा बदल दी

भारतीय सिनेमा के इतिहास में कुछ नाम ऐसे हैं जिन्होंने केवल अभिनय नहीं किया, बल्कि पूरे उद्योग की दिशा और सोच को बदल दिया। देविका रानी उन्हीं विरल व्यक्तित्वों में से एक थीं। उन्हें ह्लभारतीय सिनेमा की प्रथम महिलाह्व कहा जाता है, और यह उपाधि केवल सम्मानसूचक नहीं बल्कि उनके व्यापक योगदान की सच्ची पहचान है। वह उस दौर में उभरीं जब भारतीय फिल्म उद्योग अपने प्रारंभिक स्वरूप में था और सामाजिक दृष्टि से फिल्मों में काम करना महिलाओं के लिए सहज नहीं माना जाता था। ऐसे समय में देविका रानी ने न केवल अभिनय किया, बल्कि सिनेमा को आधुनिकता, संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकारों से जोड़ा।

देविका रानी का जन्म एक समृद्ध और शिक्षित परिवार में हुआ था, जिसने उन्हें बचपन से ही स्वतंत्र सोच और कला के प्रति झुकाव दिया। उन्होंने अपनी शिक्षा इंग्लैंड में प्राप्त की, जहाँ उन्होंने अभिनय, संगीत, और डिजाइन का अध्ययन किया। विदेशी प-रवेश में मिली यह शिक्षा उनके व्यक्तित्व को आधुनिक, आत्मविश्वासी और प्रयोगधर्मी बनाती है। यही कारण था कि जब वे भारत लौटीं, तो उनका दृष्टिकोण अपने समय की अन्य अभिनेत्रियों से बिल्कुल अलग था। हिमांशु राय से उनका मिलना उनके जीवन का निर्णायक मोड़ साबित हुआ। दोनों ने मिलकर न केवल विवाह किया, बल्कि भारतीय सिनेमा को नई दिशा देने का संकल्प भी लिया।

1934 में उन्होंने बॉम्बे टॉकीज की स्थापना की, जो उस समय का सबसे आधुनिक और संगठित फिल्म स्टूडियो बना। इस स्टूडियो ने भारतीय फिल्मों को तकनीकी और कलात्मक दृष्टि से एक नया स्तर प्रदान किया। यहाँ काम करने का अनुशासन, निश्चित कार्य समय, और कलाकारों को नियमित वेतन देने जैसी व्यवस्थाएँ उस समय क्रांतिकारी थीं। यह स्टूडियो केवल फिल्मों का निर्माण नहीं करता था, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन का केंद्र बन गया था, जिसने भारतीय सिनेमा को पेशेवर रूप दिया।

देविका रानी का अभिनय भी उतना ही प्रभावशाली था जितना उनका प्रबंधन कौशल। उन्होंने 1930 के दशक में कई महत्वपूर्ण फिल्मों में काम किया, जिनमें उनकी जोड़ी अशोक कुमार के साथ विशेष रूप से लोकप्रिय हुई। उनकी फिल्म अछूत कन्या भारतीय सिनेमा की एक मील का पत्थर मानी जाती है। यह फिल्म जाति व्यवस्था जैसे संवेदनशील विषय पर आधारित थी और एक ब्राह्मण युवक और अछूत लड़की की प्रेम कहानी को प्रस्तुत करती थी। उस समय ऐसे विषयों पर खुलकर बात करना साहस का काम था, और देविका रानी ने अपने अभिनय के माध्यम से समाज के सामने एक महत्वपूर्ण प्रश्न खड़ा किया।

उनकी फिल्मों की विशेषता यह थी कि वे केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं थीं, बल्कि समाज में व्याप्त कुरीतियों, स्त्री की स्थिति, और मानवीय संबंधों की जटिलताओं को भी उजागर करती थीं। उनके पात्र अक्सर परंपराओं को चुनौती देते थे और अपनी इच्छाओं तथा अधिकारों के लिए खड़े होते थे। यही कारण है कि उन्हें एक प्रगतिशील और साहसी अभिनेत्री के रूप में देखा जाता है।

देविका रानी का व्यक्तिगत जीवन भी उतना ही नाटकीय और जटिल था जितना उनका फिल्मी जीवन। उनके जीवन में कई उतार-चढ़ाव आए, जिनमें उनके वैवाहिक संबंधों में तनाव और फिल्मी दुनिया के भीतर की राजनीति भी शामिल थी। एक समय ऐसा भी आया जब उनके और उनके सह-कलाकार के बीच संबंधों की चर्चा ने उनके करियर को प्रभावित किया, लेकिन उन्होंने अपने आत्मबल और पेशेवर दृष्टिकोण से इन प-रिस्थितियों का सामना किया और पुनः अपने स्थान को स्थापित किया।

1940 में हिमांशु राय के निधन के बाद देविका रानी ने अकेले ही बॉम्बे टॉकीज की जिम्मेदारी संभाली। यह उनके नेतृत्व कौशल का प्रमाण था कि उन्होंने इस स्टूडियो को न केवल बनाए रखा बल्कि उसे सफलतापूर्वक आगे भी बढ़ाया। उन्होंने कई नई प्रतिभाओं को अवसर दिया, जिनमें आगे चलकर भारतीय सिनेमा के बड़े नाम बने कलाकार भी शामिल थे। इस प्रकार वे केवल एक अभिनेत्री नहीं, बल्कि एक निमार्ता और मार्गदर्शक भी थीं।

हालाँकि, समय के साथ स्टूडियो के भीतर मतभेद और उद्योग की बदलती परिस्थितियों ने उन्हें फिल्म जगत से दूर कर दिया। 1945 में उन्होंने फिल्मों से संन्यास ले लिया और बाद में रूसी चित्रकार स्वेतोस्लाव रोएरिच से विवाह कर लिया। इसके बाद उन्होंने अपेक्षाकृत शांत जीवन बिताया और स-ार्वजनिक जीवन से दूरी बना ली। लेकिन उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सका।

देविका रानी को उनके अद्वितीय योगदान के लिए अनेक सम्मान मिले। उन्हें भारत का सर्वोच्च सिनेमा सम्मान, दादा साहेब फाल्के पुरस्कार, प्राप्त करने वाली पहली कलाकार होने का गौरव मिला। यह सम्मान उनके द्वारा स्थापित मानकों और उनके द्वारा सिनेमा को दिए गए नए आयामों की स्वीकृति था।

उनकी विरासत केवल उनकी फिल्मों तक सीमित नहीं है, बल्कि उस दृष्टिकोण में भी है जो उन्होंने भारतीय सिनेमा को दिया। उन्होंने यह सिद्ध किया कि सिनेमा केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का सशक्त साधन भी हो सकता है। उन्होंने महिलाओं के लिए इस क्षेत्र में नए द्वार खोले और यह दिखाया कि वे केवल पर्दे पर ही नहीं, बल्कि पर्दे के पीछे भी नेतृत्व कर सकती हैं।

आज जब हम भारतीय सिनेमा के विकास को देखते हैं, तो स्पष्ट होता है कि उसकी नींव में देविका रानी जैसे व्यक्तित्वों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने न केवल अपने समय को प्रभावित किया, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी मार्ग प्रशस्त किया। उनका जीवन संघर्ष, साहस, और सृजनात्मकता का अद्भुत उ-दाहरण है, जो यह सिखाता है कि यदि दृष्टि स्पष्ट हो और संकल्प मजबूत, तो कोई भी बाधा व्यक्ति को अपने लक्ष्य से नहीं रोक सकती।

देविका रानी का नाम भारतीय सिनेमा के इतिहास में सदैव सम्मान के साथ लिया जाएगा, क्योंकि उन्होंने केवल अभिनय नहीं किया, बल्कि एक स्वर्णिम युग का निर्माण किया।



महेन्द्र तिवारी

# पश्चाताप में धधकते परिणाम।

## युद्ध की हिंसा, उन्माद से त्रासदी झेलता आम आदमी।

युद्ध का उन्माद मानव सभ्यता के इतिहास का सबसे त्रासद अध्याय रहा है, जहाँ शक्ति, प्रभुत्व और स्वार्थ की अंधी दौड़ में मनुष्य अपने ही अस्तित्व को दांव पर लगा देता है। जब राष्ट्रवाद की आग विवेक पर भारी पड़ती है, तब युद्ध केवल सीमाओं का संघर्ष नहीं रह जाता, वह मनुष्यता के मूल्यों का भी विध्वंस बन जाता है। युद्ध चाहे किसी भी काल में हुआ हो, उसका परिणाम सदैव एक-सा ही रहा है विनाश, पीड़ा और पश्चाताप। दो विश्व युद्धों की विभीषिका ने यह स्पष्ट कर दिया कि हिंसा से किसी भी समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है, बल्कि यह नई समस्याओं और घावों को जन्म देती है।



युद्ध के मैदान में केवल सैनिक ही नहीं मरते, बल्कि उनके साथ असंख्य निर्दोष नागरिक भी अपनी जान गंवाते हैं, जिनका उस संघर्ष से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं होता। उनके सपने, उनकी आशाएँ और उनका भविष्य सब कुछ एक पल में राख हो जाता है। जब कोई माँ अपने बेटे को खोती है, जब कोई बच्चा अपने पिता की लाश देखता है, तब राष्ट्र की जीत का कोई अर्थ नहीं रह जाता, केवल एक गहरी शून्यता और असहनीय पीड़ा शेष रह जाती है। यही वह क्षण होता है जब मनुष्य को आत्मज्ञान का बोध होता है कि उसने क्या खो दिया और किस कीमत पर। युद्ध का वास्तविक चेहरा तब सामने आता है जब शहरों के खंडहर, जली हुई फसलें, उजड़े हुए घर और रोते हुए लोग उसकी गवाही देते हैं। आधुनिक समय में भी स्थिति कुछ अलग नहीं है, चाहे वह रूस-यूक्रेन का संघर्ष हो, इजरायल-फिलिस्तीन का विवाद हो या अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव हर जगह एक समान पीड़ा और विनाश का दृश्य देखने को मिलता है।

इन संघर्षों में सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों के निर्णयों का भार आम नागरिकों को उठाना पड़ता है, जो अपनी जान देकर उन महत्वाकांक्षाओं को पूरा करते हैं जिनसे उनका कोई लेना-देना नहीं होता। युद्ध केवल मानव जीवन को ही नहीं, बल्कि आर्थिक व्यवस्था को भी गहरे संकट में डाल देता है। उद्योग धंधे ठप हो जाते हैं, महंगाई आसमान छूने लगती है, बेरोजगारी बढ़ती है और विकास की गति रुक जाती है। एक देश को वर्षों पीछे धकेल देने वाला यह विनाश केवल भौतिक नहीं होता, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी गहरा असर छोड़ता है। युद्ध के बाद बचता है तो केवल एक टूटा हुआ समाज, जिसमें अविश्वास, भय और असुरक्षा की भावना घर कर जाती है। यही कारण है कि इतिहास हमें बार-बार यह सिखाने का प्रयास करता है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि यह समस्याओं को और जटिल बना देता है। आत्मज्ञानी व्यक्ति और संवेदनशील समाज इस सत्य को समझते हैं कि शांति ही वह मार्ग है जो मानवता को आगे बढ़ा सकता है।

युद्ध के बाद जब धूल बैठती है और लोग अपने खोए हुए प्रियजनों की याद में रोते हैं, तब उन्हें यह अहसास होता है कि उन्होंने क्या खोया है और क्या पाया है। उस समय कोई भी जीत सार्थक नहीं लगती, क्योंकि जीत की कीमत बहुत अधिक होती है। युद्ध की राख से उठने वाली यह चेतना ही आत्मज्ञान का वास्तविक रूप है, जो हमें यह समझाती है कि हिंसा और घृणा के मार्ग पर चलकर हम केवल विनाश ही प्राप्त कर सकते हैं। यदि मानवता को बचाना है, तो हमें संवाद, सहिष्णुता और प्रेम का मार्ग अपनाना होगा। युद्ध का उन्माद क्षणिक हो सकता है, लेकिन उस-ाके परिणाम पीढ़ियों तक महसूस किए जाते हैं। इसलिए आवश्यक है कि हम इतिहास से सीख लें और भविष्य को बेहतर बनाने के लिए शांति का मार्ग चुनें, क्योंकि अंततः वही मार्ग हमें सच्चे अर्थों में मानव बनाता है।



संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़

# वैश्विक टकराव के बीच भारत के लिए चिंता और चुनौतियां

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध को 30 दिन गुजर चुके हैं, लेकिन हालात अब भी बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं। इस संघर्ष ने न केवल क्षेत्रीय स्थिरता को झकझोर दिया है, बल्कि पूरी दुनिया की राजनीति, अर्थव्यवस्था और कूटनीति को भी प्रभावित किया है। ताजा घटनाक्रम इस युद्ध को और अधिक खतरनाक मोड़ पर ले जाता दिखाई दे रहा है।

ईरान ने दावा किया है कि उसने अमेरिकी जंगी जहाज यूएसएस अब्राहम लिंकन पर मिसाइल हमला किया, जिसके बाद उसे अपनी पोजिशन बदलनी पड़ी। हालांकि इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन इससे यह संकेत जरूर मिलता है कि ईरान अब सीधे अमेरिकी सैन्य ताकत को चुनौती देने के मूड में है। ईरानी नौसेना ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि अमेरिकी बेड़ा उसकी मिसाइल रेंज में दोबारा आता है, तो और भी बड़े हमले किए जाएंगे।

दूसरी ओर, इजराइल की ओर से आक्रामक रुख जारी है। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज के अनुसार, अब तक ईरान पर लगभग 15,000 से अधिक बम गिराए जा चुके हैं। यह आंकड़ा इस युद्ध की भयावहता और व्यापकता को दशार्ता है। लगातार हो रहे हमलों ने ईरान के सैन्य और रणनीतिक ढांचे को गहरा नुकसान पहुंचाया है, लेकिन ईरान भी पीछे हटने को तैयार नहीं दिख रहा।

ईरान ने अमेरिकी प्रस्ताव को ठुकराते हुए स्पष्ट कर दिया है कि युद्ध का अंत केवल उसकी शर्तों और समय के अनुसार ही होगा। इसके लिए उसने पांच प्रमुख शर्तें भी सामने रखी हैं, जो उसके आत्मविश्वास और रणनीतिक सोच को दशार्ती हैं। यह स्थिति शांति वार्ता की संभावनाओं को फिलहाल कमजोर बनाती है।

इसी बीच एक राहत भरी खबर यह है कि ईरान ने भारत, चीन, रूस, इराक और पाकिस्तान जैसे देशों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इन देशों को मित्र राष्ट्र बताते हुए कहा कि यह मार्ग पूरी तरह बंद नहीं है, बल्कि केवल उन देशों के लिए प्रतिबंधित है जो ईरान के खिलाफ हैं। यह कदम ईरान की कूटनीतिक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, जिसके जरिए वह अपने मित्र देशों का समर्थन बनाए रखना चाहता है।

इस युद्ध का भारत पर बहुआयामी प्रभाव पड़ रहा है। सबसे पहले, ऊर्जा सुरक्षा की बात करें तो भारत अपनी तेल जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा मध्य पूर्व से आयात करता है। होर्मुज जलडमरूमध्य विश्व का सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्ग है। हालांकि भारत को फिलहाल इस रास्ते से गुजरने की अनुमति मिली है, लेकिन युद्ध के चलते यहां किसी भी समय खतरा बढ़ सकता है, जिससे तेल आपूर्ति बाधित हो सकती है और कीमतों में उछाल आ सकता है।

दूसरा बड़ा असर भारत की कूटनीति पर पड़ रहा है। भारत के अमेरिका, इजराइल और ईरान तीनों देशों के साथ रणनीतिक संबंध हैं। ऐसे में इस युद्ध में संतुलन बनाए रखना भारत के लिए एक बड़ी चुनौती है। भारत अब तक तटस्थ रुख अपनाते हुए शांति और संवाद की अपील करता रहा है, लेकिन परिस्थितियां जटिल होती जा रही हैं।

तीसरा महत्वपूर्ण पहलू भारतीय प्रवासी नागरिकों का है। खाड़ी देशों में लाखों भारतीय काम करते हैं। युद्ध की स्थिति बिगड़ने पर उनकी सुरक्षा और वापसी एक बड़ी चिंता बन सकती है, जैसा कि पहले भी संकट के समय देखा गया है।

इसके अलावा, वैश्विक व्यापार और शेयर बाजारों पर भी इसका असर पड़ रहा है, जिसका सीधा प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिख सकता है। तेल की कीमतें बढ़ने से महंगाई का दबाव बढ़ेगा और आम जनता पर इसका असर पड़ेगा।

निश्चित रूप से अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहा यह युद्ध केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक शक्ति संतुलन की परीक्षा बन चुका है। जहां एक ओर सैन्य ताकत का प्रदर्शन हो रहा है, वहीं दूसरी ओर कूटनीतिक चालें भी तेज हो गई हैं।

भारत के लिए यह समय सतर्कता, संतुलन और दूरदर्शिता का है। ऊर्जा सुरक्षा, कूटनीतिक संतुलन और अपने नागरिकों की सुरक्षा इन तीनों मोर्चों पर मजबूत रणनीति अपनाकर ही भारत इस संकट से प्रभावी तरीके से निपट सकता है।



डा. पंकज भारद्वाज

# हँसी की संस्कृति और संवेदनशीलता का संतुलन

आधुनिक जीवन की आपाधापी में जब मनुष्य निरंतर तनाव, प्रतिस्पर्धा और मानसिक दबाव से जूझ रहा है, ऐसे समय में 1 अप्रैल का दिन एक हल्की मुस्कान लेकर आता है। सामान्यतः इसे मजाक और छल के दिन के रूप में देखा जाता है, लेकिन यदि हम गहराई से विचार करें तो यह दिन केवल हास-परिहास का अवसर नहीं, बल्कि हमारे सामाजिक व्यवहार और संवेदनशीलता की परीक्षा भी है। हर वर्ष 1 अप्रैल को दुनिया भर में अप्रैल फूल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग एक-दूसरे के साथ हल्के-फुल्के मजाक, शरारतें और हास्यपूर्ण छल करके हँसी का वातावरण बनाते हैं। हालांकि इसका मूल स्रोत यूरोप से जुड़ा माना जाता है, लेकिन समय के साथ यह परंपरा भारत में भी अपनी विशिष्ट स-ांस्कृतिक रंगत के साथ रच-बस गई है।

**अप्रैल की पहली सुबह, दोस्त ने खेला दांव,**
**बोला "तेरा इनाम आया", मैं दौड़ा सीधा गांव।**

**खोला जब वो पैकेट, निकली उसमें हवा,**
**सब हँसने लगे जोर से, मैं रह गया दंग-भला।**

**फिर मैंने भी चाल चली, बदला लिया झट से,**
**अप्रैल फूल बना दिया, उसे ही उसी वक्त में।।**

हँसी मानव जीवन की सबसे सहज और प्रभावशाली औषधि है। यह न केवल मन को हल्का करती है, बल्कि संबंधों को भी सुदृढ़ बनाती है। एक स्वस्थ समाज वही होता है जहाँ लोग हँसना जानते हों, एक-दूसरे के साथ सहजता से जुड़ सकें। किंतु समस्या तब उत्पन्न होती है जब हास्य अपनी मयार्दा खो देता है और व्यंग्य या उपहास का रूप ले लेता है। किसी की भावनाओं को ठेस पहुँचाकर प्राप्त की गई हँसी वास्तव में संवेदनहीनता का परिचायक होती है।

आज सोशल मीडिया के दौर में एप्रिल फूल का स्वरूप और भी व्यापक हो गया है। डिजिटल मंचों पर फैलाए जाने वाले झूठे संदेश, भ्रमित करने वाली सूचनाएँ और अनर्गल मजाक कभी-कभी गंभीर परिणाम भी उत्पन्न कर देते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हम इस दिन को केवल मनोरंजन तक सीमित रखें, न कि किसी के आत्मसम्मान को आहत करने का माध्यम बनाएं।

यह दिन हमें यह भी सिखाता है कि जीवन में हल्कापन कितना आवश्यक है। गंभीरता और जिम्मेदारियों के बीच यदि थोड़ी-सी मुस्कान शामिल हो जाए, तो जीवन अधिक संतुलित और सुखद बन सकता है। हमें अपने भीतर उस बालसुलभ सरलता को जीवित रखना चाहिए, जो बिना किसी छल के, निष्कपट हँसी में प्रकट होती है।

अतः 1 अप्रैल का वास्तविक संदेश यही है कि हम हँसी को जीवन का हिस्सा बनाएं, परंतु उसे संवेदनशीलता, मयार्दा और सम्मान के साथ जीएँ। यही संतुलन हमें एक बेहतर इंसान और एक स्वस्थ समाज की ओर ले जाएगा।भारतीय संदर्भ में अप्रैल फूल केवल मजाक तक सीमित नहीं, बल्कि यह सामाजिक व्यवहार का एक ऐसा पहलू बन गया है जिसमें रिश्तों की सहजता, अपनापन और हंसी की मिठास झलकती है। भारत जैसे विविधता भरे देश में, जहां त्योहारों और उत्सवों की भरमार है, वहां यह दिन औपचारिक पर्व न होते हुए भी जन-जीवन में हंसी और हल्केपन का अवसर लेकर आता है।

भारत में अप्रैल फूल मनाने का तरीका अपेक्षाकृत सौम्य और मर्यादित होता है। यहाँ मजाक की सीमा इस बात से तय होती है कि किसी की भावनाएं आहत न हों। बच्चों से लेकर युवाओं तक, और अब तो सोशल मीडिया के माध्यम से बड़े-बुजुर्ग भी इसमें भाग लेते हैं। व्हाट्सएप संदेश, नकली खबरें (जो बाद में मजाक के रूप में उजागर होती हैं), और दोस्तों के बीच छोटी-छोटी शरारतें इस दिन की पहचान बन गई हैं।

दिलचस्प बात यह है कि भारत में पहले से ही हास्य और व्यंग्य की समृद्ध परंपरा रही है,चाहे वह लोककथाओं में हो, जैसे तेनालीराम और बीरबल की चतु-राई, या फिर आधुनिक समय में हास्य कविताओं और व्यंग्य लेखन में। ह्यअप्रैल फूलह्न उसी परंपरा का एक हल्का-फुल्का विस्तार प्रतीत होता है। लेकिन इस दिन का एक सामाजिक संदेश भी है। हँसी तनाव को कम करती है, रिश्तों को मजबूत बनाती है और जीवन की जटिलताओं को सरल बनाने में मदद करती है। यदि यह दिन मयार्दा और संवेदनशीलता के साथ मनाया जाए, तो यह न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी हो सकता है।अंततः, अप्रैल फूल दिवस हमें यह सिखाता है कि जीवन की गंभीरता के बीच थोड़ा सा हास्य और मुस्कान भी उतनी ही आवश्यक है।

सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"

# प्रभु तुम मेरे मन की जानो

मैं अछूत हूँ, मंदिर में आने का मुझको अधिकार नहीं है।
किंतु देवता यह न समझना, तुम पर मेरा प्यार नहीं है।
प्यार असीम, अमिट है, फिर भी पास तुम्हारे आ न सकूँगी।
यह अपनी छोटी सी पूजा, चरणों तक पहुँचा न सकूँगी।

इसीलिए इस अंधकार में, मैं छिपती-छिपती आई हूँ।
तेरे चरणों में खो जाऊँ, इतना व्याकुल मन लाई हूँ।
तुम देखो पहिचान सको तो तुम मेरे मन को पहिचानो।
जग न भले ही समझे, मेरे प्रभु! मेरे मन की जानो।

मेरा भी मन होता है, मैं पूजूँ तुमको, फूल चढ़ाऊँ।
और चरण-रज लेने को मैं चरणों के नीचे बिछ जाऊँ।
मुझको भी अधिकार मिले वह, जो सबको अधिकार मिला है।
मुझको प्यार मिले, जो सबको देव! तुम्हारा प्यार मिला है।

तुम सबके भगवान, कहो मंदिर में भेद-भाव कैसा?
हे मेरे पाषाण! पसीजो, बोलो क्यों होता ऐसा?
मैं गरीबिनी, किसी तरह से पूजा का सामान जुटाती।
बड़ी साध से तुझे पूजने, मंदिर के द्वारे तक आती।

कह देता है किंतु पुजारी, यह तेरा भगवान नहीं है।
दूर कहीं मंदिर अछूत का और दूर भगवान कहीं है।
मैं सुनती हूँ, जल उठती हूँ, मन में यह विद्रोही ज्वाला।
यह कठोरता, ईश्वर को भी जिसने टूक-टूक कर डाला।

यह निर्मम समाज का बंधन, और अधिक अब सह न सकूँगी।
यह झूठा विश्वास, प्रतिष्ठा झूठी, इसमें रह न सकूँगी।
ईश्वर भी दो हैं, यह मानूँ, मन मेरा तैयार नहीं है।
किंतु देवता यह न समझना, तुम पर मेरा प्यार नहीं है।

मेरा भी मन है जिसमें अनुराग भरा है, प्यार भरा है।
जग में कहीं बरस जाने को स्नेह और सत्कार भरा है।
वही स्नेह, सत्कार, प्यार मैं आज तुम्हें देने आई हूँ।
और इतना तुमसे आश्वासन, मेरे प्रभु! लेने आई हूँ।

तुम कह दो, तुमको उनकी इन बातों पर विश्वास नहीं है।
छुत-अछूत, धनी-निर्धन का भेद तुम्हारे पास नहीं है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# स्किल इंडिया 2025-26 की राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता का गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा में भव्य शुभारंभ

## राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता में 36 राज्यों के 650 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा





**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 29 मार्च 2026: स्किल इंडिया के अंतर्गत वर्ष 2025-26 की राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा में उत्साह एवं गरिमा के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में देशभर से आए लगभग 650 प्रतिभागियों ने 63 विभिन्न कौशलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने हेतु सहभागिता की, जिसमें 36 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देबाश्री मुखर्जी, सचिव, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा कि स्किलिंग एक सतत प्रक्रिया है, जो निरंतर अभ्यास, समर्पण और आत्मविकास के माध्यम से विकसित होती है। उन्होंने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि यहाँ तक पहुँचना ही एक बड़ी उपलब्धि है और सभी प्रतिभागी अपने आप में "स्किल आइकॉन" हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कौशल विकास देश के समग्र विकास का महत्वपूर्ण आधार है और युवाओं की ऊर्जा भारत को वैश्विक स्तर पर "स्किल नेशन" के रूप में स्थापित करेगी।

इस अवसर पर मनीषा शर्मा, वरिष्ठ सलाहकार, एमएसडीई ने बताया कि भारत वर्तमान में वर्ल्ड स्किल्स रैंकिंग में 13वें स्थान तथा एशिया में 8वें स्थान पर है। उन्होंने कहा कि स्किलिंग, री-स्किलिंग एवं अप-स्किलिंग के माध्यम से ही युवाओं को भविष्य के लिए तैयार किया जा सकता है।

कार्यक्रम की शुरूआत अरुण कुमार पिल्लई, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा उद्घाटन भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने कौशल विकास को देश की प्रगति का आधार बताते हुए युवाओं को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों की टीमों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया, जिसने "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की भावना को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन में विशेष उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण आकर्षण शपथ ग्रहण समारोह रहा, जिसमें उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की प्रतिभागी साधना ने सभी प्रतिभागियों को निष्पक्षता, ईमानदारी एवं पूर्ण समर्पण के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर ज्ञानेंद्र देव त्रिपाठी, प्रिंसिपल सेक्रेटरी, SEED, असम एवं आर. पी. सिंह, कुलपति, गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

अंत में प्रशांत सिन्हा, मुख्य परिचालन अधिकारी, एनएसडीसी ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन भारत के कौशल विकास को नई दिशा प्रदान करेगा।

## अवैध शस्त्र के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार, पिस्टल व 19 कारतूस बरामद




नोएडा। उत्तर प्रदेश पुलिस की जारचा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक पिस्टल, दो मैगजीन, 19 कारतूस और एक कार बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, लोकल इंटेलिजेंस की सूचना पर चेकिंग के दौरान खुर्शीदपुरा नहर पटरी पर एक संदिग्ध सफेद रंग की कार को रोका गया। तलाशी लेने पर कार सवार चारों युवकों के पास से अवैध शस्त्र बरामद हुए, जिसके बाद उन्हें मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान धर्मेंद्र (24), कुणाल (22), राहुल (28) और विशाल (24) के रूप में हुई है। सभी आरोपी हरियाणा के नूंह (मेवात) जिले के ग्राम उजीना के निवासी बताए गए हैं।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से एक पिस्टल (.32 बोर), दो मैगजीन, 19 कारतूस (.32 बोर) और एक कार (सीजशुदा) बरामद की गई है। पूछताछ के बाद सभी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

## 24 घंटे में हत्या का खुलासा, मुख्य आरोपी समेत 2 गिरफ्तार

**समाज जागरण**

नोएडा। उत्तर प्रदेश पुलिस की जारचा थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 24 घंटे के भीतर हत्या की घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिए हैं।

पुलिस के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से मुख्य आरोपी यशवीर उर्फ सूखा (24) और उसके साथी हरदम (45) को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी बुलंदशहर जिले के निवासी हैं। जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी यशवीर उर्फ सूखा पहले मृतक प्रशांत सिंह के यहां करीब दो महीने तक काम करता था। इस दौरान मृतक द्वारा शराब के नशे में उसके साथ अक्सर गाली-गलौज और मारपीट की जाती थी।

घटना की रात (27/28 तारीख) को भी मृतक ने शराब के नशे में आरोपी के साथ दुर्व्यवहार किया, जिससे आक्रोशित होकर यशवीर ने घर में रखी लोहे की पाइप से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सह-अभियुक्त हरदम को घटना की जानकारी थी, लेकिन उसने इसे छिपाने के साथ-साथ आरोपी की मदद भी की।

गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड/पाइप और चाकू बरामद किए गए हैं। दोनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1)/61(2) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# नोएडा में सपा की रैली फ्लॉप, "मिनी सीएम" और वसूली मॉडल को जनता ने किया खारिज: ब्रजेश पाठक

## खाली कुर्सियों ने खोली सपा की जमीनी हकीकत अंधविश्वास छोड़ सत्ता की चाह में पहुंचे अखिलेश, नहीं मिला जनसमर्थन

**मोदी-योगी के नेतृत्व में बदला नोएडा-दादरी का चेहरा**

**सपा राज में अराजकता, अब निवेश और रोजगार का बड़ा केंद्र बना दादरी**

**बीमारू छवि से बाहर निकल तेजी से आगे बढ़ रहा उत्तर प्रदेश**

लखनऊ, 29 मार्च। नोएडा में अखिलेश यादव की हालिया रैली फ्लॉप साबित हुई, जहां खाली पड़ी कुर्सियों ने सपा की जमीनी स्थिति को उजागर कर दिया। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि जिस नोएडा को समाजवादी पार्टी ने अपने शासनकाल में कई मिनी सीएम देकर ठेका, पट्टा और वसूली का अड्डा बना दिया था, उसी नोएडा की जनता ने आज सपा को पूरी तरह नकार दिया है।

ब्रजेश पाठक ने कहा कि रैली में अपेक्षित भीड़ का न जुटना यह साफ संकेत है कि सपा अब जमीन से कट चुकी है। जनसभा में खाली कुर्सियां यह बता रही हैं कि जनता अब जातिवादी और अवसरवादी राजनीति से दूर जा चुकी है और विकास को प्राथमिकता दे रही है।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि वर्षों तक अपशकुन और अंधविश्वास के कारण नोएडा से दूरी बनाए रखने वाले अखिलेश यादव अब सत्ता की लालसा में वहां पहुंचे, लेकिन जनता ने उन्हें स्वीकार नहीं किया। "यह वही नोएडा है, जहां सपा सरकार के दौरान कानून व्यवस्था बदहाल थी और आम लोग असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर थे," उन्होंने कहा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा शासन में नोएडा और दादरी क्षेत्र गुंडागर्दी और अराजकता का केंद्र बन गए थे। माताएं, बहनें, व्यापारी और युवा तक वहां जाने से कतराते थे। आज वही क्षेत्र विकास, निवेश और रोजगार का बड़ा केंद्र बन चुका है। यह बदलाव सरकार की नीतियों और मजबूत इच्छाशक्ति का परिणाम है।

ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नोएडा-दादरी क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है। जेवर में बना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा प्रदेश को वैश्विक पहचान दिला रहा है और आने वाले समय में यह क्षेत्र देश के सबसे बड़े निवेश केंद्रों में शामिल होगा। ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने बीते वर्षों में बीमारू राज्य की छवि से बाहर निकलकर विकास की नई दिशा तय की है। प्रति व्यक्ति आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और प्रदेश तेजी से देश की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी जगह बना रहा है।

उन्होंने कहा कि सपा आज भी समाज को जाति में बांटने और संकीर्ण राजनीति में उलझी हुई है, जबकि भाजपा विकास, सुशासन और सबका साथ-सबका विकास के सिद्धांत पर काम कर रही है। जनता अब काम और परिणाम देख रही है, यही कारण है कि सपा की राजनीति अब असरहीन होती जा रही है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब रुकने वाला नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है और आने वाले वर्षों में यह देश की अर्थव्यवस्था का प्रमुख स्तंभ बनकर उभरेगा।

# आरएसएस की जन गोष्ठियों में 'पंचपरिवर्तन' और नारी सशक्तिकरण पर मंथन

**समाज जागरण नोएडा**

नोएडा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर नोएडा में प्रमुख जन गोष्ठियों का आयोजन किया गया, जिसमें 'पंचपरिवर्तन', नारी सशक्तिकरण और समाज में सकारात्मक बदलाव जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

संघ द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य संगठन, संस्कार और राष्ट्र सेवा की भावना को मजबूत करना तथा समाज के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ संवाद स्थापित करना रहा। शहर के विभिन्न स्थानों पर कुल तीन गोष्ठियां आयोजित की गईं।

### सेक्टर-119: नारी सशक्तिकरण पर जोर

सेक्टर-119 स्थित द मिलेनियम स्कूल में आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता प्रो. डॉ. महेश गांधी ने की। इस अवसर पर इंडिया टीवी की सीनियर एडिटर मीनाक्षी जोशी ने महिलाओं को समान अवसर, अधिकार और संसाधन उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया।

मुख्य वक्ता संघ के अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख रमेश पप्पा ने 'पंचपरिवर्तन' को सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक बदलाव का व्यापक विचार बताया।

### सेक्टर-105: समाजिक चुनौतियों पर चर्चा

सेक्टर-105 के सामुदायिक केंद्र में आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता पूर्व न्यायमूर्ति लोकपाल सिंह ने की। उन्होंने समाज, विशेषकर हिंदू समाज के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला।




इस दौरान संघ के मेरठ प्रांत के संघचालक प्रेमचंद ने 'पंचपरिवर्तन' की अवधारणा को विस्तार से समझाया। मुख्य वक्ता भारत भूषण ने संघ की 100 वर्ष की यात्रा, चुनौतियों और समाधान पर अपने विचार रखे।

### सेक्टर-12: नागरिक दायित्व और महिला भूमिका पर विचार

सेक्टर-12 स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित गोष्ठी में डीडी न्यूज के सीनियर एडिटर अशोक श्रीवास्तव ने नागरिक दायित्व पर जोर दिया।

विशिष्ट अतिथि पद्मजा पांडेय ने हिंदू जीवन शैली में महिलाओं की भूमिका और नारी सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महिपाल सिंह (निदेशक, इंडियन इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी सर्विसेज) ने की। वहीं, संघ के अखिल भारतीय सह-प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर ने संगठन के 100 वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डाला।

तीनों गोष्ठियों में समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने श्रोताओं के प्रश्नों का समाधान भी किया और समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

## कार चढ़ाकर हत्या को एक्सीडेंट दिखाने की साजिश नाकाम, 3 आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**




नोएडा। उत्तर प्रदेश पुलिस की थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने सनसनीखेज हत्या मामले का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने युवक की हत्या कर उसे सड़क हादसे का रूप देने की साजिश रची थी।

पुलिस के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से वांछित अभियुक्त अमरपाल, अमित कुमार और सनी को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार, लोहे का पाना, तीन मोबाइल फोन और एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

जांच में सामने आया कि 23 मार्च 2026 को आरोपी बागेश्वर धाम गए थे। इसी दौरान अमरपाल को सूचना मिली कि अमित उर्फ भोंचू उसके क्षेत्र में देखा गया है, जिससे दोनों पक्षों के बीच पुराना विवाद फिर उभर आया।

पुलिस के मुताबिक, मृतक अमित उर्फ भोंचू के खिलाफ पहले पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था, जिसके चलते दोनों पक्षों में रंजिश थी। इसी दुश्मनी के चलते आरोपियों ने हत्या की साजिश रची।

25 मार्च को परी चौक के पास तीनों आरोपियों की मृतक से मुलाकात हुई। कहासुनी के बाद मृतक भागने लगा, तभी आरोपियों ने कार से उसे कुचल दिया। इसके बाद उसे कार में डालकर लोहे के पाना से सिर पर वार किया और शव को ग्राम सफीपुर के पास सुनसान इलाके में फेंककर फरार हो गए।

गिरफ्तार अभियुक्तों में अमरपाल (जेवर), अमित कुमार (बिरोंडा, बीटा-2) और सनी (हसनपुर, हापुड़) शामिल हैं।

पुलिस ने तीनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1)/238/3(5) के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है और आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी पड़ताल की जा रही है।

# अस्त्र-शस्त्र के साथ निकली *विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की श्री राम शोभा यात्रा

## बिना शस्त्र के धर्म की रक्षा नहीं हो सकती (महंत श्री मधुराम शरण)

**समाज जागरण**



प्रयागराज। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर भव्य श्रीराम शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और कार्यकताओं ने भाग लिया।

शोभा यात्रा का शुभारंभ महापौर गणेश केसरवानी द्वारा आरती कर किया गया। इस दौरान भगवान श्रीराम और हनुमान जी की आकर्षक झांकियां, डीजे-बैंड और धार्मिक नारों के साथ यात्रा पूरे उत्साह के साथ निकाली गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायती निरंजनी अखाड़ा से जुड़े महंत मधुराम शरण ने अपने संबोधन में धर्म और समाज की एकता पर जोर दिया। वहीं, प्रांत अध्यक्ष कविंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि समाज को एकजुट होकर सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करना चाहिए। यात्रा के दौरान विभिन्न धार्मिक झांकियों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। श्रद्धालु "जय श्रीराम" और "हर-हर महादेव" के उद्घोष के साथ पूरे मार्ग पर चलते रहे।

कार्यक्रम में प्रांत मंत्री लालमणि तिवारी, लवलेश बंजरगी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। शोभा यात्रा के संयोजक शुभम कुशवाहा रहे।

इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।

## कराटे वेलफेयर सोसायटी ने रामअवतार जिंदल का किया सम्मान



**समाज जागरण**

गाजियाबाद। कराटे वेलफेयर सोसायटी द्वारा समाजसेवी रामअवतार जिंदल का भव्य सम्मान किया गया। उन्हें सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की व्यापार सभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

समारोह के दौरान सोसायटी के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने उन्हें बुके और फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोसायटी के अध्यक्ष विजय कौशिक ने की, जबकि संचालन महासचिव राजीव मुंडेलवाल ने किया।

राजीव मुंडेलवाल ने बताया कि सोसायटी पिछले 20 वर्षों से कराटे और आत्मरक्षा प्रशिक्षण के क्षेत्र में सक्रिय है और अब तक हजारों खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर चुकी है। सम्मान ग्रहण करते हुए रामअवतार जिंदल ने संस्था के कार्यों की सराहना की और कहा कि वर्तमान समय में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण बेहद जरूरी है, खासकर महिलाओं और बच्चों के लिए। उन्होंने संस्था को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का शुभारंभ, गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

समाज जागरण नोएडा। सेक्टर-82 स्थित ईडब्ल्यूएस पॉकेट-7 में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और भक्तिमय माहौल के बीच निकली इस शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को राममय बना दिया।

कलश यात्रा में बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों की धुन पर महिलाएं सिर पर कलश धारण कर चल रही थीं। यात्रा में आगे घोड़े, उसके बाद बैंड-बाजा, फिर कथा व्यास स्वामी पंचमानंद महाराज का सुसज्जित रथ और उसके पीछे भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण व हनुमान जी की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं।

कलश यात्रा सेक्टर-82 और 93 के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः कथा स्थल पहुंची। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूल बरसाकर स्वागत किया और जलपान की व्यवस्था की गई। "जय श्रीराम" के जयघोष से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा।

इस अवसर पर कथा व्यास स्वामी पंचमानंद महाराज ने श्रीराम कथा का महात्म्य बताते हुए कहा कि "राम कथा के श्रवण से जन्म-जन्मांतर के पापों का क्षय होता है और जीवन में संस्कारों का संचार होता है।" उन्होंने सती चरित्र एवं पार्वती विवाह का रोचक प्रसंग भी सुनाया।

कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी देव मणि शुक्ल ने बताया कि यह आयोजन क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। श्रीराम कथा प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक आयोजित होगी। आगामी कथा में नारद मोह और अहिल्या उद्धार जैसे प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा।



इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं



श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने असवाई में राधा-कृष्ण मंदिर सौंदर्यीकरण का किया शिलान्यास

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**




फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने ग्राम असवाई स्थित ऐतिहासिक श्री राधा कृष्ण मंदिर के पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया, इस परियोजना की कुल लागत 135.16 लाख है, शिलान्यास समारोह के अवसर पर जन सामान्य को संबोधित करते हुए मा० जयवीर सिंह ने क्षेत्र के विकास और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया, मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संजोने के लिए संकल्पित है, श्री राधा कृष्ण मंदिर असवाई केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान है, उन्होंने कहा कि 135.16 लाख की लागत से होने वाले इन कार्यों से इस प्राचीन मंदिर को एक भव्य स्वरूप प्राप्त होगा, उन्होंने कहा कि पर्यटन और रोजगार की दृष्टि से जब किसी धार्मिक स्थल का सौंदर्यीकरण होता है, तो वहां पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती है, इससे न केवल क्षेत्र की प्रसिद्धि होती है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हैं,

उन्होंने कहा कि फिरोजाबाद जनपद को पर्यटन मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करना हमारा लक्ष्य है, माननीय मंत्री जी ने कहा कि विकास की गति से माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के कोने-कोने में मंदिरों और ऐतिहासिक धरोहरों का कायाकल्प हो रहा है, उन्होंने कहा कि असवाई के इस मंदिर परिसर में आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को सुलभ और सुखद दर्शन प्राप्त हो सके, साथ ही साथ मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए विश्रामालय, पेयजल सुविधा, प्रकाश व्यवस्था, इंटरलॉकिंग, टाइल्स और मंदिर की भव्यता बढ़ाने हेतु विशेष सौंदर्यात्मक कार्य किए जाएंगे, इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख अरांव कमलेश राजपूत, जिला उपाध्यक्ष तथा पर्यटन एवं यूपीपीसीएल के अधिकारीगढ़ उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में एक की मौत: चनौरा बाईपास पर वैगनआर-पिकअप की टक्कर, चार घायल

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। रविवार को एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना थाना क्षेत्र के ग्राम चनौरा बाईपास रोड पर दोपहर करीब 12:10 बजे हुई, जब एक वैगनआर कार और बोलोरो मैक्स पिकअप के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई।



जानकारी के अनुसार, वैगनआर (UP84AT 9982) और बोलोरो मैक्स (RJ32GC8927) की भिड़ंत में वैगनआर सवार पांच लोग घायल हुए। इनमें उदय कुमार (पुत्र प्रदीप कुमार), प्रभु दयाल (पुत्र दर्शन सिंह), पूनम (पत्नी प्रभु दयाल), रेखा (पत्नी राजू) और चालक प्रेम यादव (निवासी कुरावली, जनपद मैनपुरी) शामिल थे।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल सरकारी ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। उपचार के दौरान गंभीर रूप से घायल वैगनआर चालक प्रवीण उर्फ प्रेम (पुत्र विजेंद्र सिंह, निवासी क्रिया पीपालपुर, थाना किरावली, जनपद मैनपुरी) की मौत हो गई। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार दिया जा रहा है।

बोलोरो मैक्स पिकअप के चालक मनोज को भी उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

दुर्घटना के बाद मौके पर यातायात बाधित हो गया था। पुलिस ने स्थिति को संभाला, यातायात सुचारू कराया और दुर्घटना की जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है।

पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है। इंस्पेक्टर संजीव कुमार दुबे ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत हुई है। बाकी घायलों का उपचार चल रहा है।

# धूमधाम से निकली चक्रवर्ती सम्राट अशोक की शोभायात्रा।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती के अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा थाना रसूलपुर से प्रारंभ होकर सदर बाजार के प्रमुख मार्गों से होती हुई पालीवाल पार्क पर जाकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं और नागरिकों की भारी भीड़ देखने को मिली, जिन्होंने जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक मनीष असीजा ने हरी झंडी दिखाकर और फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने चक्रवर्ती सम्राट अशोक के जयकारे लगाकर लोगों में उत्साह का संचार किया। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे और धार्मिक गीतों की प्रस्तुति ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया।

यात्रा में शामिल लोगों ने सम्राट अशोक के आदर्शों और उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। पूरे मार्ग में अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन भी मुस्तैद नजर आया।

इस अवसर पर डॉ. राधेश्याम कुशवाह, बंटू कुशवाह, लाखन सिंह कुशवाह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और समाजसेवी उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में एकता और प्रेरणा का संदेश फैलता है।

पालीवाल पार्क पर शोभायात्रा के समापन के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने सम्राट अशोक को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# श्री नारायण सेवा समिति की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर मंथन

**समाज जागरण चंदौसी।**

श्री नारायण सेवा समिति (रजि.), चंदौसी की एक आवश्यक बैठक ब्रजनगर स्थित भोलेनाथ भवन में आयोजित की गई, जिसमें समिति के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।



बैठक की शुरूआत करते हुए अध्यक्ष सुभाष चंद्र वार्ष्णेय भोलेनाथ ने कहा कि अपरिहार्य कारणों से पिछले कुछ समय से समिति की गतिविधियां प्रभावित रहीं, लेकिन अब सर्वसम्मति से नए कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर उन्हें प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा।

प्रबंधक हरीश कठेरिया ने जानकारी दी कि अगले माह से समिति की पत्रिका कविशा का प्रकाशन शुरू करने की योजना है, जिसमें चंदौसी व आसपास के क्षेत्रों की प्रतिष्ठित और विभिन्न क्षेत्रों में ख्यातिलब्ध हस्तियों को प्रमुखता दी जाएगी।

डॉ. राजकुमार गोयल ने कहा कि पूर्व में स्थगित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के बाद अब कला प्रतियोगिता का आयोजन बेहतर तैयारी के साथ किया जाना चाहिए। वहीं विपिन बालाजी ने जल संरक्षण को समिति की प्राथमिकता बनाने पर जोर दिया।

पूर्व प्रधानाचार्य एवं मुख्य वक्ता दृगपाल सिंह ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए पौधों और वृक्षों के संरक्षण-संवर्धन के लिए सभी को जागरूक होने का आह्वान किया। डॉ. डी. के. अग्निहोत्री ने कहा कि समिति के कार्यों में सभी सदस्यों की समान और सक्रिय भागीदारी जरूरी है तथा समाजहित में नए-नए कार्य निरंतर किए जाने चाहिए।

इसके अलावा के. जी. गुप्ता, मुकुंद अग्रवाल और श्यामसुंदर दुबे सहित अन्य वक्ताओं ने भी समसामयिक सामाजिक विषयों पर अपने विचार रखे।

बैठक की अध्यक्षता कृष्णगोपाल गुप्ता ने की, जबकि संचालन डॉ. जय शंकर दुबे ने किया।

# गन्ना उत्पादन, पौध तैयार करने और वैल्यू एडिशन में सक्रिय भागीदारी निभाएंगी महिलाएं

**- सीएम योगी के निर्देश पर गन्ना विभाग और यूपीएसआरएलएम के बीच हुआ एमओयू**

**- उत्तर प्रदेश में महिला स्वयं सहायता समूहों के सशक्तीकरण के लिए नई पहल**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 29 मार्च: योगी सरकार ने प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और कृषि आधारित गतिविधियों में उनकी भागीदारी बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गन्ना विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) के बीच हाल ही में एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। अब प्रदेश की आधी आबादी गन्ना उत्पादन, पौध तैयार करने और वैल्यू एडिशन जैसी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएगी।

**गन्ने से जुड़े अन्य उत्पाद बनाने का भी दिया जाएगा प्रशिक्षण**

गन्ना आयुक्त मिनिस्थी एस. ने बताया कि एमओयू का उद्देश्य महिला स्वयं सहायता समूहों को गन्ना आधारित आजीविका से जोड़ना है। इससे न केवल ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि होगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का भी अवसर मिलेगा। प्रदेश में वर्तमान में लगभग 47.5 लाख गन्ना किसान चीनी मिलों को गन्ना आपूर्ति करते हैं। इसमें करीब 2.95 लाख महिला किसान शामिल हैं। इसके अलावा 57 हजार से अधिक महिला किसान 3,000 से ज्यादा महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से गन्ने की उन्नत किस्मों की पौध तैयार करने का कार्य कर रही हैं। ये समूह गन्ने की नई प्रजातियों के तेजी से प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस पहल के तहत महिलाओं को केवल पौध उत्पादन तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उन्हें गन्ने से जुड़े अन्य कार्यों जैसे प्रसंस्करण, जैविक उत्पाद निर्माण, गुड़ और अन्य वैल्यू एडेड उत्पादों के निर्माण में भी प्रशिक्षित और प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ-साथ महिलाओं के लिए नए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

**तकनीकी प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और विपणन पर दिया जा रहा जोर**

गन्ना आयुक्त का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि प्रदेश के समग्र विकास में महिलाओं की भागीदारी अनिवार्य है। इसी सोच के तहत योगी सरकार लगातार महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता दे रही है। चाहे मिशन शक्ति अभियान हो या स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने की योजनाएं, हर स्तर पर महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य है कि महिला स्वयं सहायता समूहों को संगठित कर उन्हें गन्ना क्षेत्र में तकनीकी प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और विपणन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इससे वे न केवल अपनी आय बढ़ा सकेंगी, बल्कि कृषि क्षेत्र में नवाचार और उत्पादकता वृद्धि में भी योगदान देंगी। यह पहल गन्ना उत्पादन प्रणाली में एक सकारात्मक बदलाव ला सकती है। महिला समूहों द्वारा तैयार की जा रही उन्नत किस्मों की पौध से गन्ने की उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों को बेहतर गुणवत्ता का उत्पादन मिलेगा। साथ ही, वैल्यू एडिशन के जरिए उत्पादों का बाजार मूल्य भी बढ़ेगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक समृद्धि आएगी।

# सीएम लोकभवन में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के कार्यक्रम में होंगे शामिल

**- आंगनवाड़ी कार्यकताओं, सहायिकाओं और मुख्य सेविकाओं को देंगे ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस और स्मार्टफोन**

**- नवचयनित आंगनवाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं को देंगे नियुक्ति पत्र, नए आंगनवाड़ी केंद्रों और परियोजना कार्यालयों का करेंगे शिलान्यास व लोकार्पण**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 29 मार्च: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को लोकभवन सभागार में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की महिला सशक्तीकरण, बाल विकास और रोजगार सृजन को नई गति देने वाली कई बड़ी पहल का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ मिशन रोजगार के तहत नियुक्ति पत्र भी वितरित किए जाएंगे।

सीएम योगी आंगनवाड़ी कार्यकताओं को वितरित करेंगे ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की डायरेक्टर सरनीत कौर ब्रोका ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 30 मार्च को लोकभवन के सभागार में 10 आंगनवाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं को ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस वितरित किए जाएंगे। इनमें स्टैडियोमीटर, इन्फैंटोमीटर और मदर एंड चाइल्ड वेटिंग स्केल शामिल हैं। प्रदेश में भर में कुल 1,33,282 स्टैडियोमीटर, 10,553 इन्फैंटोमीटर और 58,237 वेटिंग स्केल वितरित किए जाएंगे, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की निगरानी और अधिक सटीक व प्रभावी हो सकेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा 10 नवचयनित आंगनवाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया जाएगा जबकि 46 जिलों में जनप्रतिनिधियों द्वारा 739 आंगनवाड़ी कार्यकताओं तथा 42 जिलों में 15,203 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।

**स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का किया जाएगा शुभारंभ**

डायरेक्टर ने बताया कि कार्यक्रम में 10 आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन भी वितरित किए जाएंगे। इसके साथ ही प्रदेश में कुल 69,794 कार्यकताओं और मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन वितरित करने की प्रक्रिया का शुभारंभ हो जाएगा। इससे डिजिटल मॉनिटरिंग, डेटा संग्रहण और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री आंगनवाड़ी केंद्र भवनों के नए डिजाइन का भी विमोचन करेंगे, जिसकी लागत लगभग 30.32 लाख रुपये प्रति भवन है। इतना ही नहीं, 13 जिलों में 633 आंगनवाड़ी केंद्रों, 28 जिलों में 71 बाल विकास परियोजना कार्यालयों और 27 जिलों में 69 अन्य केंद्रों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। इन परियोजनाओं पर कुल 1,37,04.29 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। साथ ही 70 जिलों में 2,468 आंगनवाड़ी केंद्रों और 29 जिलों में 69 बाल विकास परियोजना कार्यालयों का लोकार्पण किया जाएगा, जिनकी कुल लागत 3,13,26.31 लाख रुपये है। इन परियोजनाओं से प्रदेश में बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

# यूपी में विकास अब घोषणा नहीं बल्कि परिणाम है, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट साबित हुआ सफल उदाहरण

**- शिलान्यस से उद्घाटनों तक पहुंची यूपी की विकास यात्रा, वर्ष 2017 के बाद से अनेक परियोजनाएं उतरीं धरातल पर**

**- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को साकार करती परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन ने बदली उत्तर प्रदेश की तस्वीर**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 29 मार्च। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व और दृढ़ संकल्प से वर्ष 2017 के बाद विकास की जो कहानी लिखी गई, वह अब केवल योजनाओं तक सीमित न रहकर, जमीन पर दिखने वाले परिणामों में बदल चुकी है। उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार ने बड़े प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास ही नहीं किया, बल्कि तय समय में उनका उद्घाटन कर यह साबित किया कि यूपी में विकास अब घोषणा नहीं, बल्कि परिणाम है। इसका सबसे जीवंत उदाहरण जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन साबित हुआ। इस परियोजना का शिलान्यास 25 नवंबर 2021 को हुआ था और एयरपोर्ट के पहले फेज का उद्घाटन 28 मार्च 2026 को किया गया। यूपी का पांचवां इंटरनेशनल एयरपोर्ट दिल्ली-एनसीआर के बढ़ते हवाई यातायात का दबाव कम करने के साथ पश्चिमी यूपी की विकास यात्रा को नए पंख प्रदान करेगा।

**जेवर और अयोध्या में रिकॉर्ड समय में बना इंटरनेशनल एयरपोर्ट**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के सफल क्रियान्वयन से आज उत्तर प्रदेश केवल घोषणाओं का नहीं, बल्कि धरातल पर उतरने वाली विकास परियोजनाओं का राज्य बन चुका है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर इसका एकमात्र उदाहरण नहीं है। एविएशन क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नौ वर्षों के शासनकाल में अयोध्या में फरवरी 2022 से बनना शुरू हुआ महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा रिकॉर्ड समय में बनकर तैयार हुआ। 30 दिसंबर 2023 में उद्घाटन के बाद इस एयरपोर्ट ने अयोध्या को वैश्विक धार्मिक पर्यटन के नक्शे पर मजबूती से स्थापित किया। वहीं, प्रदेश के एविएशन सेक्टर में 10 मार्च 2024 की तारीख भी अहम रही, जब एक साथ आजमगढ़, अलीगढ़, चित्रकूट, मुरादाबाद और श्रावस्ती के हवाई अड्डों का उद्घाटन किया गया। इससे प्रदेश की क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को नई रफ्तार मिली है।

**पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की मिला सौगात, जल्द पूरा होगा गंगा एक्सप्रेस-वे**

सड़क नेटवर्क और कनेक्टिविटी की बात करें तो सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 14 जुलाई 2018 को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का शिलान्यास हुआ और 16 नवंबर 2021 को इसका उद्घाटन किया गया। इसी क्रम में बुंदेलखंड जैसे पिछड़े क्षेत्र में आर्थिक बदलाव की नई उम्मीद साबित हुआ। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की आधारशिला फरवरी 2020 में रखी गई थी और जुलाई 2022 में इसे जनता को समर्पित किया गया। यही नहीं, पश्चिम से पूर्व यूपी को जोड़ने वाला राज्य का सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट गंगा एक्सप्रेसवे भी 18 दिसंबर 2021 को बनना शुरू हुआ है, जिसका उद्घाटन भी जल्द ही होने वाला है।

**देश की पहली रैपिड रेल, दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस का हुआ शुभारंभ**

प्रदेश में रैपिड रेल और मेट्रो परियोजनाओं की बात करें तो देश की पहली रैपिड रेल नमो भारत, दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस का शिलान्यास 8 मार्च 2019 को हुआ था। इसके पहले खंड का शुभारंभ 2023 में ही हो गया था, जबकि फरवरी 2026 तक यह पूरी तरह संचालित होने लगी है। इसी क्रम में 7 दिसंबर 2020 को आगरा मेट्रो की नींव रखी गई और मार्च 2024 में इसका उद्घाटन हुआ। वहीं, 22 फरवरी 2026 को मेरठ मेट्रो का शुभारंभ हुआ, जिसने शहरी परिवहन को नई पहचान दी।

**यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में बन रही है ब्रह्मोस मिसाइल**

औद्योगिक और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करते हुए वर्ष 2019 में यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) की नींव रखी गई और वर्ष 2023 से इसका संचालन शुरू हो गया। इसके तहत कानपुर में दक्षिण एशिया के सबसे बड़े गोला-बारूद और मिसाइल संयंत्र अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस में फरवरी 2024 से उत्पादन कार्य शुरू हो चुका है। वहीं, प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल प्रोडक्शन यूनिट का उद्घाटन मई-जून 2025 में हुआ। वर्तमान में यूपीडीआईसी के छह नोड्स अलीगढ़, आगरा, कानपुर, लखनऊ, झांसी और चित्रकूट में लाखों करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है और रक्षा उत्पादों का निर्माण हो रहा है।

**योट्टा डेटा सेंटर और सैमसंग मोबाइल फैक्ट्री लाए आईटी क्रांति**

डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में सहायक ग्रेटर नोएडा में संचालित हीरानंदानी ग्रुप का योट्टा डेटा सेंटर डिजिटल सेवाओं और क्लाउड स्टोरेज में एशिया के बड़े डेटा केंद्र के रूप में स्थापित हुआ है। इसका शिलान्यास वर्ष 2019 में किया गया था, जिसमें उत्पादन 2022 में शुरू हो गया था। इसी क्रम में जुलाई 2018 में नोएडा में सैमसंग मोबाइल फैक्ट्री के उद्घाटन से आज यूपी देश में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में नंबर वन बन चुका है। यही नहीं, नोएडा, जेवर में जल्द ही सेमीकंडक्टर फैक्ट्री का उत्पादन शुरू होने वाला है, जो यूपी को सेमीकंडक्टर हब के रूप में नई पहचान प्रदान करेगा, साथ ही आईटी सेक्टर में निवेश और रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करेगा।

**अयोध्या में राम मंदिर और काशी-विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण से बढ़ा देश का गौरव**

विरासत से विकास के विजन को साकार करते हुए उत्तर प्रदेश में धार्मिक और सांस्कृतिक परियोजनाओं का विकास भी ऐतिहासिक बन चुका है। इस क्रम में 13 दिसंबर 2021 को काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन से वाराणसी में तीर्थयात्रियों के अनुभव को पूरी तरह बदल दिया गया है। वहीं, 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या वैश्विक धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर उभरकर सामने आई है। साथ ही, योगी सरकार के प्रयासों से प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थलों के लिए तीर्थ विकास परिषद का निर्माण कर उनका विकास किया जा रहा है। इसके अलावा प्रदेश में 100 से अधिक प्राचीन विरासत के मंदिरों का जीर्णोद्धार किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को साकार करती इन परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन ने वर्तमान में उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल दी है। बेहतर कनेक्टिविटी, बढ़ते निवेश, नए रोजगार और पर्यटन के विस्तार ने उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य की श्रेणी से निकालकर देश की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल कर दिया है। यही नहीं, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री के वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनामी के विजन को साकार करने की दिशा में तेज गति से बढ़ रहा है।

# आजीविका के लिए संघर्ष करने वाली महिला ने दुग्ध उत्पादन से दो साल में कमाए 67 लाख

लखनऊ, 29 मार्च : कभी आजीविका के लिए संघर्ष करने वाली सोनभद्र की विनीता आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही महिला सशक्तीकरण की योजनाओं के सहारे सफलता का नया चेहरा बनकर उभरीं हैं। दुग्ध उत्पादन को आजीविका का आधार बनाकर उन्होंने सिर्फ दो वर्षों में 67 लाख रुपये की कमाई की और यह साबित कर दिया कि सही सरकारी सहयोग, बाजार और मेहनत मिल जाए तो गांव की महिलाएं भी आर्थिक समृद्धि की नई कहानी लिख सकती हैं। काशी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से जुड़कर उन्होंने न सिर्फ अपनी जिंदगी बदली, बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र की महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। आज वे परिवार संभालने के साथ ही बच्चों को बेहतर शिक्षा भी उपलब्ध करा रही हैं।

**पहले निजी डेयरियों पर थी निर्भरता**

स्नातक तक पढ़ीं विनीता 14 सदस्यीय संयुक्त परिवार की जिम्मेदारी निभा रही थीं। पति अविनाश के साथ मिलकर वे 10-12 पशुओं के जरिए कार्य करती थीं, लेकिन निजी डेयरियों पर निर्भरता के कारण उन्हें समय पर और उचित मूल्य नहीं मिल पाता था। इससे आय सीमित थी।

**संघर्ष से निकली उम्मीद की राह**

दिन-रात मेहनत के बावजूद जब हालात नहीं बदले, तब विनीता ने काशी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी से जुड़ने का फैसला किया। इससे उन्हें उचित मूल्य, समय पर भुगतान और प्रशिक्षण की सुविधा मिली। यही वह मोड़ था, जिसने उनके जीवन को नई दिशा दी।

**दो साल में बनीं लखपति दीदी**

विनीता ने वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाया। पशुओं की संख्या बढ़ाई और उत्पादन में बड़ा इजाफा किया। आज उनके पास 40 से अधिक दुधारू पशु हैं और वे लखपति दीदियों में शामिल हो चुकी हैं। महज दो वर्षों में 67 लाख रुपये की आय अर्जित कर उन्होंने ग्रामीण महिला सशक्तीकरण का नया उदाहरण पेश किया है।

**हजारों महिलाओं के लिए बनीं प्रेरणा**

काशी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी पूर्वांचल के सात जिलों में 46 हजार से अधिक महिलाओं को रोजगार और सशक्तीकरण से जोड़ रही है। विनीता कहती हैं कि काशी मिल्क और स्वयं सहायता समूह ने मुझे न केवल आर्थिक मजबूती दी, बल्कि जीवन जीने का नया नजरिया भी दिया।

**योजनाओं का जमीनी असर**

योगी सरकार की महिला सशक्तीकरण और आजीविका से जुड़ी योजनाओं का असर अब गांवों में साफ दिख रहा है। विनीता जैसी महिलाएं न केवल अपने परिवार को बेहतर जीवन दे रही हैं, बल्कि समाज में बदलाव की अगुआ बन रही हैं।

# कन्या सुमंगला योजना: अमेठी की स्नातक की 23 छात्राओं को आखिरी किश्त जारी

**- सरकार की पहल से बेटियों को मिली नई उड़ान**

**- बदलती सोच, मजबूत कदम: आर्थिक सहयोग से सशक्त अमेठी की बेटियां**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 29 मार्च: उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी कन्या सुमंगला योजना आज बेटियों के भविष्य को मजबूत बनाने का सशक्त माध्यम बन चुकी है। इसी कड़ी में अमेठी जिले की 23 छात्राओं को स्नातक स्तर पर प्रवेश लेने के बाद योजना की अंतिम किश्त जारी की गई, जिससे उनके सपनों को नई दिशा और मजबूती मिली है। इन छात्राओं के लिए यह सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। पहले जहां कई परिवार आर्थिक तंगी के कारण बेटियों की पढ़ाई बीच में ही रुकवा देते थे, वहीं अब इस योजना ने उनकी सोच को बदल दिया है। आज वे बेटियां उच्च शिक्षा की ओर बढ़ते हुए अपने परिवार और समाज के लिए प्रेरणा बन रहीं हैं।




**शिक्षा के हर पड़ाव पर साथ: जन्म से स्नातक तक सरकार का सहयोग**

कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटियों को उनके जीवन के महत्वपूर्ण शैक्षिक चरणों पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। जन्म से लेकर स्नातक स्तर तक 6 चरणों में दी जाने वाली इस राशि को 2024-25 में इसे बढ़ाकर 25,000 कर दिया गया है, जो सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजी जाती है। इस पहल का उद्देश्य न केवल बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करना है, बल्कि परिवारों पर आर्थिक बोझ कम कर उन्हें बेटियों के उज्ज्वल भविष्य में निवेश के लिए प्रेरित करना भी है।

**बदलती सोच, सशक्त होती बेटियां**

अमेठी की इन 23 छात्राओं की सफलता इस बात का प्रमाण है कि जब सही समय पर सही सहायता मिलती है, तो बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहतीं। अब ये छात्राएं अपने करियर को लेकर अधिक जागरूक हैं और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहीं हैं। परिवारों में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है जहां पहले बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता नहीं दी जाती थी, वहीं अब यह सोच बदली है और बेटियों को पढ़ने और आगे बढ़ने के लिए सरकार की तरफ से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**योगी सरकार की पहल से बेटियों के सपनों को मिल रहा संबल**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चलाई जा रही कन्या सुमंगला योजना बेटियों को सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो रही है। कन्या सुमंगला योजना ने न केवल आर्थिक सहायता प्रदान की है, बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा दिया है। अमेठी की इन 23 बेटियों की कहानी यह संदेश देती है कि यदि अवसर और सहयोग मिले, तो हर बेटी अपने सपनों को साकार कर सकती है। यह योजना केवल एक आर्थिक मदद नहीं, बल्कि एक मजबूत, शिक्षित और आत्मनिर्भर समाज की नींव है।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश में विकास की नई धारा शुरू

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**
पश्चिमी उत्तर प्रदेश में विकास की नई धारा शुरू हो चुकी है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लोकार्पण के साथ ही अब विकास का दायरा नोएडा और गुरुग्राम से आगे बढ़कर शामली सहित आसपास के जनपदों तक पहुंचता नजर आ रहा है। इसका सीधा असर आने वाले समय में जनपद शामली के आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक ढांचे पर देखने को मिलेगा।
जेवर एयरपोर्ट के संचालन से पश्चिमी यूपी में एक नया विकास गलियारा तैयार होगा, जिसमें शामली एक अहम कड़ी के रूप में उभरेगा। बेहतर कनेक्टिविटी के कारण यह जिला निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा और यहां विकास गतिविधियों को गति मिलेगी। शामली पहले से ही सड़क मार्गों और राष्ट्रीय राजमार्गों से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। दिल्ली-सहारनपुर कॉरिडोर और आसपास के एक्सप्रेसवे से कनेक्टिविटी होने के कारण अब एयरपोर्ट जुड़ने से यह क्षेत्र लॉजिस्टिक्स हब के रूप में तेजी से विकसित हो सकता है। माल ढुलाई आसान और तेज होने से व्यापार को नई दिशा मिलेगी। कृषि अधिकारी प्रदीप यादव ने बताया कि गन्ना उत्पादन के लिए पहचान रखने वाला शामली अब कृषि क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयों को छू सकता है। एयर कार्गो सुविधा के माध्यम से किसान अपने उत्पादों को सीधे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक भेज सकेंगे। इससे उन्हें बेहतर मूल्य मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी।
किसान धीरे-धीरे आधुनिक और निर्यात उन्मुख खेती की ओर अग्रसर होंगे। उद्यमी अंकित गोयल ने बताया कि जनपद के ह्यवन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत आने वाले उत्पाद रिम एंड एक्सल तथा लोहकला उत्पाद अब वैश्विक बाजार तक पहुंच बना सकेंगे। इससे स्थानीय कारीगरों, लघु उद्योगों और उद्यमियों को बड़ा मंच मिलेगा और उनके उत्पादों की पहचान मजबूत होगी।

# मेपल्स एकेडमी का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) शहर के मेपल्स एकेडमी में रविवार को कक्षा 5 से 11 तक की वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में खुशी का माहौल रहा और विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी प्रसन्नता जताई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक मुकेश संगल और प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों की सराहना करते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया। घोषित परिणाम के अनुसार कक्षा 5 में अथर्व, नवनीत और अभिनव चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कनक व प्रज्ज्वल द्वितीय तथा वैदिक, वासुदेव, ध्रुव खेवाल व ऋषभ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 4 में वेदिका, अक्षिका व आरव प्रथम,



आशीष, देवांश व वर्णिका द्वितीय तथा अनंत, अवी, आदित्य मलिक, मानू, सत्या व वंश रीठालिया तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 7 में परिधि मलिक, विहान, हार्दिक शर्मा व आनिया मलिक प्रथम, वैभव प्रताप सिंह द्वितीय तथा अविक बलियान तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 8 में अक्षिता शर्मा व चेतना प्रथम, अंश चौधरी, यशर खान, वंश शर्मा व तन्वी द्वितीय तथा छवि, दीपांशु, हीना व ईशिका तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 9 में तेजस्वी व वेदांशी पंवार द्वितीय तथा वंश मलिक तृतीय स्थान पर रहे। वहीं कक्षा 11 में नीतिक्षा तरार प्रथम, रुद्राक्षी पंवार द्वितीय व नीरू तृतीय स्थान पर रहीं।
कक्षा 11 में नरोत्तम प्रथम, सना द्वितीय व अनुष्का जिंदल तृतीय तथा कक्षा 11 में परी गर्ग प्रथम, अवनी चौधरी द्वितीय व तनिष्क पंवार तृतीय स्थान पर रहे।

# अश्विनी त्यागी आठ अप्रैल को जिले के अधिकारियों के साथ करेंगे बैठक

**समाज जागरण शामली। (फुरकान जंग)**
उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति के सभापति अश्विनी त्यागी 8 अप्रैल को जनपद शामली के दौरे पर रहेंगे। अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान वे जिला मुख्यालय पर जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। बैठक को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा सुचारू रूप से की जा सके। बताया जा रहा है कि बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति, योजनाओं के क्रियान्वयन और विनियमन से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि सभी विभाग अपने-अपने बिंदुओं पर पूरी तैयारी के साथ उपस्थित रहें।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की होगी महत्वपूर्ण बैठक

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**
पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की मंत्री परिषद की महत्वपूर्ण बैठक 7 अप्रैल को मथुरा स्थित होटल गोगा गैलेक्सी में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन घनश्याम दास गर्ग करेंगे। घनश्याम दास गर्ग ने बताया कि इस बैठक में व्यापार मंडल आगामी विधानसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी उतारने की विधिवत घोषणा करेगा। साथ ही चुनाव संबंधी रणनीति तय करने के लिए एक कोऑर्डिनेशन कमेटी का गठन भी किया जाएगा, जिसकी कमान संगठन के किसी वरिष्ठ पदाधिकारी को सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि मंत्री परिषद में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से कुल 21 सदस्य शामिल होते हैं, जिनमें शामली से चार, मुजफ्फरनगर से तीन, गाजियाबाद, मुरादाबाद व आगरा से दो-दो तथा संभल, अलीगढ़ और सहारनपुर से एक-एक सदस्य शामिल हैं। बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक जिले से 500 सक्रिय सदस्य बनाने का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। इसके अलावा वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर भी विस्तृत चर्चा कर उनकी तिथियां तय की जाएंगी। बैठक के बाद दूसरे सत्र का आयोजन शाम 4 बजे से 6 बजे तक किया जाएगा। दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद एवं कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल शामिल होंगे।

# चौधरी महावीर सिंह निर्वाल की पुण्यतिथि पर कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) क्षेत्र के गांव सेहटा में चौधरी महावीर सिंह निर्वाल की पुण्यतिथि पर विशाल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न जनपदों व प्रदेशों से पहुंचे खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान विजेता खिलाडियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। रविवार को क्षेत्र के गांव सेहटा स्थित एक कालोनी में चौधरी महावीर सिंह निर्वाल की पुण्यतिथि पर विशाल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रसन्न चौधरी व
अन्तर्राष्ट्रीय पहलवान पिंटू पहलवान ने फीता काटकर किया। इस दौरान सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा



कि खेलों को मनुष्य के जीवन में बडा महत्व होता है। आज की भागदौड वाली जिदंगी में खेलों की ओर युवाओं को जाना चाहिए ताकि वह शारीरिक रूप से भी मजबूत बन सके। इस दौरान विभिन्न जनपदों व प्रदशों से आये खिलाडियों ने कुश्ती में शानदार प्रदर्शन किया। महिला और पुरूष वर्ग में अलग अलग कुश्ती आयोजित की गई थी। विजेता खिलाडियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अशोक पहलवान, संदीप संगल, विपिन गोयल, मुकेश गोयल, राहुल, रामतीर्थ गोयल, कपिल कांबोज, विरेन्द्र विश्वकर्मा, देवानंद गौड, राजीव तोमर, धर्मवीर निर्वाल आदि मौजूद रहे।

# दादरी रैली में शामली से पहुंचे सैकडों सपा कार्यकर्ता

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) समाजवादी पार्टी की दादरी में आयोजित समाजवादी समानता एवं भाईचारा रैली में शामली जनपद से हजारों कार्यकताओं ने भाग लिया। कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में आयोजित रैली में शामिल होने के लिए भारी संख्या में दादरी पहुंचे। रैली में शामिल होने से पूर्व सैकड़ों पदाधिकारी भैंसवाल रोड स्थित सपा जिला कार्यालय पर एकत्र हुए। यहां से प्रोफेसर सुधीर पंवार और पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल ने जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी के नेतृत्व में दर्जनों वाहनों के काफिले



को रवाना किया। काफिले में विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे। कैराना विधानसभा क्षेत्र से भी सैकड़ों कार्यकर्ता सांसद इकरा हसन और नाहिद हसन के नेतृत्व में बसों व कारों से रैली स्थल पहुंचे। उन्होंने यह भी बताया कि अगले माह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का शामली में कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसकी तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी।

# तीन अप्रैल को होगा उत्तर प्रदेश स्टेट जूनियर फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का ट्रायल

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**
24वीं उत्तर प्रदेश स्टेट जूनियर फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए जनपद स्तर पर ट्रायल का आयोजन 3 अप्रैल को सुबह 9 बजे शहीद उधम सिंह स्टेडियम में किया जाएगा। एथलेटिक्स संघ के सचिव जबर सिंह खैवाल ने बताया कि ट्रायल में चयनित खिलाड़ी 8 व 9 अप्रैल को प्रयागराज स्थित पंडित मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय चौंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। ट्रायल में विभिन्न एथलेटिक्स स्पधाएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें 100, 200, 400, 800, 1500, 3000 व 5000 मीटर दौड़, 110 व 400 मीटर हर्डल, 3000 मीटर स्टेबलचेज, पोल वॉल्ट, ऊंची कूद, लंबी कूद, ट्रिपल जंप, गोला फेंक, चक्का फेंक, भाला फेंक, हैमर थ्रो तथा 5000 मीटर रेस वॉक शामिल हैं। चयन ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जिनकी जन्मतिथि 26 अप्रैल 2006 से 27 अप्रैल 2010 के बीच है। प्रतिभागियों को प्रवेश के समय जन्म प्रमाण पत्र, हाईस्कूल की अंकतालिका, दो पासपोर्ट साइज फोटो तथा एथलेटिक्स फेडरेशन का रजिस्ट्रेशन नंबर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

# महिला को गला दबाकर मारने की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**
कैराना।(फुरकान जंग) नगर में बीच सड़क पर युवक ने एक महिला का गला दबाकर सड़क पर पटक दिया। इसके बाद उसे मारने की कोशिश की। आरोपी का वीडियो भी वायरल हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।
क्षेत्र निवासी एक महिला ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। बताया था कि गांव भूरा निवासी इंतजार उस पर बुरी नजर रखता है, जो उसे अश्लील फोटो दिखाकर ब्लैकमेल करता है। 25 मार्च की शाम करीब साढ़े पांच बजे वह चौक




बाजार के पास कलस्यान चौपाल के पीछे वाली गली से जा रही थी। आरोप है कि वहां पहले से खड़े आरोपी इंतजार ने उसे बुरी तरह पीटा तथा नीचे गिराकर उसका गला घोटकर जान से करने का प्रयास किया। शोर–शराबा होने पर वहां पर अन्य लोग आ गए, जिन्होंने उसकी जान बचाई। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार गया। वहीं, आरोपी का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह गला दबाकर महिला को सड़क पर गिराता नजर आ रहा था। रविवार को पुलिस ने आरोपी इंतजार को गिरफ्तार कर लिया, जिसके विरूद्ध अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# तेज रफ्तार बाइक ट्रक से टकराई, दो घायल

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) क्षेत्र के गांव झाल के निकट तेज रफ्तार बाइक सवार युवक का संतुलन बिगडने से बाइक ट्रक से टकरा गई। जिससे बाईक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार को क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी देव अपने साथी गांव लिलौन निवासी विनय के साथ किसी कार्य से बाइक पर सवार होकर बुढाना की ओर जा रहे थे। बताया जाता है कि जब वह शहर



कोतवाली क्षेत्र के गांव झाल के निकट पहुंचे तो बाइक की स्पीड तेज होने के कारण आगे चल रहे ट्रक को देख उनका संतुलन बिगड गया और बाइक ट्रक से जा टकराई। हादसे में दोनों युवक घायल हो गए। घायल युवको की सूचना पाकर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**
कैराना। पुलिस ने किशोरी को ले जाने और दुष्कर्म के मुकदमे में जनपद सहारनपुर निवासी आरोपी को गिरफ्तार किया। गत 22 फरवरी को क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की को ले जाने का मामला सामने आया था। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। बाद में किशोरी को बरामद कर लिया गया था और मुकदमे में दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई थी। रविवार को पुलिस ने उक्त मुकदमे में आरोपी फैसल निवासी गांव हलगोआ थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

# स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा में सख्त दिखे डीएम, लापरवाही पर वेतन रोकने व हटाने के निर्देश

--मैटरनल डेथ की जांच को तीन सदस्यीय कमेटी गठित, खराब प्रगति पर कारण बताओ नोटिस जारी

**समाज जागरण**
शामली। (फुरकान जंग) नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का प्रेजेंटेशन जिला कार्यक्रम प्रबंधक आशुतोष कुमार श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की एजेंडा बिंदुओं के अनुसार समीक्षा करते हुए खराब प्रगति वाले कार्यक्रमों में सुधार के कड़े निर्देश दिए।समीक्षा के दौरान
एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक के बैठक में अनुपस्थित रहने को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने उनका पूरे महीने का वेतन रोकने के निर्देश दिए। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुड़ाना के इंचार्ज डॉ. सलीम की कार्यप्रणाली असंतोषजनक पाए जाने पर उन्हें तत्काल हटाने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए गए।
थानाभवन ब्लॉक के ग्राम बाबरी में हुई मैटरनल डेथ के मामले में जिलाधिकारी ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित करते हुए कारण सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। प्रसव पूर्व जांच और टीकाकरण की कम उपलब्धि पर UPHC के चिकित्सक डॉ. दीपांशु को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।बैठक में जिला संयुक्त



चिकित्सालय शामली में आईपी एचएल निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद कार्यदायी संस्था यूपीपी सीएल द्वारा हैंडओवर न किए जाने पर संबंधित संस्था को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांधला, कुड़ाना, थानाभवन तथा UPHC बरखंडी व श्रीपाल विहार पंसारियान में ऑनलाइन पर्ची, आभा आईडी और ईएचआर की कम प्रगति पर एक सप्ताह बाद पुनः समीक्षा बैठक करने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जाएगा, जबकि 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा। सभी विभागों को माइक्रो प्लान के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए गए तथा जिन विभागों ने अभी तक माइक्रोप्लान उपलब्ध नहीं कराया है, उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई। साथ ही प्रचार-प्रसार सामग्री की जांच के लिए जिला पूर्ति अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल कुमार, सीएमएस डॉ. किशोर आहूजा, एसीएमओ डॉ. अश्वनी शर्मा, डॉ. अतुल बंसल सहित समस्त चिकित्सा अधीक्षक और संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# गढ़ीपुख्ता पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 20 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

--ऑपरेशन सवेरा के तहत कार्रवाई, एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**
जनपद में नशे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत थाना गढ़ीपुख्ता पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 110 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 20 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र के निर्देशन में नशे के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला तथा क्षेत्राधिकारी थानाभवन के पर्यवेक्षण में यह



कार्रवाई की गई। रविवार को थाना गढ़ीपुख्ता पुलिस टीम ने ग्राम पलठेड़ी निवासी ईनाम पुत्र महबूब को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार, आरोपी के कब्जे से 110 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना गढ़ीपुख्ता में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब आरोपी के नेटवर्क की जांच करते हुए उसके फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक खंगाल रही है, ताकि इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचा जा सके।इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक सत्यवीर सिंह, हेड कांस्टेबल संजय कुमार, हेड कांस्टेबल पिंटू कुमार और कांस्टेबल तरुण प्रताप की टीम शामिल रही।पुलिस ने जनपद के नागरिकों से अपील की है कि नशे के खिलाफ इस अभियान में सहयोग करें और समाज को नशामुक्त बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं।

# युवक के साथ मारपीट में मुकदमा

**समाज जागरण**
कैराना। युवक के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। गांव भूरा निवासी आरिज ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि 20 मार्च की रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपने ताऊ जाबिर के घर जा रहा था। आरोप है कि जैसे ही वह मंदिर के पास पहुंचा, तो वहां पर गांव का ही अहसान, सुफियान, उस्मान और एक अन्य अज्ञात लोहे की हथौड़ी में गंधक डालकर पटाखे छुड़ा रहे थे। उसने रास्ता देने को कहा, तो गाली–गलौज करते हुए मारपीट की गई। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ------ मौत का सौदागर मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार,पुलिस ने भेजा जेल

**समाज जागरण**
थानाभवन (फुरकान जंग )। मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत थानाभवन पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 178 ग्राम अवैध चरस बरामद की है।पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र के निर्देशन में चल रहे इस विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी थानाभवन के पर्यवेक्षण




में रविवार को थाना थानाभवन पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त राजा पुत्र शब्बीरा निवासी मोहल्ला गंगा आर्यनगर, कस्बा जलालाबाद, थाना थानाभवन जनपद शामली है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से कुल 178 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना थानाभवन पर एनडीपीएस अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा अभियुक्त के अवैध मादक पदार्थ कारोबार से जुड़े आगे-पीछे के नेटवर्क (फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंक) की जांच की जा रही है, जिससे इस तस्करी में शामिल अन्य लोगों की भी जानकारी जुटाई जा सके।इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक रणपाल सिंह, हेड कांस्टेबल जर्रार अहमद एवं कांस्टेबल अनिल कुमार की अहम भूमिका रही।

# गंगा स्वच्छता पखवाड़ा में बच्चों ने दिया स्वच्छता का संदेश

--रैली निकालकर किया श्रमदान, उत्कृष्ट विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग)नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत जिला गंगा समिति की अगुवाई में नगर पंचायत जलालाबाद के सहयोग से प्राथमिक विद्यालय नंबर-2 जलालाबाद में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला परियोजना अधिकारी डॉ. सोनू कुमार के निर्देशन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों को नदियों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय महत्व की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को जैव विविधता संरक्षण, जल स्वच्छता और भविष्य के लिए जल संरक्षण के उपायों से अवगत कराया। जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चित्रकला प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लघु नाटक और नृत्य नाटिका



का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए गंगा सहित अन्य नदियों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथियों द्वारा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मेधावी छात्रों और सफाई नायकों को टी-शर्ट वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय से कृष्णा नदी तक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें बच्चों, शिक्षकों, सफाई कर्मियों व नागरिकों ने भाग लिया। रैली के बाद कृष्णा नदी के किनारे सफाई अभियान चलाकर सभी ने श्रमदान किया और स्वच्छता का संदेश दिया।इस अवसर पर क्षेत्रीय वनाधिकारी ऊन रेंज कृष्णकांत चक्रवर्ती, पर्यावरण प्रेमी मुस्तकीम मल्लाह, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत जलालाबाद जयबीर शर्मा, विद्यालय प्रधानाचार्य, सभासद, सफाई नायक व कर्मी सहित विजय कुमार, मनीष, मुकेश, कमल, विनीत समेत अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का

# निगोहा में गैस संकट का असर ---- रेस्टोरेंट में लकड़ी की भट्ठी, उपभोक्ताओं को केवाईसी में परेशानी. .

**समाज जागरण**
**लखनऊ संवाददाता**
निगोहा, लखनऊ। निगोहां क्षेत्र में इन दिनों गैस संकट का असर साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। जहां एक ओर व्यावसायिक प्रतिष्ठान काम चलाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाओं का सहारा लेने को मजबूर हैं, वहीं आम उपभोक्ताओं को भी गैस सिलेंडर लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।निगोहा स्थित क्लासिक स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट के मालिक ने बताया कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी के चलते पिछले कई दिनों तक इंतजार किया गया, लेकिन स्थिति सामान्य न होने पर काम प्रभावित होने लगा। रेस्टोरेंट में कार्यरत कारीगरों को नियमित वेतन देना पड़ता है, ऐसे में काम पूरी तरह बंद करना संभव नहीं था। मजबूरी में अब लकड़ी की भट्ठियों का सहारा लिया जा रहा है और फिलहाल उसी पर खाना तैयार किया जा रहा है।गैस की कमी के कारण रेस्टोरेंट में फास्ट फूड के सभी आइटम अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए हैं और केवल सामान्य भोजन ही ग्राहकों को उपलब्ध कराया जा रहा है। स्टाफ के अनुसार, संकट को देखते हुए दाम बढ़ाने की सलाह दी गई थी, लेकिन मालिक ने ग्राहकों के हित में पुराने रेट पर ही भोजन उपलब्ध कराने का फैसला लिया। इस निर्णय



की ग्राहकों द्वारा सराहना की जा रही है।वहीं दूसरी ओर, गैस एजेंसी स्तर पर भी उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निगोहा की फूलमती और अघइया गांव की अंबिका करीब दो साल बाद गैस सिलेंडर लेने एजेंसी पहुंचीं, जहां उन्हें केवाईसी प्रक्रिया अनिवार्य होने की जानकारी दी गई। दोनों महिलाओं ने केवाईसी प्रक्रिया पूरी कराई, लेकिन इसके बावजूद शनिवार को दोबारा एजेंसी पहुंचने पर उनकी गैस बुकिंग नहीं हो पा रही थी। मामला सामने आने पर एजेंसी संचालक रामू सैनी ने तत्परता दिखाते हुए कर्मचारियों को निर्देश दिए, जिसके बाद दोनों महिलाओं की समस्या का समाधान कराया गया।क्षेत्र में गैस आपूर्ति और प्रक्रियागत समस्याओं को लेकर लोगों में चिंता बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही स्थिति सामान्य नहीं हुई तो इसका असर आम जनजीवन और व्यापार दोनों पर और अधिक पड़ेगा।

# हजारों समर्थकों के साथ रवि बैसला दादरी रैली के लिए रवाना

## उत्तर प्रदेश में भाईचारा बनाना ही पहली प्राथमिकता

**समाज जागरण चांदीनगर।** दादरी में आयोजित सपा प्रमुख अखिलेश यादव की जनसभा में पहुंचने के लिए भागौट निवासी रवि बैसला हजारों समर्थकों के साथ रैली के लिए रवाना हो गये।रवि बैसला ने कहा कि आगामी चुनाव के बाद समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है, जिससे भाईचारा कायम होगा और गरीबों, किसानों, मजदूरों के हित के लिए कार्य होगा। दादरी गौतमबुद्ध नगर में रविवार को सद भावना भाईचारा रैली का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव भाग लेंगे और एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। रवि बैसला ने कहा कि जहां गरीबों, मजदूरों और किसानों पर अत्याचार हो रहे हैं,



उसके खिलाफ समाजवादी पार्टी आवाज उठाती रही है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के साथ समाजवादी पार्टी की सरकार होगी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। रैली में जिला अध्यक्ष रविन्द्र देव, काशी प्रधान, लीलू प्रमुख, योगेन्द्र बैसला, जय भाटी प्रधान, शिवदत्त शर्मा, विकास, नरेन्द्र, आदि मौजूद रहे।

# एम अल अमन बसौद में वार्षिकोत्सव पर मेधावी हुए सम्मानित

**समाज जागरण बागपत।** जनपद बागपत के गाँव बसौद में एम अल अमन स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सतत मुल्यांकन करके बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सुमैरा, आहिल, सादान, अदब,यशीका, सायना, अरमिश, रूपाली, कुलसुम, इफरा ने प्रथम स्थान तथा फलक, जियान, चांदनी, उजेफ,अमन,अरीफा वकार, सादिया , शिफा ,अलीशा द्वितीय स्थान एवं अलीशा, अरसन,अरहान, आतिफ ,जिया,अबूहुरैरा,अलीजा, कुनाल, आरिस,निहाल तृतीय स्थान पर रहे। सभी 40 मेधावियों को स्मृति चिन्ह व स्टडी मैटेरियल देकर प्रोत्साहित किया गया। मुख्य अतिथि डा शमशाद, दिलशाद अली व मास्टर युवराज ने सभी बच्चों को लगन व मेहनत से पढने की सलाह देकर शिक्षा के महत्व को बताया और




मास्टर सत्तार अहमद का शिक्षा के क्षेत्र में योगदान की सराहना की। अतिथियों व अभिभावकों को भी स्मृति चिन्ह भेंट किये गये।कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेन्द्र शास्त्री व संचालन मास्टर समीर सत्तार अहमद ने किया। मास्टर आदिल ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अध्यापिका समर, तरन्नुम, आंचल, सपना, मैहरूनिशा, भारती,रोमिश,रूबी त्यागी का मुख्य सहयोग रहा। इस अवसर पर इदरीश प्रधान, शौकत, सोहन पाल, दिलशाद, डा शमसाद, आस मौ, दीन मौ, धान सिंह, खालिद, फजर मौ, छुवारी देवी, असगर अली, इरफान अली आदि मौजूद रहे।

# पेट्रोल डीजल लेने के लिए पम्प पर लगी भीड़, किसान परेशान

**समाज जागरण**

चांदीनगर। पेट्रोल डीजल के लिए लोगो में अफरा तफरी का माहौल है। रटौल पेट्रोल पम्प पर लेने लेने के लिए भीड़ लगी रही, जिससे सबसे ज्यादा परेशानी किसानों को हो रही है। खेती करने वाले किसान भी डीजल कम मिलने से परेशान है। ईरान अमेरिका- इजराइल युद्ध के चलते पेट्रोल पम्पो पर तेल लेने



के लिए लोगो की भीड़ जमा होने लगी है। पांच दिन बाद रटौल पेट्रोल पम्प पर तेल पहुंचा, जहां तेल लेने के लिए लोगो की भीड़ इक्ठ्ठा हो गयी। जबकि खैला मोड़, पांची, धोली प्याऊ के समीप पेट्रोल पम्प खाली पड़े हैं और लोग परेशान है। किसान महेश, मुज्जकिर आदि ने बताया कि सरसो और गैंहू की फसल पकने वाली है। खेत खाली होने और खेतो की जुताई, से लेकर गैंहू की फसल निकालने में ट्रेक्टर का प्रयोग होगा। पेट्रोल पम्प पर डीजल कम दिया जा रहा है, जिससे परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# धूमधाम के साथ मनाया गया हाउस ऑफ हैप्पीनेस प्रीस्कूल का वार्षिकोत्सव

**समाज जागरण बागपत।** हाउस ऑफ हैप्पीनेस प्रीस्कूल, रोहिणी सेक्टर 11,दिल्ली द्वारा वार्षिक उत्सव एवं ग्रेजुएशन समारोह का भव्य आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना समीक्षा सुनीता गुप्ता रही, जिनकी मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में सुमित वर्मा स्कूल यात्रा, सीनियर जर्नलिस्ट विपुल जैन, जुनैद खान एक्टर, पूजा सभरवाल प्रिंसिपल तथा डॉ लकी कश्यप नटराज आर्ट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। सभी अतिथियों ने बच्चों के आत्मविश्वास, प्रतिभा और प्रस्तुति की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल





भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की कोरियोग्राफी प्रसिद्ध कोरियोग्राफर पारुल वर्मा (पॉल सर)द्वारा की गई, जिनके निर्देशन में बच्चों ने बेहतरीन और आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। इस अवसर पर बच्चों के ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन भी किया गया, जिसमें नन्हे विद्यार्थियों को सम्मान पूर्वक प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। स्कूल की प्रिंसिपल श्वेता गुप्ता ने कहा कि हाउस ऑफ हैप्पीनेस प्रीस्कूल एक अग्रणी शिक्षण संस्थान है, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देता है। यहाँ शिक्षा के साथ-साथ रचनात्मकता, आत्म विश्वास और संस्कारों का समावेश कर बच्चों को एक मजबूत भविष्य के लिए तैयार किया जाता है।

# भाजपा का बागपत विधानसभा का मंडल प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

## कार्यकताओं को पार्टी की विचारधारा और बूथ प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षित किया गया

**समाज जागरण** बागपत । बागपत विधानसभा का मंडलस्तरीय प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य कार्यकताओं को पार्टी की विचार धारा, गौरवशाली इतिहास और बूथ प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षित करना था। शहर के सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में विधानसभा के चारों मंडलों में कुल 28 सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में, कार्यकताओं को संगठन विस्तार और जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार का पाठ पढ़ाया गया। जिला महामंत्री व कार्यक्रम जिला अभियान संयोजिका सरिता चौधरी ने बताया कि दो दिन चले एक मंडल में 7 सत्र हुए। जिसमें जनप्रतिनिधि सहित जिला स्तर के पदाधिकारीयों



ने मंडल स्तर के कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया। विधायक योगेश धामा ने सरकार की उपलब्धियों एवं क्रियान्वयन के बारे में बताया, जबकि जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा व जिला महामंत्री एडवोकेट बिजेंद्र शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के इतिहास के बारे में बताया। पूर्व विधायक लोकेश दीक्षित व जिला उपाध्यक्ष निशांत चौधरी ने कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि के बारे में बताया। पूर्व जिलाध्यक्ष सुदेश चौहान द्वारा कार्य पद्धति के बारे में बताया गया। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष डॉक्टर कुलप्रकाश ने बूथ प्रबंधन के बारे में बताया।किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव चौधरी ने कार्य विस्तार के बारे में बताया। जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा ने सोशल मीडिया एआई, नमो ऐप और सरल ऐप के बारे में बताया। सरिता चौधरी ने बताया कि बड़ौत विधानसभा का मंडल प्रशिक्षण वर्ग 31 मार्च से 1 अप्रैल तक बड़ौत के गायत्री देवी कॉलेज में लगेगा। वहीं छपरौली विधानसभा का प्रशिक्षण वर्ग 12 से 13 अप्रैल तक सर्वोदय स्कूल गांव माजरा में लगेगा।

# किसानों ने रालोद नेता सुखबीर सिंह गठिना को सौपा ज्ञापन

**समाज जागरण बागपत।** दिल्ली-देहरादून हाइवे के भूमि अधिग्रहण पीड़ित किसानों के एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा भूमि अधिग्रहण संबंधित सकारात्मक रिपोर्ट रालोद के राष्ट्रीय



महासचिव चौधरी सुखबीर सिंह गठिना को देकर समस्या के निस्तारण की मांग की गई।सुखबीर सिंह गठिना द्वारा आश्वासन दिया गया कि वह संबंधित भूमि अधिग्रहण रिपोर्ट को लेकर जल्द ही जयंत चौधरी से मिलकर किसानों को नियमानुसार मुआवजा दिलवाया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान नीरज पंडित मनोज आर्य मास्टर विजयपाल विनोद चेयरमैन मनोज चेयरमैन प्रहलाद डायरेक्टर चौधरी रिशिपाल प्रहलाद सभासद नीरज चौधरी नीरज राजपूत सचिन राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# मन की बात की 132वीं कड़ी में प्रधानमंत्री के सम्बोधन का मूल पाठ (29.03.2026)

मन की बात में एक बार फिर आप सभी का स्वागत है। मार्च का ये महीना, वैश्विक स्तर पर बहुत ही हलचल भरा रहा है। हम सबको याद है कि पूरा विश्व भूतकाल में कोविड के कारण एक लंबे समय तक अनेक समस्याओं से गुजरा था। हम सभी की अपेक्षा थी कि कोरोना के संकट से निकलने के बाद दुनिया नए सिरे से प्रगति की राह पर आगे बढ़ेगी। लेकिन, दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार युद्ध और संघर्ष की परिस्थितियाँ बनती चली गईं। वर्तमान में हमारे पड़ोस में एक माह से भीषण युद्ध चल रहा है। हमारे लाखों परिवारों के सगे-संबंधी इन देशों में रहते हैं, खासतौर पर खाड़ी देशों में काम करते हैं। मैं Gulf Countries का बहुत आभारी हूँ, वे ऐसे एक करोड़ से ज्यादा भारतीयों को वहाँ पर हर प्रकार की मदद दे रहे हैं।

साथियो,जिस क्षेत्र में अभी युद्ध चल रहा है, वह क्षेत्र हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा केंद्र है। इसकी वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। हमारे वैश्विक संबंध, अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में देश का जो सामर्थ्य बना है, इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है। साथियो, निश्चित तौर पर यह चुनौतीपूर्ण समय है। मैं आज ह्यमन की बात के माध्यम से सभी देशवासियों से फिर यह आग्रह करूंगा कि हमें एकजुट होकर इस चुनौती से बाहर निकलना है। जो लोग इस विषय पर भी राजनीति कर रहे हैं, उन्हें राजनीति नहीं करनी चाहिए। यह देश के 140 करोड़ देशवासियों के हित से जुड़ा विषय है, इसमें स्वार्थ भरी राजनीति का कोई स्थान नहीं है। ऐसे में जो भी लोग अफवाह फैला रहे हैं, वे देश का बहुत बड़ा नुकसान कर रहे हैं। मैं सभी देशवासियों से अपील भी करूंगा कि वो जागरूक रहें, अफवाहों के बहकावे में ना आएं। सरकार की तरफ से जो आपको निरंतर जानकारी दी जा रही है, उस पर भरोसा करें और उसी पर विश्वास करके कोई कदम उठाएं। मुझे हर बार की तरह इस बार भी विश्वास है कि जैसे हमने देश के 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य से पुराने संकटों को हराया था, इस बार भी हम सब मिलकर के इस कठिन हालत से बहुत ही अच्छी तरह बाहर निकल जाएंगे।

# राजपुरा में 6 से 12 अप्रैल तक श्रीमद भागवत कथा का होगा भव्य आयोजन

**समाज जागरण बागपत।** राजपुरा शहर के टीडीआई कॉनॉट एस्टेट में 6 से 12 अप्रैल 2026 तक श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में कथा वाचिका देवी चित्रलेखा जी श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगी। आयोजकों के अनुसार कथा प्रतिदिन सायं 5 बजे से रात 8 बजे तक आयोजित होगी। कार्यक्रम की शुरूआत 5 अप्रैल 2026 को सुबह 10 बजे कलश यात्रा के साथ की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। कथा के दौरान श्रद्धालुओं को श्रीमद भागवत के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से धर्म,भक्ति और जीवन मूल्यों का संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रयागराज गिरी महाराज (बिठाणिया वाले) लाल गिरी महाराज (नलास वाले) की विशेष उपस्थिति भी रहेगी। आयोजकों ने



क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। टीडीआई कनॉट एस्टेट के चेयरमैन रविंद्र तनेजा, एमडी प्रिंस छाबड़ा,एमडी अक्षय तनेजा ने विनम्र निवेदन किया है कि सपरिवार पधारकर कथा का पुण्य प्राप्त करें। टीडीआई परिवार कि तरफ से सुनील काकरान जी ने बताया कि कलश यात्रा दुर्गा मंदिर राजपुरा से टीडीआई कनॉट एस्टेट राजपुरा पहुंचेगी।

# भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा का पैतृक गांव में भव्य स्वागत

## कार्यकताओं और ग्रामीणों ने उत्साह के साथ किया अभिनंदन और सत्कार

**समाज जागरण**

बागपत। भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा का उनके पैतृक गांव फतेहपुर पुट्ठी में भव्य स्वागत किया गया। कार्यकताओं और ग्रामीणों ने उनका अभिनंदन और सत्कार किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा को बड़ौत शहर से उनके पैतृक गांव फतेहपुर पुट्ठी तक जुलूस के रूप में ले जाया गया। जगह-जगह उनका स्वागत और पुष्पवर्षा के साथ अभिनन्दन किया गया। गांव



पहुँचने पर ढोल नगाड़ों के साथ उन्हें कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। नीरज शर्मा ने कहा कि यह उनके लिए काफी भावुक पल है। वे सभी को साथ लेकर चलने और सभी की समस्याओं को प्राथमिकता के तौर पर निस्तारित करने का भरोसा दिलाते हैं। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश की सभी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने और लाभ दिलाने का भी भरोसा दिलाया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सहेंद्र सिंह, पंडित जय भगवान शर्मा, कृष्णपाल शर्मा, अनुज पंडित, रामअवतार शर्मा, पालिका के पूर्व चेयरमैन अमित राणा, प्रवेशदत्त भारद्वाज, अंकुर शर्मा, रमेश पंडित, रविन्द्र प्रधान, मनवीर गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# रक्षा मंत्री ने पश्चिम एशिया की स्थिति और भारत पर उसके असर की समीक्षा के लिए आईजीओएम की पहली बैठक की अध्यक्षता की

श्री राजनाथ सिंह ने कहा - मध्यम से लंबी अवधि की तैयारी का नजरिया अपनाना और तेजी से फैसले लेना जरूरी है रक्षा मंत्री ने कहा - पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार भारतीय लोगों को किसी भी तरह के असर से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है आईजीओएम ने राज्यों और जिला प्रशासन के साथ करीबी तालमेल के महत्व को दोहराया मंत्रालयों और विभागों को अफवाहों, गलत जानकारियों और फेक न्यूज का मुकाबला करने के लिए जानकारी साझा करने का निर्देश दिया गया रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 28 मार्च, 2026 को पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर नजर रखने और वहां हो रहे घटनाक्रमों के जवाब में सक्रिय उपायों की सिफारिश करने के लिए गठित 'मंत्रियों के अनौपचारिक समूह' (आईजीओएम) की पहली बैठक की अध्यक्षता की। नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन-2 में आयोजित इस बैठक में वित्त एवं कारपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण; संसदीय कार्य मंत्री श्री किरेन रिजिजू; पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी; विद्युत मंत्री श्री मनोहर लाल; रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा; उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी; नागर विमानन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू; और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी



राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने भाग लिया।

आईजीओएम ने बदलती स्थिति और भारत के विभिन्न क्षेत्रों पर इसके प्रभाव का समग्र रूप से जायजा लिया। रक्षा मंत्री ने एक सक्रिय, समन्वित और दूरदर्शी दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया और बदलते परिदृश्य को देखते हुए सतर्क रहने के महत्व को रेखांकित किया। बैठक के हिस्से के तौर पर, सचिवों के सात अधिकार प्राप्त समूहों (ईजीओएस) ने प्रस्तुतीकरण दिए, जिनमें चिह्नित प्रमुख क्षेत्रीय मुद्दों और स्थिति को संभालने के लिए पहले से लागू नीतिगत उपायों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। श्री राजनाथ सिंह ने ईजीओएस को स्थिति की बारीकी से निगरानी जारी रखने, मध्यम से दीर्घकालिक तैयारी का दृष्टिकोण अपनाने, उच्च-स्तरीय समन्वय बनाए रखने और त्वरित निर्णय लेने की प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी नीतिगत प्रयास आपस में तालमेल के साथ होने चाहिए और उन्हें समय-सीमा के भीतर लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित मंत्रियों से रचनात्मक सुझाव भी मांगे कि भारत मजबूत और तैयार बना रहे।

आईजीओएम ने राज्यों और जिला प्रशासनों के साथ करीबी तालमेल की अहमियत को फिर से दोहराया, साथ ही अहम नीतिगत पहलों की जानकारी समय पर जनता तक पहुंचाने पर भी जोर दिया। अलग-अलग उद्योगों पर मौजूदा हालात के असर का आकलन करने की जरूरत पर भी चर्चा की गई।

# केंद्रीय मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने आर के विश्वविद्यालय, राजकोट में विकसित भारत युवा संवाद को संबोधित किया

## राजकोट में आयोजित विकसित भारत युवा संवाद में 1000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया

राज कोट स्थित आरके विश्व विद्यालय में विकसित भारत युवा संवाद प्रेरक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें 1000 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ मनसुख मांडविया उपस्थित हुए और युवा शक्ति को भारत के विकास यात्रा की जिम्मेदारी संभालने के लिए प्रेरित किया। माननीय मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने संवाद का शुभारंभ करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि भारत की युवा आबादी केवल राष्ट्र का भविष्य ही नहीं है,




बल्कि यह आज भी परिवर्तन की दिशा तय कर रही है। उन्होंने युवाओं से नेशन फर्स्ट दृष्टिकोण अपनाने और भारत की विकास यात्रा में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने नेतृत्व में नवीनता की आवश्यकता पर भी बाल दिया और 15 अगस्त 2024 को लाल किले से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के उस आह्वान का स्मरण किया, जिसमें उन्होंने गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले 1 लाख युवाओं को देश की व्यवस्था में सम्मिलित करने की बात कही थी। डॉ मांडविया ने कहा कि नेतृत्व का निर्माण नीयत और कर्म से होता है। उन्होंने युवाओं को आगे बढ़कर सार्वजनिक जीवन में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

युवाओं द्वारा ठोस कदम उठाने के विषय पर बात करते हुए केन्द्रीय मंत्री डॉ मांडविया ने माई भारत पोर्टल mybharat.gov.in) का उल्लेख किया, जो युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जुड़े अवसरों से जोड़ने और सेवा में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करने वाला एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट 2026 युवाओं की आकांक्षाओं को प्रति बिंबित करता है। इसके साथ ही उन्होंने बजट क्वेस्ट जैसी पहलों का उल्लेख किया, जो युवाओं को बजट को समझने की प्रक्रिया में सम्मिलित करती हैं, और विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (वी बी वाई अल डी) के माध्यम से जिम्मेदार और जागरूक युवा नेतृत्व तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने भारत की जड़ों से जुड़े रहने के महत्व पर भी बाल दिया। उन्होंने कहा कि पुरानी सोच को बदलने की आवश्यकता है और धोलावीरा जैसे ऐतिहासिक स्थलों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने विकास भी, विरासत भी के दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया

, ताकि हम अपनी संस्कृति को संजोते हुए प्रगति कर सकें।

# जनता के जबरदस्त उत्साह को देखते हुए भारत ट्राइब्स फेस्ट 2026 को 5 अप्रैल तक बढ़ाया गया

आदिवासी कारीगरों के बाजार पहुंच और आजीविका के अवसरों को बढ़ाने हेतु यह विस्तार किया गया 29 मार्च को आयोजित वन धन सम्मेलन में आदिवासी उद्यमिता को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा जनता के भारी उत्साह और मांग को देखते हुए, जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने टीआरआईएफईडी के सहयोग से चल रहे भारत जनजाति महोत्सव 2026 को 5 अप्रैल, 2026 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय आगंतुकों, हितधारकों और प्रतिभागियों की उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया को दशार्ता है, और इसका उद्देश्य देश भर के आदिवासी कारीगरों, उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के लिए बाजार पहुंच और आजीविका के अवसरों को और मजबूत करना है। नई दिल्ली स्थित सुंदर नर्सरी में आयोजित यह महोत्सव भारत की समृद्ध आदिवासी विरासत को प्रदर्शित करने वाला एक जीवंत राष्ट्रीय मंच बनकर उभरा है। इसमें पारंपरिक शिल्प, हथकरघा, व्यंजन और उद्यम शामिल हैं। इस आयोजन में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। शामिल लोगों में 1,000 से अधिक आदिवासी कारीगर, वन धन विकास केंद्र (वीडीवीके), आदिवासी रसोइये और देश के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले सांस्कृतिक दल हैं। इस महोत्सव में 22 राज्यों के 78 आदिवासी समुदाय (वीडीवीके)), 28 राज्यों के 300 से अधिक कला और शिल्प प्रदर्शक और 21 राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले 30 फूड स्टॉल संचालित करने वाले 120 आदिवासी व्यंजन प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस विस्तार से कारीगरों और उत्पादकों को उपभोक्ताओं के साथ सीधा संपर्क बनाए रखने में मदद मिलेगी, जिससे आदिवासी उत्पादों की बेहतर कीमत और व्यापक दृश्यता सुनिश्चित होगी। साथ ही, इससे आगंतुकों को आदिवासी भारत की विविध सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों का अनुभव करने का विस्तारित अवसर भी मिलेगा।

# थाना रॉबर्ट्सगंज पर अर्दली रूम आयोजित, विवेचनाओं के निस्तारण हेतु दिए गए आवश्यक दिशा - निर्देश

**समाज जागरण, अनिल कुमार अग्रहरि**

सोनभद्र। क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर अर्दली रूम का आयोजन किया गया। अर्दली रूम के दौरान थाना स्तर पर लंबित विवेचनाओं की गहन समीक्षा की गई तथा प्रत्येक प्रकरण की प्रगति का आंकलन करते हुए संबंधित विवेचकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।



क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा समस्त विवेचकों को निर्देशित किया गया कि लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि गंभीर अपराधों से संबंधित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए तथा साक्ष्यों का संकलन विधि सम्मत एवं सुदृढ़ तरीके से किया जाए। अर्दली रूम के दौरान जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण पर विशेष बल दिया गया। साथ ही वांछित/वारंटी अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समय से निस्तारण करने एवं अन्य लंबित प्रकरणों में प्रगति लाने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग करने, अपराधियों पर सतत निगरानी रखने तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए थाना स्तर पर जागरूकता बढ़ाने, पीड़ितों की त्वरित सहायता सुनिश्चित करने तथा संबंधित मामलों में शीघ्र विधिक कार्रवाई करने हेतु भी निर्देशित किया गया। महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महिला संबंधित प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने, मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने एवं महिला हेल्प डेस्क को सक्रिय बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

अंत में क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा सभी पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं अनुशासन के साथ करने हेतु प्रेरित किया गया तथा जनसामान्य के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर पुलिस की छवि को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल दिया गया।

# समाजवादी मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड की मासिक बैठक संपन्न

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी, समाज जागरण**

सोनभद्र। समाजवादी मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड की बैठक को संबोधित करते हुए यूथ के प्रभारी एवं समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रामप्यारे सिंह पटेल एवं समाजवादी यूथ के जिला अध्यक्ष सत्यम पांडे ने कहा कि समाजवादी पार्टी के एक-एक नौजवानों की जिम्मेदारी है कि हम लोग समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें और हर गरीब की समस्याओं को सुनने का काम करें और उनकी समस्याओं को अधिकारियों से मिलकर हल करने





का काम करें क्योंकि समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो हर वर्ग की दुःख दर्द को समझने का काम करती है । भाजपा सरकार केवल पूंजीपतियों की सरकार है उसे गरीब वर्ग के लोगों से कोई लेना देना नहीं है । भाजपा सरकार में महंगाई चरम सीमा पर है। आम जनता पूरी तरह से परेशान है।

भाजपा की केंद्र एवं प्रदेश की सरकार केवल नौजवानों का खून चूसने का काम कर रही है। उसे उनके भविष्य से कोई मतलब नहीं है और जो नौजवान अपनी हक की मांग कर रहा है उसे भाजपा सरकार के इसारे पर अत्याचार किया जा रहा है । जिसे समाजवादी पार्टी का एक ही सिपाही कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। बैठक में समाजवादी मुलायम सिंह की ब्रिगेड के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ओबरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते 07 अभियुक्तगण गिरफ्तार , नगदी व अन्य सामग्री बरामद

**समाज जागरण, अनिल कुमार अग्रहरि**

सोनभद्र। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना ओबरा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 28.03.2026 की रात्रि में थाना ओबरा पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर छापेमारी की गई, जहां 07 अभियुक्तों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान मौके से कुल ₹13,210/- नगद, 52 अदद ताश के पत्ते, 03 मोटरसाइकिल तथा 01 मारुति सुजुकी कार बरामद की गई। बरामदगी के आधार पर थाना ओबरा पर मु0 अ0सं0 63/2026 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण:- 1. राजेश तिवारी पुत्र अमरनाथ तिवारी, निवासी महलपुर, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 48 वर्ष। 2. रविशंकर पुत्र रमाशंकर जायसवाल, निवासी खैरटिया, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, उम्र 38 वर्ष। 3. राजबलि मिश्रा पुत्र त्रिभुवन मिश्रा, निवासी सिन्दूरिया, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र, उम्र 30 वर्ष। 4. अशोक कुमार श्रीवास्तव पुत्र रामलखन लाल श्रीवास्तव, निवासी खैरटिया, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, उम्र 52 वर्ष। 5. मुन्ना तिवारी पुत्र सीताराम, निवासी महलपुर,थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र, उम्र 44 वर्ष। 6. मुन्ना तिवारी पुत्र रमानाथ तिवारी, निवासी महलपुर, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र, उम्र 42 वर्ष। 7. विकास चौहान पुत्र दशरथ चौहान, निवासी सेक्टर 2-II31, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, उम्र 21 वर्ष। थाना ओबरा पुलिस ने बताया कि आगे भी इस प्रकार की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाती रहेगी।

# भाजपा सरकार में मंहगाई बेरोजगारी, बेमिसाल, शंखनाद कर भाजपा सरकार को हटाने का लिया संकल्प

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी, समाज जागरण**

सोनभद्र। चूर्क तिराहे मोड़ पर, समाजवादी पार्टी कार्यकताओं, और ग्रामीण महिलाओं द्वारा, भाजपा सरकार के 9, साल की साकार को झूठा वादा खिलाफी, मंहगाई बेरोज गारी भ्रष्टाचार वाली सरकार बताया गया, प्रदर्शन का नेतृत्व ऊषा कोल ने किया, और कहा कि आज महिलाएं मंहगाई से परेशान हैं, और सिलेंडर की किल्लत और महंगा सिलेंडर, महंगी शिक्षा से आज हम लोग पीछे हो रहे हैं, प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सपा जिला सचिव प्रमोद यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के 9 साल में हत्या, लुट बलात्कार, बढ़ा है, आज जनता, सिलेंडर के लिये लाईन में खड़ी है,




बिजली का कनेक्शन 1000, एक हजार भी है तो काटा जा रहा है, उसके लिऐ भी लाईन में, पेट्रोल डीजल को लेकर लाईन में, लगातार जनता को मंहगाई की आग में झोंका जा रहा है, इस लिऐ आज हम सभी समाजवादी पार्टी कार्यकताओं द्वारा भाजपा सरकार के मंहगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार को लेकर, शंखनाद कर, भाजपा को हटाने का संकल्प लिया गया, मुन्ना प्रजापति ने कहा कि भाजपा सरकार केवल कागजों पर, काम कर रही है, यदि धरातल पर इनका काम देखा जाए तो ये फेल वाली सरकार है, प्रदर्शन में, शांति कोल, उर्मिला भारती सुरेश विश्व कर्मा सरजू बैसवार पुष्पा कोल, आरती गोंड मौजूद रही।

# हजरत मुराद शाह बाबा का सालाना उर्स मुबारक मेला 30 को

**समाज जागरण ब्यूरो**

शाहगंज/सोनभद्र। हजरत बाबा मुराद शाह सालाना उर्स मुबारक मेला आयोजित 30 मार्च 2026 को हर साल की तरह इस साल भी बड़ी ही धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। उर्स कमेटी के सदर अहमद अली, उर्स कमेटी का अहम भूमिका निभाने वाले इरसान खान, अख्तर खान, मुन्ना हाशमी, बाबू हाशमी, सेराज हुसैन, फिरोज खान, नौशाद खान, काजू हुसैन, रईस अहमद, मेराज खान इरफान खान, असलम अंसारी आलम अंसारी, परवेज खान, शमशेर अली, हलीम बाबा, जुसु खान लोगों ने बताया कि बाबा का बहुत ही करम है हिंदू मुस्लिम का प्रतीक देखने को मिलता है उर्स मेला आयोजित स्थल पर अपने-अपने मुरादों को बाबा के मजार पर पहुंचकर दुआएं और मन्नते मांगते हैं। सुबह से ही जायरिनो का आना-जाना लगा रहता है। यह उर्स ऐतिहासिक है। बहुत दूर-दूर से लोग हाजिरी देने पहुंचते हैं। प्रोग्राम। गुसल पोसी शाम को गागर व चादर का महफिले मिलादुन्नबी के बाद रात्रि शानदार कव्वाली का मुकाबला होगा।




# सोनभद्र पुलिस का कड़ा प्रहार: ओवरलोडिंग प्रकरण में 05 अभियुक्त गिरफ्तार, 02 स्कॉर्पियो वाहन सीज

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई। दिनांक 28.03. 2026 को रात्रि लगभग 10:00 बजे एक सफेद स्कॉर्पियो वाहन (UP64AQ4787) में सवार व्यक्तियों द्वारा चेकिंग में लगे अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की गई तथा ओवरलोड वाहनों को छोड़ने हेतु दबाव बनाते हुए धमकी दी गई।

सूचना पर थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त वाहन को रोककर 04 अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार किया गया, जबकि एक अभियुक्त मौके से फरार हो गया। इस संबंध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0 238/2026 धारा 3(5),121(1),351(2) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की



जा रही है। साथ ही प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन को सीज किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तगणः 1. जयदेव पाण्डेय पुत्र अरविन्द पाण्डेय, निवासी प्रभापुरम, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। 2. हिमांशु पुत्र अशोक, निवासी पुसौली, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। 3. विकास सिंह पुत्र राजकुमार सिंह, निवासी पकरी, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। 4. बबलू शुक्ला पुत्र सुदर्शन शुक्ला, निवासी नई बाजार, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। फरार अभियुक्तः राहुल तिवारी पुत्र प्रमोद तिवारी, निवासी (पता अज्ञात)। इसी क्रम में दिनांक 28.03.2026 को रात्रि लगभग 11:15 बजे लोढ़ी टोल प्लाजा के पास उपखनिज से लदे वाहन संख्या UP64BT2221 की चेकिंग के दौरान वाहन ओवरलोड पाया गया। वाहन स्वामी विनोद कुमार सिंह द्वारा स्कॉर्पियो वाहन (UP64AS2100) से मौके पर आकर खनन विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज करते हुए सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की गई।

उक्त प्रकरण में थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0 239/2026 धारा 121 (1), 352 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत कर वाहन स्वामी विनोद कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन (UP64AS2100) को भी सीज किया गया है।

# थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस की त्वरित कार्रवाई: चोरी के मामले में फरार 02 अभियुक्त गिरफ्तार, आभूषण व नगदी बरामद

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। जनपद में चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के पर्यवेक्षण में थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए चोरी के मामले में फरार 02 अभियुक्तों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया गया। थाना रामपुर बरकोनिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0 30/2026 धारा 331(4), 305, 317(2) बीएनएस से संबंधित फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में दिनांक 29.03 .2026 को समय 08:10 बजे मुखबिर की सूचना पर हसुआ नदी पुल के पास ग्राम करवनिया से



दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर उनके कब्जे से एक सोने की अंगूठी, एक जोड़ी चांदी की पायल एवं ₹1500/- नगद बरामद किया गया। पूछताछ के उपरांत आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः 1. अजय कुमार पुत्र रामसूरत, निवासी ग्राम लेड़ुआ, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 22 वर्ष।

2. लवकुश पुत्र महेन्द्र, निवासी ग्राम पड़री कला, थाना पन्नूगंज, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 22 वर्ष।

# थाना पिपरी पुलिस द्वारा 01 किलो 320 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, क्षेत्राधिकारी पिपरी के पर्यवेक्षण में थाना पिपरी पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। दिनांक 28.03.2026 को थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण/चेकिंग के दौरान रेलवे कॉलोनी क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मेराज अंसारी उर्फ कल्लू पुत्र फिरोज अंसारी उर्फ केदार, निवासी वार्ड नं0-01 मलिन बस्ती तुर्रा, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 24 वर्ष बताया। नियमानुसार तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से एक प्लास्टिक के झोले में रखा हुआ 01 किलो 320 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। इस संबंध में थाना पिपरी पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।




# सीएचसी अधीक्षक से दुर्व्यवहार करने वाला प्राइवेट हॉस्पिटल का संचालक गिरफ्तार

**समाज जागरण ब्यूरो**

सोनभद्र। दुद्धी कस्बा के रामनगर मंडी समिति के नजदीक संचालित नेशनल हॉस्पिटल के संस्थापक द्वारा सीएचसी अधीक्षक डॉ शाह आलम से दुर्व्यवहार के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर,जेल भेज दिया। घटना के संबंध में डॉ शाह आलम ने पुलिस को सौंपे गये तहरीर में कहा है कि नशे में धुत नेशनल हॉस्पिटल का संस्थापक अनुज उर्फ अनूप मौर्या निवासी कादल द्वारा 24 मार्च 2026 की रात्रि करीब सवा ग्यारह बजे दुद्धी सीएचसी में पहुंचकर मरीजों को बहला फुसलाकर अपने निजी अस्पताल ले जाने का प्रयास किया जा रहा था। जिसका विरोध ड्यूटी पर तैनात सीएचसी कर्मचारी करने लगे तो अनूप मौर्या कर्मचारियों से गाली-गलौज के साथ मारपीट पर उतर आया।कर्मचारियों ने इसकी सूचना हमें दी तो मैं हॉस्पिटल पहुंचकर उसे समझाने का प्रयास किया। लेकिन उसने मेरे साथ भी अपशब्दों का प्रयोग किया और देख लेने की धमकी देते हुए, मारपीट का प्रयास करने लगा। इससे अस्पताल में भर्ती मरीजों को असुविधा उत्पन्न होने लगी। डॉ आलम ने यह भी कहा है कि गत कई माह से सरकारी कार्य मे बाधा उत्पन्न करते हुए आरोपी अनूप द्वारा मरीजों को बहला फुसलाकर ले जाने का कार्य किया जा रहा है। कुछ माह पूर्व चिकि त्साधिकारी डॉ विनोद के साथ भी उसने अभद्रता व गाली गलौज की थी। जिसकी पहले भी शिकायत की गई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए, आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर, गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया।

# केंद्रीय बजट 2026-27: वैश्विक प्रतिस्पर्धा और प्रगति के लिए एसईजेड का सशक्तिकरण

केंद्रीय बजट 2026-27 में विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) की योग्य विनिर्माण इकाइयों को रियायती दर पर घरेलू शुल्क क्षेत्र में बिक्री की सुविधा प्रदान करने के लिए एक विशेष एकमुश्त उपाय प्रस्तावित किया गया है। ऐसी बिक्री की मात्रा उनके निर्यात के एक निर्धारित अनुपात तक सीमित होगी।

28 फरवरी, 2026 तक भारत में 368 अधिसूचित एसईजेड हैं।

2025-26 (दिसंबर, 2025 तक) में कार्यान्वित एसईजेड से निर्यात 11.70 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो 2024-25 की इसी अवधि की तुलना में 32.02% की बढ़ोतरी है।

विशेष आर्थिक क्षेत्रः भारत के व्यापार एवं निवेश पारिस्थितिकी तंत्र के स्तंभ विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) किसी देश के भीतर नामांकित ऐसे क्षेत्र होते हैं, जो व्यापार एवं निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए एक विशिष्ट नियामक एवं वित्तीय ढांचे के अंतर्गत कार्य करते हैं। अतिरिक्त आर्थिक गतिविधि निर्माण करने, निर्यात को प्रोत्साहन देने, घरेलू एवं विदेशी निवेश आकर्षित करने, रोजगार के अवसर पैदा करने और विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के उद्देश्यों से स्थापित एसईजेड निर्यात-आधारित विकास के इंजन के तौर पर कार्य करते हैं। एसईजेड एक विशेष रूप से सीमांकित शुल्क-मुक्त क्षेत्र है और इसे अधिकृत संचालन के लिए भारत के सीमा शुल्क क्षेत्र से बाहर का क्षेत्र माना जाता है। एसईजेड इकाइयां वस्तुओं के निर्माण, सेवाओं के प्रावधान और मुक्त व्यापार भंडारण क्षेत्रों के माध्यम से भंडारण सेवाएं प्रदान करने के लिए स्थापित की जाती हैं। भारत में, विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) ने आर्थिक परिदृश्य को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मई 2005 में एसईजेड अधिनियम लागू होने के बाद से, इन क्षेत्रों ने निर्यात में बढ़ोतरी को उल्लेखनीय रूप से तेजी प्रदान की है और साथ ही कई क्षेत्रों में औद्योगिक विस्तार को बढ़ावा दिया है। विदेशी मुद्रा कमाने और बुनियादी ढांचे के निर्माण के अलावा, एसईजेड ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार निर्माण, नए व्यावसायिक पारिस्थितिकी तंत्र के उद्गमन और बेहतर सामाजिक-आर्थिक परिणामों के माध्यम से स्थानीय अर्थव्य वस्थाओं के समग्र विकास में योगदान दिया है। वर्तमान में, 28 फरवरी, 2026 तक भारत भर में 368 अधिसूचित विशेष औद्योगिक क्षेत्र (एसईजेड) हैं। वित्तीय प्रोत्साहन, सरल नियामक प्रक्रियाओं और आधुनिक बुनियादी ढांचे की पेशकश कर, एसईजेड ने भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बेहतर किया है। इन्होंने विशेष औद्योगिक समूहों के विकास को सुगम बनाया है, नवाचार और तकनीकी प्रगति को प्रोत्साहित किया है, और भारत को वैश्विक बाजार में एक आकर्षक और विश्वसनीय निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित किया है। केंद्रीय बजट 2026-27 में एसई जेड पर विशेष ध्यान निर्यात को रोजगार निर्माण, औद्योगिक प्रगति, विदेशी मुद्रा आय और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकरण के प्रमुख चालक के तौर पर मान्यता देते हुए, बजट में उपायों का एक व्यापक सेट घोषित किया गया है, जिसमें वैश्विक व्यापार व्यवधानों से प्रभावित एसईजेड के




लिए लक्षित सुधार शामिल हैं।

एकमुश्त रियायती डीटीए बिक्रीः एसईजेड विनिर्माण इकाइयों के लिए एक रणनीतिक प्रोत्साहन

एक विशेष एकमुश्त उपाय के तौर पर, यह प्रस्ताव किया गया है कि पात्र एसईजेड विनिर्माण इकाइयों को मानक सीमा शुल्क के बजाय रियायती दरों पर घरेलू टैरिफ क्षेत्र (डीटीए) में अपने उत्पादन का एक निर्धारित अनुपात बेचने की मंजूरी दी जाएगी। ऐसी बिक्री की मात्रा उनके निर्यात के एक निर्धारित अनुपात तक सीमित होगी। डीटीए में कार्यरत इकाइयों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करते हुए, इस प्रावधान को लागू करने के लिए आवश्यक नियामक संशोधन किए जाएंगे। घरेलू टैरिफ क्षेत्र (डीटीए) से तात्पर्य संपूर्ण भारत से है (जिसमें प्रादेशिक जल और महाद्वीपीय शेल्फ शामिल हैं, लेकिन इसमें एसईजेड के क्षेत्र शामिल नहीं हैं)। एसईजेड अधिनियम, 2005 की धारा 30 में यह प्रावधान है कि एसईजेड से डीटीए में भेजे गए माल और सेवाओं को देश में आयात माना जाता है और उन पर सभी लागू शुल्क और कर लगते हैं। इसके साथ ही, एसईजेड अधिनियम, 2005 की धारा 2(एम) के अनुसार, डीटीए से एसईजेड में आपूर्ति को एसईजेड को निर्यात माना जाता है और इस पर लागू निर्यात लाभ प्राप्त होते हैं।

इन सुधारों का उद्देश्य क्षमता के इस्तेमाल में सुधार करना और निर्यात-उन्मुखी क्षेत्रों के स्वरूप को प्रभावित किए बिना बड़ा मुनाफा करना, निर्यात लागत को कम करना, और एसईजेड पारिस्थितिकी तंत्र की मजबूती को बेहतर करना तथा वैश्विक निवेशकों का भरोसा बढ़ाना है। इसके साथ ही, एसईजेड के भीतर क्लाउड और डेटा-सेंटर संचालन के लिए टैक्स प्रोत्साहनों का विस्तार वैश्विक निमार्ताओं और प्रौद्योगिकी कंपनियों को आकर्षित करने के लिए तैयार है, जिससे भारत के निवेश पारिस्थितिकी तंत्र को और मजबूती मिलेगी।

**भारत के एसईजेड प्रदर्शन का संक्षिप्त विवरण**

भारत के एसईजेड निर्यात, निवेश और रोजगार निर्माण के प्रमुख चालक के रूप में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। रोजगार में बढ़ोतरी हुई है, दिसंबर 2025 तक एसईजेड में 31.73 लाख से अधिक लोग कार्यरत थे। कुल निवेश ड्ड7.86 लाख करोड़ (दिसंबर 2025 तक) रहा।

परिचालन में चल रहे एसईजेड से निर्यात 2025-26 (दिसंबर 2025 तक) में 11.70 लाख करोड़ से अधिक रहा, जो 2024-25 की इसी अवधि की तुलना में 32.02% की बढ़ोतरी है।

**भारत में एसईजेड का विकास और नीतिगत ढांचा**

निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (ईपीजेड) मॉडल अपनाने वाले पहले एशियाई देशों में भारत भी शामिल था। 1965 में कांडला में एशिया का पहला ईपीजेड स्थापित किया गया था। हालांकि, कई नियामकीय नियंत्रण, प्रक्रियात्मक देरी, अधूरा बुनियादी ढांचा और अस्थिर राजकोषीय व्यवस्था जैसी चुनौतियों ने इसके प्रभाव को सीमित कर दिया। इन कमियों को दूर करने और अधिक विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए, सरकार ने अप्रैल 2000 में एसईजेड नीति की घोषणा की।

एसईजेड नीति का उद्देश्य विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, केंद्र और राज्य स्तर पर आकर्षक राजकोषीय फ्रेमवर्क और सरल नियामक वातावरण प्रदान करके इन क्षेत्रों को आर्थिक विकास के इंजन में बदलना था। नवंबर 2000 से फरवरी 2006 तक एसईजेड विदेश व्यापार नीति के प्रावधानों के अंतर्गत संचालित हुए, और संबंधित वैधानिक प्रावधानों के माध्यम से राजकोषीय प्रोत्साहन दिए गए। निवेशकों का भरोसा बढ़ाने और एक स्थिर एसईजेड नीति ढांचे के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दिखाने के लिए, एसईजेड अधिनियम, 2005 और एसईजेड नियम, 2006 लागू किए गए। एसईजेड अधिनियम, 2005 और एसईजेड नियम, 2006 विशेष आर्थिक क्षेत्र अधिनियम, 2005 वर्ष 2005 में लागू हुआ। व्यापक सलाह मशविरे के बाद, यह अधिनियम, साथ ही विशेष आर्थिक क्षेत्र नियम, 2006, 10 फरवरी 2006 को लागू किए गए। इससे केंद्र और राज्य सरकारों से जुड़े मामलों के लिए एकल-खिड़की मंजूरी के साथ एक सरलीकृत नियामक ढांचा स्थापित हुआ।

यह अधिनियम एसईजेड के लिए- आर्थिक गतिविधि पैदा करना, अवसंरचना विकास और रोजगार निर्माण जैसे स्पष्ट मार्गदर्शक सिद्धांत निर्धारित करता है। इसमें सभी एसईजेड निमार्ता और इकाइयों की ओर से पर्यावरण अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट प्रावधान और दिशानिर्देश भी शामिल हैं।

एसईजेड अधिनियम और नियमों के फ्रेमवर्क के अंतर्गत एसईजेड के प्रदर्शन और प्रभाव की नियमित रूप से निगरानी की जाती है। सरकार की ओर से नियुक्त विकास आयुक्तों की ओर से दी जाने वाली मासिक रिपोर्टों के आधार पर सरकार परिणामों का मूल्यांकन करती है। इन आयुक्तों को एसईजेड इकाइयों के कामकाज, मंजूरी और अनुपालन की निगरानी के लिए नियुक्त किया जाता है। नीतिगत ढांचे को और मजबूत करने के लिए, एसईजेड नियम, 2006 में जून 2025 में संशोधन किया गया, जिससे विशेष तौर पर अर्धचालक और इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों के निर्माण के लिए एसईजेड की स्थापना को सरल बनाया जा सके।

# प्रतिभावान छात्र -छात्राओं को किया गया सम्मानित

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। मां रामप्यारी मेमोरियल इंटर कॉलेज हरहुआ में विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती बीनू सिंह की देखरेख में क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को लिखित परीक्षा के आधार पर चयनित कर अभिभावकों एवं शिक्षकों संग सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से शुरू हुआ। मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए कंपोजिट स्कूल रमईपट्टी पिण्डरा के राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक कमलेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि एक शिक्षक का कार्य निर्धारित पाठ्यक्रम से ऊपर उठकर उच्च स्तरीय नेतृत्व प्रदान करना है। जिन विद्यालयों पर इस प्रकार का नेतृत्व दिया जा रहा है,वहां के छात्र लगातार सफलता के परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने अपने विद्यालय की कई प्रेरक कहानियां छात्रों संग साझा कर उन्हें प्रेरित किया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक क्षितिश कुमार दीक्षित सहित बाल संसद के आधा दर्जन छात्रों में प्रधानमंत्री शालू पटेल, पर्यावरण मित्र अंशु पटेल, पुस्तकालय मंत्री नीतू सरोज, योग की उपकप्तान शिवानी एवं शिवम पटेल को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रतापपट्टी के प्रधानाध्यापक विनोद दुबे,भेलखा के प्रधानाध्यापक मनोज सिंह, शिक्षक कमलेश प्रसाद, शिक्षिका स्मिता त्रिवेदी,पत्रकार अशोक कुमार तथा मां रामप्यारी मेमोरियल इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक राजेश शर्मा और आनन्द चौबे की उपस्थिति रही।

धन्यवाद ज्ञापन संस्था प्रमुख वीनू सिंह ने किया।

# शिक्षा ही जीवन को सफल बनाने का सशक्त माध्यम

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ स्थित एस0आर0 प्लेटीनम इंग्लिश स्कूल में परिणाम वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. माया सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन को सफल बनाने का एकमात्र







मार्ग है। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मेहनत और समर्पण के साथ काम करने की सलाह दी।

प्रबंध निदेशक कौशलेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का पालन करते हुए अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रयास करें।समारोह के अंत में छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। डॉ0नैंसी ने छात्रों को मस्तिष्क की एकाग्रता बढ़ाने हेतु प्रशिक्षण दिया। ब्रिगेडियर दीपक, डॉ0 रवि शुक्ला ने आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विजयेंद्र नारायण सिंह निदेशक माँ शारदा महिला महाविद्यालय बाबतपुर ने की।

सहायक निदेशक देवांश नारायण राय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य आर0पी0 सिंह,जागृती सिंह, अखिलेश सिंह, प्रीति सिंह उपस्थित रहे। संचालन शिक्षिका मधु सिंह ने किया।

# बस्ती में पहुंचा मगरमच्छ ग्रामीणों में हड़कंप

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के अहुगी कलां गांव स्थित धरकार बस्ती में शनिवार शाम को पांच फीट लंबा मगरमच्छ पहुंचा तो मगरमच्छ को ग्रामीणों ने देखकर दहशत मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़कर अदवा जलाशय में छोड़ दिया। अहुगी कलां गांव के धरकार बस्ती निवासी रामनारायण के घर के पास पांच फीट का मगरमच्छ दरवाजे के बाहर चहलकदमी कर रहा था। मगरमच्छ को घर के बाहर देख महिला और बच्चों की शोर पर परिवार के सदस्य और ग्रामीण लाठी डंडा लेकर दौड़ पड़े। 112 पुलिस को सूचना दिया।

# विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने आदित्यपुर कॉलोनी में शिविर लगाकर बांटे चना, गुड़ और शरबत

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 29 मार्च 2026ः सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत आदित्यपुर कॉलोनी के रोड नंबर 4 में विसर्जन जुलूस के दौरान विभिन्न समाजसेवी संगठनों की ओर से क्षेत्र में कई जगहों पर शिविर




लगाकर राम भक्तों व अन्य श्रद्धालुओं की सेवा की गई। वही देखा गया कि सामाजिक संस्था रोड नंबर चार की ओर से पदमा मेडिकल के समीप शिविर आयोजित कर लोगों के बीच खिचड़ी,चना और शर्बत वितरण किया गया। इस दौरान अजय,अनिल,प्रमोद,मुकुल,सुरेश प्रसाद,बबलू राव समेत कई सामाजिक गणमान्य के द्वारा शिविर लगाकर श्रद्धालुओं की सेवा कर चना, खिचड़ी,गुड़ व शरबत का वितरण किया गया।

# समाज मे बौद्धिक जागरण, सांस्कृतिक संरक्षण, सामाजिक एकता की मजबूती की जरूरत है

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। अखिल भारतीय मनीषी परिषद, संगठन विस्तार एवं राष्ट्रोत्थान हेतु महत्वपूर्ण बैठक कोइरीपुर स्थित कपिलनारायन पांडेय के आवास पर संपन्न हुई।

बैठक में संगठन विस्तार, सामाजिक जागरूकता, बौद्धिक गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। समाज एवं राष्ट्र हित के विभिन्न विषयों पर उच्चस्तरीय विचार-विमर्श किया गया।



बैठक में मुख्य रूप से दिवाकर द्विवेदी राष्ट्रीय महासचिव, अखिल भारतीय मनीषी परिषद,हरिश जी प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, कपिल नारायण पाण्डेय जिलाध्यक्ष वाराणसी,अखिल भारतीय मनीषी परिषद ने राष्ट्रीय हितों को लेकर प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। साथ ही 5 अप्रैल को अंजलि वाटिका चितईपुर में होने वाले 'मधुमंगल महोत्सव' पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों ने भारतीय मनीषी परिषद के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने, समाज में बौद्धिक जागरण, सांस्कृतिक संरक्षण एवं सामाजिक एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# ड्रमंडगंज घाटी में कंटेनर का ब्रेक फेल होने से कंटेनर चालक सहित दो की मृत्यु, खलासी सहित तीन घायल

**समाज जागरण**

मीरजापुर /ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के मिजार्पुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित ड्रमंडगंज घाटी में शनिवार की रात साढ़े दस बजे के करीब कोल्डड्रिंक लादकर नीचे उतरते समय कंटेनर का अचानक ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित कंटेनर आगे चल रही कार, मोटरसाइकिल व कंटेनर में पीछे से टक्कर मारते हुए क्षतिग्रस्त हो गया। कंटेनर चालक व कंटेनर में बैठे एक अन्य कंटेनर चालक की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। वहीं घटना में खलासी और बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मध्य प्रदेश के इंदौर से कोल्डड्रिंक लादकर असम के गुवाहाटी जा रहा कंटेनर रात साढ़े दस बजे के करीब ड्रमंडगंज घाटी में नीचे उतरते समय जैसे ही जालिम मोड़ के आगे पहुंचा तो अचानक ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित कंटेनर आगे चल रही कार में पीछे से टक्कर मार दी। संयोग था कि कार में सवार सभी लोग बाल बाल बच गए।कार में सवार सभी लोग मैहर से दर्शन कर वापस अपने घर सोनभद्र जा रहे थे। इसके बाद अनियंत्रित कंटेनर आगे चल रही बाइक में टक्कर मारते हुए चार सौ मीटर आगे बड़का मोड़ घुमान पर आगे चल रहे कंटेनर में पीछे से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कंटेनर का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और कंटेनर पर लदा कोल्डड्रिंक राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिखर गया।वही आगे चल रहा कंटेनर बड़का मोड़ पर डिवाइडर से जा टकराया। हादसे



में 35 वर्षीय कंटेनर चालक अरविंद कुमार निवासी निस्बी थाना मिलक जिला रामपुर तथा कंटेनर में सवार दूसरे कंटेनर का चालक 50 वर्षीय लालता यादव निवासी खुटिया थाना चंदौली जिला चंदौली की मौके पर मृत्यु हो गई। मृतक कंटेनर चालक लालता देवास से कोल्ड ड्रिंक लदे कंटेनर में बैठकर अपने घर चंदौली जा रहा था कि रास्ते में हादसे का शिकार हो गया।वहीं जान बचाने के लिए नीचे कूदने पर 21 वर्षीय खलासी हिम्मत सिंह निवासी निस्बी थाना मिलक जिला रामपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। कंटेनर की चपेट में आने से बाइक सवार 28 वर्षीय अजय कुमार बिंद व उनका छोटा भाई विजय कुमार बिंद निवासी सोबरी सुभाष नगर थाना ऊंज जिला भदोही गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें विजय कुमार को गंभीर चोटें आई हैं। बाइक सवार दोनों भाई मुम्बई से बाइक से अपने घर भदोही जा रहे थे। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन एसआइ विनोद कुमार सिंह एसआइ सुभाष यादव, मूलचंद्र वर्मा, हेड कांस्टेबल संतोष यादव ने घायल बाइक सवार दोनों भाइयों व गंभीर रूप से घायल खलासी को एंबुलेंस सेवा 108 के ईएमटी कन्हैया पाल, चालक मंगला वर्मा के द्वारा उपचार हेतु पीएचसी हलिया भेजवाया। जहां पीएचसी के चिकित्सक आलोक सिंह यादव ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल खलासी हिम्मत सिंह व बाइक सवार विजय कुमार को मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं बाइक चालक अजय कुमार बिंद की हालत सामान्य बताई जा रही है।थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि देर रात ड्रमंडगंज घाटी में हुए हादसे में कोल्डड्रिंक लदे कंटेनर चालक व कंटेनर में सवार एक अन्य कंटेनर चालक की मृत्यु हो गई है। घायल खलासी और बाइक सवार दोनों भाइयों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। घटना की सूचना मृतकों के स्वजनों को दे दी गई है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

# बालविवाह, बालतस्करी, बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति आदि रोकथाम हेतु जागरुक किया गया

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में दिनांक 29.03.2026 को महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु जनपद स्तर पर वासान्तिक नवरात्रि वर्ष 2026 में मिशन शक्ति फेज -05 (द्वितीय चरण) में चलाये जा रहे कार्यक्रम अन्तर्गत थाना ए0एच0 टी0 श्रावस्ती से प्रभारी निरीक्षक श्री लाल साहब सिंह व उ0नि0 श्री सतीश कुमार ,आरक्षी अभिषेक कुमार, म0आ0 अर्चना पाण्डेय,म0आ0 कंचन देवी ,थाना सोनवा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम व कस्बा सोनवा में बालविवाह , बाल तस्करी ,बालश्रम बालभिक्षावृत्ति के तहत चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बच्चों को जागरुक किया गया व उनकों अपने अधिकारों तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे बताया गया आपातकालीन हेल्पलाइन





नम्बर 1098 ,1090 ,112 ,1930 ,102,108,के बारे में बताया गया। तथा कोतवाली भिनगा क्षेत्र अन्तर्गत के बालश्रम बालभिक्षावृत्ति अभियान चलाया गया जिसमें आवासीय होटल, ढाबों व ब्यूटी पार्लरों व अन्य जगहों को चेक किया गया और उनके संचालकों नियमानुसार नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गयी।

# स्वामी विवेकानंद फाउंडेशन ने लगाया श्रद्धांलुओं एवं अखड़ा समिति के करतबकताओं के बीच सेवा शिविर

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ ,कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 29 मार्च 2026ः रामनवमी विसर्जन जुलुस मे श्रद्धांलुओं एवं अखड़ा समिति के करतबकताओं के सेवा स्वामी विवेकानंद फाउंडेशन सरायकेला-खरसावां के द्वारा आदित्यपुर -2, मार्ग संख्या-4 (चौक) मे सेवा शिविर लगाकर सेवा कार्य किया गया।







जिसमे मुख्य रूप भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बड़े भैया हरेकृष्ण प्रधान, आदित्यपुर नगर निगम के नवनियुक्त मेयर संजय सरदार, पूर्व मेयर बिनोद श्रीवास्तव,भाजपा के प्रदेश मंत्री शैलेन्द्र सिंह,आर.आई.थाना के थाना प्रभारी संजीव सिंह, सरायकेला सदर अस्पताल के उपाधिक्षक डॉ. नकुल चौधरी, डॉ.अनूप श्रीवास्तव, डॉ. कुणाल वर्मा, भाजपा पूर्व जिला मंत्री सतीश शर्मा, समाजसेवी चन्दन सिंह, समाजसेवी राजू सिंह, भाजपा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी अजय कुमार सिंह,वरिष्ठ भाजपाई जीतेन्द्र शुक्ला उपस्थित रहें. साथ ही फाउंडेशन के सभी सदस्य जो पुरे कर्मठता से कंधे से कंधा मिलाकर सेवा कार्य मे शुरू से अंत तक डटे रहें । देखा गया है कि स्वामी विवेकानंद फाउंडेशन ने हर वर्ष की भांति इस बार भी अतिथियों के साथ साथ पत्रकारों को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

# माँ तुलजा और दुर्गा भवानी का वार्षिक श्रृंगार सम्पन्न

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। पंचकोशी परिक्रमा स्थित रामेश्वर धाम में स्थित मां तुलजा-दुर्गा भवानी का वार्षिक श्रृंगार रविवार को परपरागत रूप से11वैदिक बाल ब्राह्मणों व आचार्य गणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुआ।

मन्दिर के पुजारी आचार्य प0 अनूप तिवारी व प0 प्रमोद तिवारी के अनुसार प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल एकादशी को माता जी का वार्षिक श्रृंगार सदियों परम्परागत रूप से मनाया जाता है। माँ तुलजा महाराष्ट्र के तुलजापुर गांव की मराठियों की इष्ट देवी हैं। रामदास समर्थ की पूजी हुई देवी हैं। माता ने शिवाजी को रत्नजड़ित तलवार प्रदान की थी। पंचकोशी काशी में प्रवास की कामना से यहाँ वास कर रही हैं। आततायी औरंगजेब जब हिन्दू मन्दिरों व मूर्तियों को खंडित कर रहा था उस समय काला भौरा का रूप बनाकर उसे परास्त किया। माँ की महिमा है कि किसी अनिष्ट की जानकारी पुजारी को स्वप्न में बताकर सबकी रक्षा करती हैं। अगाध आस्था के साथ क्षेत्र के सहयोग से माताजी का श्रृंगार होता है। वैदिक पूजन हवन के बाद माँ



का पट खुला जय जय कारा के साथ दर्शन का क्रम देर रात तक चलता रहा। दोपहर में ही गांव की महिलाओं ने नङ्गे पांव धार यात्रा निकालकर चौरा माता मंदिर जाकर चढ़ाया। दर्शन के लिएमहिलाओं, पुरुषों, युवक-युवतियों, बच्चों ने आस्था संग दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। क्षेत्र के रामेश्वर, हिरमपुर, लक्षिपुर, परसीपुर, जगापट्टी, भुइली, पेडूका , बरेमा, रसूलपुर, हथिवार, चक्का ,औसानपुर, नेवादा, इंदरपुर,सोहिला, भटौली, हरहूआ, करोमा, खेवली सहित कई गाँवो व जनपद जौनपुर, आजमगढ़ के भक्तों ने दर्शन पूजन किया और भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

"सांस्कृतिक संध्या" का आयोजन देर रात तक चला। जहां देवी गीत , चैती ,ठुमरी ,दादरा ,गजल का एक से एक कार्यक्रम क्षेत्रीय कलाकारों के साथ साथ काशी सहित विदेशी कलाकारों द्वारा सराहनीय गीत की प्रस्तुति तबला, गिटार, हारमोनियम, ढोलक व बैंजो पर प्रस्तुत किया गया। देवी गीत के साथ वाह-वाह का दौर देर रात तक चला। कार्यक्रम संयोजक अन्नू तिवारी, प्रमोद तिवारी ने भक्तजनों ,कलाकारों का स्वागत कर प्रसाद व उपहार प्रदान की।

# भारतीय किसान संघ की एकदिवसीय बैठक संपन्न

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर / भारतीय किसान संघ के प्रांतीय अखिल महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्रा की नेतृत्व में आज जमालपुर विकासखंड के चौकिया में दिवसीय बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम में पदाधिकारी को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि किसानों को सरकार झुनझुना दे रही है। किसान अपनी फसल का एसपी खुद तय नहीं कर पाते हैं वह सरकार तय करती है जिस तरह से सरकार अन्य उत्पादों का बड़े-बड़े मल्टीप्लेक्स कंपनी अपने उत्पाद का उत्पादन करती है इस तरह किसान भी अपने एमएसपी का उत्पादन खुद तय करें। बे मौसम बारिश से किसानों की फसल खराब हो जाती है सही तरीके से उनका लागत मूल नहीं निकल पाता है सरकार किसानों को धोखा दे रही है। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष मीरजापुर उपेंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि बे मौसम बारिश से किसानों की फसल खराब हो चुकी है किसानों की फसल खराब होने से व्यापारी कम दाम पर गेहूं चना मटर सरसों तीसी तिल्ली की फसल खरीद लेते हैं। किसानों का इसका लाभ भी नहीं मिल पाता है।भारतीय किसान संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने कहां की सरकार किसानों के साथ बातचीत करें और सही तरीके से उनका लागत मूल्य दे। खेती में किसानों की लागत बढ़ती ही जा रही है।जिससे किसानों को इसका लाभ मिल सके बे मौसम बारिश ओले पड़ना। धान और गेहूं की खरीद की पारदर्शिता होनी चाहिए। इस वर्ष मीरजापुर जिले में रिकॉर्ड तोड़ धान की खरीदी हुई।लेकिन फिर भी सैकड़ो किसानों की धान की खरीद ना होने से किसान परेशान हो गए और व्यापारियों को कम रेट पर अपना धान बेचा। इस वर्ष सबसे ज्यादा व्यापारियों में धान खरीदा। देखा जाए तो भारतीय किसान संघ पूरे विश्व में सबसे बड़ा संगठन है जहां पर किसान पचास लाख से ज्यादा सदस्य जोड़े जा चुके हैं।और आगे भी संगठन में लोगों को जोड़कर संगठन को ज्यादा से ज्यादा मजबूत करना है। संगठन के बारे में जानकारी दी जा रही है। भारतीय किसान संघ किसानों की समस्या को समय-समय पर उठाकर उनका निवारण करता है।और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर अधिकारियों के माध्यम से समस्या का समाधान भी कराया जाता है। प्रांत कार्यकारी सदस्य कृष्णानंद सिंह,काशी प्रांत संगठन मंत्री रामचेला, जिला मंत्री ओम प्रकाश दुबे, कोषाध्यक्ष बसंत लाल, जिला प्रचारक सूर्य प्रकाश सिंह जवाहीर, जमालपुर ब्लॉक अध्यक्ष विनोद सिंह, सदस्य सतीश चंद्र सिंह, सुजीत सिंह, अवधेश सिंह, राकेश सिंह, सुरेश सिंह रतन कुमार सिंह सैकड़ो की संख्या में सदस्य शामिल रहे।



# जनसंवाद में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सुनीं जन समस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**समाज जागरण**
**मीरजापुर, संवाददाता।**

केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक) एवं अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने रविवार को मीरजापुर जनपद में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

शहर के सरदार पटेल चौराहा स्थित सांसद जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों, एनडीए पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भाग लिया। केंद्रीय मंत्री ने एक-एक कर सभी लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए समयबद्ध तरीके से उनका निस्तारण किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

जनसंवाद के दौरान ग्रामीण विकास, बिजली, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं, जिन पर मंत्री ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सहित भाजपा, अपना दल (एस) के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जिले के प्रमुख व्यवसायी मौजूद रहे। इस संबंध में जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान द्वारा दी गई।

# शिक्षा बनेगी आधार, नशा और भीख से इंकार - थाना कालांवाली पुलिस का झुग्गी बस्ती में जागरूकता अभियान

**समाज जागरण**

कालांवाली 29 मार्च (सुरेश जोरासिया) डबवाली पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे बहुआयामी अभियानों के तहत आज थाना कालांवाली एसएचओ पीएसआई सुनील कुमार द्वारा समाज में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में मंडी क्षेत्र के पार्षदगण, रेड क्रॉस के प्रतिनिधि तथा घर से शिक्षा अभियान से जुड़े अध्यापकों ने भाग लिया ।

कार्यक्रम के दौरान मंडी कालांवाली क्षेत्र में झुग्गी बस्ती में निवास कर रहे लोगों एवं उनके बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया । बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने तथा उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रेरित करने का आह्वान किया गया । अभिभावकों को विशेष रूप से जागरूक करते हुए यह संदेश दिया गया कि वे अपने बच्चों से किसी भी प्रकार की भीख न मंगवाएं, बल्कि उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ें, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके। इसके साथ ही नशे के



दुष्प्रभावों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार और समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर थाना कालांवाली के एसएचओ पीएसआई सुनील कुमार ने बच्चों एवं उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जो जीवन को सही दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि नशा समाज और परिवार दोनों को कमजोर करता है, इसलिए इससे दूर रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी अपील की कि कोई भी व्यक्ति यदि नशा तस्करी या अन्य अवैध गतिविधियों के बारे में जानकारी रखता है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। कार्यक्रम के दौरान पुलिस एवं सहयोगी संस्थाओं द्वारा लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ उनके सवालों के उत्तर भी दिए गए और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया।

पुलिस विभाग द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर जारी रखे जाएंगे, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक कर एक सुरक्षित, शिक्षित एवं नशा मुक्त वातावरण का निर्माण किया जा सके।

# दलालों और डीलरों ने फिर मनमर्जी से बढ़ाये गुटका पाउच के दाम।

**समाज जागरण**

प्राप्त जानकारी एक बार फिर राजश्री गुटखा सहित विभिन्न गुटकाके दाम डीलरों ने मार्केट में पहले अपने दलालों के माध्यम से अपनी मनमर्जी से सभी गुटका के रेट कल से बढ़ा दिए है।आपदा में अवसर की तलाश में यह दलाल और व्यापारी लोग हमेशा जुगाड़ में रहते हैं कोरोना में भी इन लोगों ने इंसानियत को बेचकर ₹20 का गुटका 100 से ₹200 में बेचा था अभी होली के आसपास इन्होंने बिना कंपनी के निर्देश या नया पैकिंग नहोने के बावजूद रेट बढ़ा दिया था जिस पर सोशल मीडिया में हंगामा हुआ और इन्हें ठंडा होना पड़ा था यह बड़े व्यापारी एजेंटऔर दलाल जानबूझकर कई दिन तक छोटे व्यापारियों को गुटका उपलब्ध नहीं करते और उनके माध्यम से शौकीन लोगों और ग्राहकों को यह बताते हैं कि कंपनी ने रेट बढ़ा दिए हैं अगर इनके बड़े हुए रेट पर 1 से 2 दिन भी माल बिक गया तो यह लाखों से करोड़ों रुपए कमा लेते हैं ₹20 की रात्रि 25 और 40 की गुटका ₹50 में धड़के से बिक रही है। कहने पर कोई रसीद भी नहीं देता फुटकर व्यापारियों का कहना है कि हम लोग क्या करें ऊपर से ही माल रेट बढ़ाकर मिल रहा है।



क्या कहता है कानून ।

मे साथ निर्देश है कि किसी भी गुटका पर जो निर्धारित रेट लिखा है इस रेट पर आपको बेचना है यदि रेट से ज्यादा कोई भी व्यापारी बचेगा उसका थाने में रिपोर्ट की जा सकती है । कंपनी समय-समय पर अपने माल को लेकर बयान बाजी का निर्देश करती है लेकिन किसी भी कंपनी का कोई निर्देश अभी तक रेट बढ़ाने को लेकर सोशल मीडिया अखबारों में नहीं आया लेकिन यह कालाबाजारी करने वाले दलाल और व्यापारी गुटकाप्रेमियों की जेब पर खुलेआम डाका डाल रहे हैं इसकी निगरानी करने के लिए खाद्य विभाग मौजूद है और उसके निरीक्षक भी लेकिन इनकी कानों पर जू तक नहीं रंगता है। आम जनता का विश्वास इन ऊपर से उठ गया है क्योंकि इनको बैठे-बैठे कमीशन मिलता है जरा आप सोचें कि कोई डीलर यदि 10 लख रुपए का माल दबा कर रखा है तो वह एक से दो दिन में ही रेट बढ़ाकर उस माल को 15 से 20 लख रुपए में काम लेता है अगर खाद्य विभाग शहडोल और अनूपपुर के अधिकारी छोटे दुकानदारों के बीच में जाकर देखें उसे सारी सच्चाई सामने आ सकती है लेकिन उनकी भूमिका हमेशा सादेह से भरी होती है अब देखना है कि संभाग के आला अफसर लोग इस पर संज्ञान लेकर क्या कार्रवाई करते हैं।

# पं. दीनदयाल प्रशिक्षण का दो दिवसीय कार्यशाला उमरिया नगर और मानपुर में 30 व 31मार्च को

**समाज जागरण**

उमरिया। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का दो दिवसीय कार्य शाला उमरिया नगर मंडल और मानपुर मंडल में 30 और 31 मार्च को रखा गया है। जिसका शुभारंभ 30 मार्च को उमरिया नगर मंडल अंतर्गत उमरार सिटी में दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा वहीं मानपुर मंडल के लिए स्थानीय बरसाना पैलेस में सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा।

पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महाभियान कार्यशाला की जानकारी देते हुए उमरिया नगर मंडल की अध्यक्ष श्रीमती नीतू सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के द्वारा इस दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 30 मार्च को दोपहर 2 बजे उमरार सिटी में प्रारंभ होगा जिसका 31 मार्च को समापन होगा। मानपुर मंडल के अध्यक्ष राममोल केवट ने बताया कि मानपुर मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग स्थानीय बरसाना पैलेस में 30 मार्च को सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा जिसका समापन 31 मार्च को किया जाना है।

बताया गया कि पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण वर्ग में स्थानीय विधायक सुश्री मीना सिंह और शिवनारायण सिंह ,भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल, वरिष्ठ नेता मिथिलेश पयासी, शाहिद जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष,जिले में निवासरत प्रदेश के नेता, जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी, मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता, शक्ति केंद्रों के प्रभारी, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, नगर पालिका और नगर परिषद के पार्षदगण मौजूद रहेंगे। दोनों मंडल के अध्यक्षों ने सभी संबंधित पदाधिकारियों

और कार्यकताओं से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण कार्यशाला को सफल बनाएं। प्रशिक्षण में संपूर्ण आवासीय एवं स्वल्पाहार और सुरुचि भोजन की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी।

# नल -जल योजना में लीपापोती कर करोड़ों का वारा न्यारा

### मलहदू ग्राम पंचायत में पानी की त्रासदी

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --- भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना जिसमें ग्रामीणों के हर घर तक स्वच्छ और पर्याप्त पानी पहुचाने के लिए चलायी गयी थी।जिसकी बुनियाद देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी जी ने 15 अगस्त 2019 को लाल किले के प्राचीर से अपने उदबोधन के माध्यम से रखते हुए एक पंच वर्षीय अर्थात वर्ष 2024 तक पूरा करने के संकल्प के साथ प्रारंभ किया था ,जिसके लिये जल जीवन मिशन चलाया गया है लेकिन दुर्भाग्य जनक कहा जाये की यह महत्वपूर्ण योजना वास्तविक धरातल पर कम और कागजों में ज्यादा दौड रही है। यह कहा जाना कदापि अतिश्योक्ति नहीं है की करोड़ों रुपए के व्यय होने के बाद भी लोगों के कंठ आज भी सूखे के सूखे रह गयें है और पानी लोगों के घर तक नहीं पहुचाया जा सका ।हर घर पानी पहुंचाने के लिए बनायी गयी



योजना आज भी उमरिया जिले के लिए मृग तृष्णा बनी हुई है, और लोग आज भी हैण्ड पंप,नदी, नालो, झरिया और पोखरो पर पानी पीने के लिए आश्रित है।ग्रामीणों को पानी उपलब्ध कराने के लिए सरकार के सारे जतन पानी में ही चले गए। इस योजना के असफल होने का मुख्य कारण ठेकेदारो की भष्टतम कार्य प्रणाली मानी जा रही है। जल जीवन मिशन में कार्यरत ठेकेदारो पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का नियंत्रण न होने के कारण जो भी काम कराये गये उनमें गुणवत्ता का व्यापक अभाव देखा जा रहा है, यही वजह है कि सब कुछ में शासकीय धन व्यय होने के बाद भी सब कुछ अनुपयोगी साबित हो रहा है।टूयूब वेल कराये गये तो कहीं पानी नहीं तो कहीं बोर भसक गये,टंकिया बनी तो वह लीकेज कर रही है। पाइप लाइन बिछी पर पानी नहीं पहुंचा। यही वजह है कि सब कुछ होने के बाद भी कुछ नहीं होने के बराबर बना हुआ है। आबादी के लिए निहायत जरूरी जल आज भी उसके पहुंच से कोसों दूर बना हुआ है। जिले में नल जल योजना की हालत तो लगभग पूरे जिले में ही धन डुबाऊ बनी हुई है फिर भी कुछ जगह स्थित ज्यादा संकट मय उभर कर आयी है। कहीं भी नल जल योजना व्यवस्थित रूप से संचालित दिखाई नहीं दे रही। सरकार ने नल जल योजना की जिम्मेदारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दी है, जिसको विधि वत ठेकेदार के माध्यम से पूरी कराया जाना था, लेकिन यह ठेकेदार का चैनल सिर्फ अधिकारियों के जेब भरने का एक जरिया बन कर रह गया है। हालात यह बनी हुई है की एक एक ग्राम पंचायत में नल जल योजना में करोड़ों रूपयों का जिस तरह अपव्यय कर नल जल की टंकियों और पाइप लाइन बिछा कर ठेकेदार अपने कर्तव्यों की इति श्री कर लेते हैं।

पाली जनपद की समीपवर्ती ग्राम पंचायत मलहदू जो की नगर पालिका पाली से जुड़ी हुई है में भी नल जल योजना के मत्थे लोग प्यासे ही रह जायेगें। बैगा आबादी वाले जीरो ढावा पास बैगाओ को विशेष सुविधा पहुचाने के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना में जोडा गया है फिर भी नल जल योजना ठप्प पडी हुई है। यही हाल कुरावर का बताया जाता है।

**इंजीनियर हिमांशु नहीं उठाते फोन**

जिले में पेयजल व्यवस्था को सुद्दढ़ बनाने के लिए कलेक्टर उमरिया धरणेंद्र कुमार जैन के व्दारा काल सेंटर बना कर लोगों को त्वरित सेवा सुविधा चालू की गयी है, लेकिन इसके तहत पाली से उपयंत्री हिमांशु जयसवाल का मोबाइल नंबर 8109380365 जो की काल सेंटर का रजिस्टर्ड नंबर है और यह कलेक्टर महोदय के व्दारा आदेश में दर्ज हैं, फिर भी उपयंत्री हिमांशु के व्दारा फोन रिसीव नहीं किये जाते हैं । फोन नंबर 8770744354 से अनेकों बार संपर्क करने की कोशिश की गयी, घंटी घनघनाती रही, लेकिन उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा। हिमांशु जी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी होने के बाद उनकी इस कार्य शैली से एक तरफ जिले के कलेक्टर के आदेश की तो अनदेखी हो ही रही है, साथ ही इस बात का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के खाये अघाये अधिकारी अपने दायित्वों के प्रति गंभीर रूप से उदासीन हैं। यही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के आला अधिकारियों और उपयंत्री का गैर जिम्मेदाराना रवैया ही जिले भर में जल जीवन मिशन को डूबोने में लगा हुआ है।

# नपा अनूपपुर के कर्मचारी आज से कलम

### बंद हड़ताल पर नपाधिकारी को दिया ज्ञापन

**समाज जागरण**

अनूपपुर । नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई अनूपपुर की अध्यक्ष गजाला परवीन के नेतृत्व में निकाय के कर्मचारियों द्वारा आज से नगर पालिका परिषद प्रांगण के पास कलम बंद हड़ताल प्रारंभ की जा रही है।

बताया गया कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनूपपुर को 26/3/2026 को ज्ञापन दिया गया एवं उसकी प्रतिलिपि कलेक्टर अनूपपुर, पुलिस अधीक्षक अनूपपुर,संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एंव विकास शहडोल एवं सुरेन्द्र सिंह सोलंकी प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश नगर निगम,नगर पालिका कर्मचारी संघ भोपाल को भी दिया गया। ज्ञापन में लेख किया गया है कि नगर पालिका परिषद अनूपपुर में कार्यरत



कर्मचारियो के साथ दिनांक 24/03/2026 को बैठक में समस्त कर्मचारियो ने इस बात को बताया की कार्यालय मे वह निरंतर कार्य करते चले आ रहे है एंव सेवा देते आ रहे है,किन्तु इन्हे समय पर न तो वेतन भुगतान किया जाता है ना ही सांतवे वेतनमान का एरियस का भुगतान व एनपीएस राशि जमा करवाया जा रहा है।

लगातार निकाय में कर्मचारियो द्वारा अपने लंबित वेतन भुगतान की मॉग किये जाने के बावजूद वेतन का भुगतान नही किया गया।जिससे कर्मचारियो के परिवारजनो के जीवन यापन करने में कई तरह की परेशानी हो रही है। आरोप लगाया गया है कि जिम्मेदार मुख्य नगर

पालिका अधिकारी कर्मचारियों के मामले में कतई सवेदनशील नही है। कर्म चारियों ने ज्ञापन में लेख किया था कि निकाय अर्न्तगत कार्यरत कर्मचारियो का लंबित वेतन का भुगतान एंव वर्तमान वेतन का भुगतान 29/03/2026 से पहले नही किया जाता है,तो कर्मचारियों द्वारा कार्यालय के समीप

टेन्ट लगाकर आज से समस्त कर्मचारी कलमबंद हड़ताल पर चले जाएंगे जिसकी जिम्मेदारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनूपपुर की होगी।

# धुंधले बिलों से छुपाव, बढ़े हुए बिलों से निकासी और गौशाला घोटाला: अनूपपुर में CEO रवि ग्वाल के कार्यकाल पर भ्रष्टाचार के आरोप

**समाज जागरण**

जमुनाकोतमा अनूपपुर मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले की जनपद पंचायत इन दिनों भ्रष्टाचार और सरकारी राशि की बंदरबांट का मुख्य केंद्र बन गई है। आरोप है कि यहाँ विकास कार्यों के नाम पर जनता के टैक्स के पैसों की सरेआम लूट मची है और इस पूरे खेल को जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (CEO) रवि ग्वाल का मूक संरक्षण प्राप्त है। अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों की सांठगांठ से एक ऐसा 'सिस्टम' तैयार कर लिया गया है, जहां नियम-कानूनों की कोई अहमियत नहीं रह गई है। कैसे अंजाम दिया जाता है इस भ्रष्टाचार को? (लूट का पूरा सिस्टम) जनपद पंचायत अनूपपुर में भ्रष्टाचार कोई छिटपुट घटना नहीं, बल्कि एक सुनियोजित प्रक्रिया बन चुकी है। इसे मुख्य रूप से इन तीन तरीकों से अंजाम दिया जा रहा है:

1. खरीद नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाना: सरकारी खजाने से पैसा निकालने के लिए सबसे पहले 'मध्य प्रदेश पंचायत (सामग्री और माल की खरीद) नियम, 1999' को दरकिनार किया जाता है। नियमानुसार किसी भी सामग्री की खरीद के लिए टेंडर या कोटेशन मंगाना अनिवार्य है ताकि सही दाम पर गुणवत्तापूर्ण सामान मिल सके। लेकिन यहाँ बिना किसी टेंडर के चहेते सप्लायरों से बाजार भाव से कई गुना अधिक (इन्फ्लेटेड) कीमतों पर सामान खरीदा जाता है और बीच का कमीशन अपनी जेबों में भर लिया जाता है।

**2. 'धुंधले बिलों' का डिजिटल फरेब:**

ऊंचे दामों पर की गई इस फर्जी खरीददारी को छुपाने के लिए पोर्टल पर एक शातिर तरीका अपनाया जा रहा है। ग्राम पंचायतों द्वारा जानबूझकर पोर्टल पर ऐसे धुंधले (Blurred) और अस्पष्ट बिल अपलोड किए जाते हैं, जिन्हें पढ़ना नामुमकिन हो। इसका मकसद यह है कि अगर कोई आम नागरिक या आरटीआई (RTI) कार्यकर्ता इन बिलों की जांच करना चाहे, तो उसे यह पता ही न चल सके कि कौन सा सामान, किस दुकान से और किस कीमत पर खरीदा गया है।

**3. बिना काम किए 'कम्पलीशन सर्टिफिकेट' जारी करना:**

भ्रष्टाचार का तीसरा और सबसे खौफनाक चरण है—कागजों पर काम पूरा दिखाना। धरातल पर एक ईंट भी नहीं रखी जाती, लेकिन मिलीभगत से इंजीनियरों और अधिकारियों द्वारा उस कार्य का 'पूर्णता प्रमाण पत्र' (Completion Certificate) जारी कर दिया जाता है और पूरी राशि निकाल कर आपस में बांट ली जाती है। गौशाला चारागाह के नाम पर 4.32 लाख का फजीवाड़ा: एक जीता-जागता उदाहरण

इस लूट तंत्र का सबसे बड़ा और ताजा उदाहरण 'गौशाला चारागाह सिद्धबाबा प्यारी क्र 1' का निर्माण है। सरकार ने यह योजना इसलिए बनाई थी ताकि गौशालाओं के आसपास गायों को पर्याप्त चारा मिल सके। कार्य का नाम: गौशाला चारागाह सिद्धबाबा प्यारी क्र 1 वर्क कोड: 1746002 039/LD/2 2012034 526485

निकाली गई राशि: 4,32,180 रुपये इस कार्य में धरातल पर कोई चारागाह नहीं बना है। लेकिन अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी तरीके से 4 लाख 32 हजार 180 रुपये निकाल लिए गए। सबसे हैरानी की बात यह है कि इस □□□□□ कार्य को पूर्ण बताकर इसका 'कम्पलीशन सर्टिफिकेट' भी जारी कर दिया गया है। सीएम हेल्पलाइन भी बेअसर, सीईओ कर रहे मामले की लीपापोती?

इस खुले भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक नागरिकों द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई गई है (शिकायत क्रमांक: 36846721)। लेकिन सिस्टम की जड़ें इतनी गहरी हैं कि एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी जनपद पंचायत सीईओ रवि ग्वाल द्वारा केवल जांच का दिखावा किया जा रहा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि सीईओ ने आज तक उनसे संपर्क कर बयान लेना या सुबूत मांगना तक जरूरी नहीं समझा। इससे साफ प्रतीत होता है कि आला अधिकारी खुद इस भ्रष्टाचार की लीपापोती करने और दोषियों को बचाने में लगे हुए हैं। अब देखना यह है कि क्या जिला कलेक्टर और लोकायुक्त (Lokayukta) इस 'लूट के सिस्टम' को तोड़ने के लिए कोई सख्त कदम उठाएंगे या फिर जनता की गाढ़ी कमाई यूं ही भ्रष्टाचारियों की ऐशो-आराम की भेंट चढ़ती रहेगी?

# सेन जी महाराज की जयंती 13 और 14 अप्रैल को उमरिया पहुंचने की अपील

**समाज जागरण**

उमरिया। सेन जी महाराज की 726 वी जयंती कार्यक्रम मध्य प्रदेश की उमरिया जिले में सेन समाज विकास संगठन उमरिया मध्य प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष अशोक सेन जी के नेतृत्व में उमरिया जिले में सेन जी महाराज की जयंती मनाने की तैयारी चल रही है जानकारी देते हुए सेन समाज विकास संगठन के संभागीय अध्यक्ष अनुज सेन ने जानकारी देते हुए बताया है कि इस वर्ष बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ उमरिया नगर सहित ग्राम तालाब बांधवगढ़ में सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह, परिचय सम्मेलन, का कार्यक्रम 13 अप्रैल 2026 दिन सोमवार को स्थानीय सामुदायिक भवन उमरिया में मनाया जाना है तथा 14 अप्रैल 2026 दिन मंगलवार को बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान में संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जन्म स्थली बांधवगढ़ में माननीय उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला जी, माननीय सांस्कृतिक मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, माननीय सुश्री मीना सिंह जी विधायक मानपुर, माननीय शिवना रायण सिंह जी विधायक बांधवगढ़, माननीय दिव्या राज सिंह जी विधायक सिरमौर, माननीय रिकेश सेन जी विधायक वैशाली नगर छत्तीसगढ़, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रश्मि सिंह जी, सेन समाज विकास संगठन प्रदेश अध्यक्ष अशोक सेन जी के नेतृत्व व उमरिया जिले के वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन में भूमि पूजन कार्यक्रम ग्राम ताला बांधवगढ़ जिला उमरिया में संपन्न होना है संपूर्ण भारत के सेन समाज के लोगों से आग्रह है निवेदन है की सेन समाज के अग्रदूत संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की जयंती समारोह में उमरिया जिले में ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपनी सहभागिता के साथ अपने संपूर्ण परिवार ईस्ट मित्रों के साथ उमरिया में 13 एवं 14 अप्रैल को सेन जयंती कार्यक्रम को सफल बनावे। समस्त सेन समाज विकास संगठन उमरिया

# काली खप्पर नृत्य के साथ जवारे का विसर्जन

**समाज जागरण**

अमलाई । नगर के बस स्टैंड में चैत्र नवरात्रि के समापन अवसर पर मंदिर समिति द्वारा भव्य जवारा जुलूस का आयोजन दिनांक 29 मार्च दिन रविवार शाम 6:00 बजे मां जगतजननी के दरबार में ढोल नगाड़े की थाप पर काली खप्पर नृत्य के साथ भव्य जवारा जुलूस आयोजन किया गया ।मां भगवती के जवारे नगर का भ्रमण करते हुए स्थानीय तालाब में विसर्जित किया गया ।

# वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बने प्रांतीय चुनाव प्रभारी

**समाज जागरण**

शहडोल। मध्य प्रदेश नामदेव समाज विकास परिषद (पंजीयन क्रमांक 3315) की कार्यकारिणी का प्रादेशिक चुनाव दिनांक आगामी 17 मई को सामुदायिक भवन नामदेव समाज, जवाहर चौक भोपाल में.संपन्न होने जा रहा है। उक्त प्रांतीय चुनाव को लेकर भोपाल के वरिष्ठ अधिवक्ता, शहडोल निवासी अजय कुमार नामदेव को मुख्य चुनाव अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि, मध्य प्रदेश नामदेव समाज विकास परिषद की वोटर लिस्ट में दिनांक 15 अप्रैल तक नाम जोड़ने की प्रक्रिया जारी है। इस तारीख के बाद वोटर लिस्ट में नाम नहीं जोड़े जाएंगें। उन्होंने कहा कि, जिनका भी नाम वोटर लिस्ट में है, वह सभी परिषद के चुनावी प्रक्रिया में, परिषद की नई कार्यकारिणी के निर्माण के लिए आकर, अपना अमूल्य मत का प्रयोग करें और समाज के नव निर्माण में भागीदार बने। बताया कि, चुनाव की अधिसूचना शीघ्र ही जारी की जावेगी।

# नगरीय विकास ने की नाम निदिष्ठ पार्षदों की घोषणा

### पाली में चहुँ ओर खुशी की लहर, बधाइयों का ताता

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --- मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास विभाग के व्दारा नाम निदिष्ठ पार्षदों की घोषणा करते हुये नगर पालिका परिषद के अति विशिष्ट नागरिकों को पार्षद पद पर चयन किया गया है। इनमें भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष विव्दान अधिवक्ता सुशांत सक्सेना, पूर्व मंडल अध्यक्ष और युवा तुर्क प्रदीप सोनी, भारतीय जनता पार्टी के कामता प्रसाद विश्वकर्मा, सुधीर मोटवानी, कमल सिंह, और महिला नेत्री श्री मती वंदना यादव की ताजपोशी की गयी है। नगर पालिका परिषद पाली में नव निर्वाचित पार्षदों की घोषणा से नगर में हर्ष की लहर दौड़ गयी है। नव निर्वाचित पार्षदों को नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सुश्री शंकुतला प्रधान, उपाध्यक्ष राजेश पटेल,भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष श्रीमती राधा तिवारी, और उनकी टीम ने शुभकामनाएं दी है। वही पर नव निर्वाचित पार्षदों को उनके इष्ट मित्रों ने हार्दिक शुभकामनाएं दी है। पार्षद मनोनीत होने पर प्रदीप सोनी का भव्य स्वागत नगर में किया गया।विदित होवे की मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास विभाग ने पाली सहित 122 नगर पालिका परिषद में नाम निदिष्ठ पार्षदों का आदेश जारी कर नगरीय निकायों को विकास कार्यों के लिए एल्डर मैन नियुक्ति किया है।

# एलडीए नोटिस के खिलाफ व्यापारियों में आक्रोश,

**समाज जागरण**
**लखनऊ संवाददाता**

लखनऊ अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से आज ललित इलेक्ट्रिकल्स स्थित व्यापार मंडल कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य विषय लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) द्वारा व्यापारियों को भेजी गई नोटिस रहा, जिसको लेकर स्थानीय व्यापारियों में भारी आक्रोश देखने को मिला।



व्यापारियों का कहना है कि यह बाजार लगभग 30 से 40 वर्षों पुराना है। जब इन दुकानों और मकानों का निर्माण हुआ था, उस समय किसी प्रकार की नक्शा स्वीकृति की प्रक्रिया नहीं बताई गई और न ही एलडीए की ओर से कोई दिशा-निर्देश दिए गए। ऐसे में अब इतने वर्षों बाद नक्शा प्रस्तुत करने की मांग करना व्यापारियों के लिए मुश्किल और अनुचित है। बैठक में मौजूद व्यापारियों ने यह भी कहा कि पहले से ही व्यापार की स्थिति कमजोर बनी हुई है, ऐसे में इस प्रकार की नोटिस भेजकर उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि वर्तमान समय में बनने वाले नए मकानों और दुकानों के लिए नक्शा स्वीकृति आवश्यक होनी चाहिए।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष ललित सक्सेना ने एलडीए की इस कार्यवाही का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि व्यापारियों के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि जल्द ही व्यापार मंडल की ओर से सरोजिनी नगर विधायक और नगर महापौर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

इस बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष ललित सक्सेना, संरक्षक सत्येंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी विजय श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव, सचिव महताब खान सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी पर मंथन के लिए जुटेंगे युवा विधायक

**समाज जागरण भोपाल**

राष्ट्रकुल संसदीय संघ (भारत क्षेत्र 6) के तीन राज्यों मध्य प्रदेश ,छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान के युवा विधायकों का सम्मेलन 30-31 मार्च 2026 को मध्य प्रदेश विधानसभा में आयोजित किया जा रहा है।

इस संबंध मे विधानसभा अध्यक्ष माननीय नरेंद्र सिंह तोमर ने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया तथा कार्यक्रम सफल एवं सुचारु रूप से संपन्न हो इस हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।इस अवसर पर विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा भी उपस्थित रहे। आयोजन की तैयारियों के अवलोकन उपरांत विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र को मजबूत करना और युवा जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर मंथन करना है। सम्मेलन में लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी और जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। मध्यप्रदेश में इस तरह का युवा विधायक सम्मेलन होना गर्व की बात है। सम्मेलन के दौरान कुल पांच सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें पहले दिन तीन और दूसरे दिन दो सत्र होंगे। सम्मेलन में 45 वर्ष से कम उम्र वाले मध्यप्रदेश के 37, राजस्थान के 13 और छत्तीसगढ़ के 13 विधायक शामिल होंगे।

गौरतलब है कि सम्मेलन 30 मार्च 2026 को प्रातः 9:30 बजे से प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन के प्रथम दिवस ह्यलोकतंत्र और नागरिकों की भागीदारी को मजबूत करने हेतु युवा विधायकों की भूमिका विषय पर मंथन होगा। प्रथम दिवस माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्व विद्यालय के कुलगुरु श्री विजय मनोहर तिवारी भी युवा विधायकों को संबोधित करेंगे।

सम्मेलन के दूसरे दिन 31 मार्च को विकसित भारत 2047 युवा विधायकों के दायित्व एवं चुनौतियां विषय पर मंथन होगा। इस दिन अन्य सत्रों के अलावा एमआईटी पूना के चेयरमैन डॉ. राहुल वी. कराड का संबोधन होगा। समापन समारोह में राज्य सभा के उप सभापति श्री हरिवंश उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# जानलेवा जाम से जूझता कानपुर, एंबुलेंस फंसने से मरीज पहुंचा मौत के करीब,भर्ती

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। जगह-जगह पर भीषण जाम की समस्या ने आज रविवार को एक मरीज की जिंदगी खतरे में डाल दी। मुरारी लाल चेस्ट हॉस्पिटल में भर्ती होने के पहले तक भीषण जाम के रूप में यह मौत मरीज के सामने नाचती हुई नजर आई। जाम में फांसी एंबुलेंस को बड़ी मुश्किल से बाहर निकालने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया जा सका।

यह जानलेवा हालत तब पैदा हुए जब जीटी रोड पर मुरारी लाल चेस्ट हास्पिटल के सामने अतिक्रमण अभियान के चलते रविवार दोपहर लगभग 2 किलोमीटर तक भीषण जाम लग गया। मुरारी लाल चेस्ट




हॉस्पिटल से लेकर गुरुदेव चौराहे तक लंबे जाम में वाहन रेंगते रहे। इसमें कई एंबुलेंस फंसी रही।

जानकारी के मुताबिक एंबुलेंस में गंभीर रूप से बीमार बुजुर्ग रामकृष्ण को बिल्हौर से कानपुर रेफर किया गया था, डेढ़ घंटे तक जाम में मरीज तड़पता रहा और इस दौरान परिजन परेशान हो गए। आक्सीजन के सहारे महज 2 से 3 किमी. का सफर तय करने में डेढ़ घंटे से ज्यादा का समय लग गया और मरीज की जान सांसत में फंस गई। करीब डेढ़ घंटे बाद परिवार के लोग मरीज को मुरारी लाल चेस्ट हास्पिटल में आकर भर्ती कराया। अवगत कराते चलें कि इसके पहले भी जाम की समस्या और भी कई मरीजों की असमय मौत का कारण बन चुकी है।

# गैस की किल्लत और रसोइया गायब: शहरों में बढ़ी रेडी-टु-ईट खाने की मांग, क्विक कॉमर्स की चांदी

## एलपीजी की कमी और घरेलू सहायकों के पलायन के चलते शहरी परिवारों ने 'रेडी -टु - ईट' विकल्पों और इंडक्शन कुकटॉप की ओर रुख किया है, जिससे क्विक कॉमर्स में उछाल आया है

रसोई गैस की आपूर्ति में कमी और घरेलू सहायकों के कुछ समय के लिए अपने प्रदेश लौट जाने के कारण घरों में खाना पकाने में व्यवधान आ गया है। लेकिन इस दिक्कत ने क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर रेडी टु ईट (तुरंत खाई जाने वाली चीजों) सामान की मांग बढ़ा दी है। उद्योग के अधिकारियों का कहना है कि यह रुझान घबराहट में खरीदारी की ओर इशारा नहीं करता बल्कि यह एक धीरे-धीरे हो रहा व्यवहारिक बदलाव है क्योंकि शहरी परिवार सुविधाजनक और कम कोशिश वाले खाने के विकल्पों की ओर झुक रहे हैं। कई मामलों में घरेलू नौकर, जिनमें कई प्रवासी हैं, किराए के घरों में एलपीजी सिलिंडर मिलने में आ रही दिक्कतों के कारण अपने घरों को लौट गए हैं। इस वजह से उनके मालिकों की अब रेडी टु ईट विकल्पों पर निर्भरता बढ़ गई है।



बिगबास्केट के चीफ मर्केंडाइजिंग ऑफिसर शिशु कुमार तिरुमला ने कहा, प्लेटफॉर्म पर रेडी टु ईट श्रेणी में सामान्य स्तर से करीब 10 फीसदी की बढ़ोतरी हो रही है। तिरुमला ने कहा, पिछले 5 दिनों में हमारे इंडक्शन कुकटॉप की बिक्री बहुत अच्छी रही है, जो हमारे सामान्य बिजनेस एज यूजुअल (बीएयू) आंकड़ों से करीब 10 गुना ज्यादा है। बाकी श्रेणियां, जिनमें रेडी टु ईट सामान शामिल हैं, की बीएयू वृद्धि 10 फीसदी से ज्यादा रही हैं।

फ्रेशकॉन इंडिया के सह-संस्थापक अनुपम बोकी ने बताया कि पिछले सात दिनों में कंपनी ने अपने गैस सेविंग सामान पर सामान्य उत्पादों की तुलना में लगभग दो गुना ज्यादा मांग देखी है। यह इस बात का संकेत है कि खाना पकाने के ज्यादा अधिक कुशल तरीकों में लोगों की दिलचस्पी तेजी से बढ़ रही है। फ्रेशकॉन इंडिया एक डायरेक्ट टु कंज्यूमर प्लेटफॉर्म है और रेडी टु ईट सामान उपलब्ध कराता है।

उन्होंने कहा, हम देख रहे हैं कि उपभोक्ता और फूड बिजनेस दोनों ही ज्यादा असरदार कुकिंग सामान को अपनाने का बढ़ता रुझान साफ तौर पर देख रहे हैं। भारत के सबसे बड़े इंटरनैशनल फूड और हॉस्पिटैलिटी मेले आहार में वितरक, निर्यातक और होरेका पार्टनरों ने फ्रेशकॉन के रेडी टु यूज फॉर्मेट में काफी दिलचस्पी दिखाई। ये फॉर्मेट कुकिंग का समय 80 फीसदी तक कम कर सकते हैं और 60 फीसदी तक गैस बचा सकते हैं। उन्होंने कहा, इसका असर अब फूड सर्विस सेक्टर से फ्रेशकॉन के लिए आने वाली पूछताछ में दिखना शुरू हो गया है।

एमेजॉन इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी इंस्टेंट नूडल्स, जूस, नट्स और प्रोटीन वाले स्नैक्स जैसी श्रेणियों में मांग में काफी बढ़ोतरी देख रही है। प्रवक्ता ने कहा, पिछले कुछ हफ्तों में हमने जल्दी और आसानी से बनने वाले खाने के विकल्पों की मांग में काफी बढ़ोतरी देखी है क्योंकि लोग अब ऐसे विकल्पों की तलाश कर रहे हैं, जिनमें खाना बनाने में कम से कम समय लगे। ग्राहक एमेजॉन नाउ के जरिये तुरंत डिलिवरी का भी रुख कर रहे हैं, जिसके तहत दिल्ली-एनसीआर, मुंबई और बेंगलूरु के कुछ हिस्सों में खाने-पीने की जरूरी चीजें कुछ ही मिनटों में डिलिवर हो जाती हैं। एमेजॉन ने एक खास रेडी टु ईट स्टोर भी बनाया है, जिसमें जल्दी से बनने वाले खाने के कई विकल्प मौजूद हैं। कंपनी के सूत्र ने बताया कि क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म जेप्टो में रेडी टु ईट चीजों की बिक्री में भी मामूली बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। हालांकि, उस व्यक्ति ने यह भी कहा कि यह बढ़ोतरी बहुत बड़ी नहीं है। कंज्यूमर इनसाइट्स फर्म डेटम इंटेलिजेंस के संस्थापक सतीश मीणा के अनुसार, शुरूआती रुझान किसी तरह के तत्कालिक बदलाव का संकेत नहीं देते हैं, लेकिन चौथे सप्ताह (पश्चिम एशिया संघर्ष के) में मांग में एक उल्लेखनीय अंतर दिखाई दे सकता है। ऐसा इसलिए कि रेस्तरां अपना काम जारी रखने के लिए जूझ रहे हैं और शहरी घरों में घरेलू कामगारों से जुड़ी स्थितियां भी बदल रही हैं, जिसमें घरेलू सहायकों का हिस्सा संभवतः अपने गृह नगरों को लौट गया है।

# मेट्रो शहरों को मात दे रहे छोटे शहर: ऑफिस लीजिंग में आई दोगुनी उछाल, इंदौर-जयपुर बने नए हब

भारत में महानगरों के बाद की श्रेणी में आने वाले मझोले शहर ऑफिस संपत्ति के बाजार में तेजी से नए केंद्र के रूप में उभर रहे हैं। इन शहरों में वित्त वर्ष 2025 में ऑफिस लीजिंग यानी कार्यालयों को पट्टे पर देने की गतिविधियों में सालाना आधार पर लगभग दोगुनी वृद्धि हुई है।



उद्योग के अधिकारियों और सलाह कारों का कहना है कि कब्जेदार अब टैलेंट पूल का लाभ उठाने और लागत कम करने के लिए तेजी से विकेंद्रीकृत विस्तार रणनीतियां अपना रहे हैं। इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार, महानगरों में बढ़ते किराये और कर्मचारियों की बदलती पसंद कंपनियों को शीर्ष बाजारों से इतर देखने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। कोयंबत्तूर, कोच्चि,

जयपुर, अहमदाबाद, इंदौर और भुवनेश्वर जैसे शहर आज रियल्टरों की पसंद बन रहे हैं। एनारॉक समूह के प्रबंध निदेशक (कमर्शियल लीजिंग ऐंड एडवाइजरी) पीयूष जैन ने कहा, ह्यइन बाजारों में ऑफिस लीजिंग पिछले तीन साल में लगातार बढ़ी है और वित्त वर्ष 2025 में यह गतिविधि वित्त वर्ष 2024 के मुकाबले लगभग दोगुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि मझोले शहरों में परिचालन खर्च कम होता है। कब्जेदारों का एबिटा मार्जिन काफी बढ़ा है और लीजिंग की लागत बड़े शहरों के बाजारों के मुकाबले 30-50 प्रतिशत कम बनी हुई है।

वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) का देश भर की कुल लीजिंग में 40 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा है और ये केंद्र अब चुनिंदा तरीके से कोयंबत्तूर, कोच्चि, विशाखापट्टनम और जयपुर जैसे शहरों में भी विस्तार कर रहे हैं। फ्लेक्स वर्कस्पेस ऑपरेटर विस्तार की योजनाओं को एंटरप्राइज ऑक्यूपायर की विकेंद्रीकरण रणनी तियों के साथ ज्यादा से ज्यादा जोड़ रहे हैं। ऑफिस स्पेस सॉल्युशंस के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अमित रमानी ने कहा, ह्यभारत के टियर-2 शहरों में जो तेजी दिख रही है, वह असली है और लगातार बढ़ रही है। टियर-2 शहरों में कंपनी की सीटों की संख्या में सालाना आधार पर लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, क्योंकि उद्यम अब भौगोलिक विविधता और ऑक्यूपेंसी की कम लागत की तलाश में हैं।

रियल एस्टेट कंसल्टेंसी फर्म वेस्टियन के अनुसार मझोले शहरों में 575 से ज्यादा सेंटर और 88 लाख वर्ग फुट का फ्लेक्स स्टॉक है। यह देश के कुल फ्लेक्स सेंटरों का लगभग 29 प्रतिशत और पूरे भारत के फ्लेक्स स्टॉक का 9 प्रतिशत से ज्यादा है।

मझोले शहरों में फ्लेक्स सेंटरों का लगभग दसवां हिस्सा जीसीसी आधारित परिचालन को सेवाएं देता है। इन शहरों में फ्लेक्स स्पेस महानगरों की तुलना में 50 प्रतिशत तक की लागत बचत मुहैया कराते हैं। उद्योग से जुड़े लोगों का कहना है कि मेट्रो शहरों में बढ़ते किराये के कारण यह बदलाव तेजी से हो रहा है।

# तीखी बहसों के साथ बजट सत्र का पहला भाग पूरा

## बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरु होगा और 2 अप्रैल तक चलेगा। इसमें सरकार वित विधेयक पारित कराने का प्रयास करेगी।

बजट सत्र का पहला चरण शुक्रवार को समाप्त हो गया। बीते 28 जनवरी को शुरू हुए सत्र के इस भाग में भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते और पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे के

अप्रकाशित संस्मरण पर तीखी बहसें हुईं। भारी हंगामे एवं नियमों के उल्लंघन के आरोपों में विपक्ष के 8 सांसदों को शेष सत्र के लिए निलंबित भी किया गया। लोक सभा में शुक्रवार की सुबह विपक्षी सदस्यों ने केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के इस्तीफे की मांग करते हुए नारे लगाए और भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते का भी विरोध किया। लगातार हंगामे और विरोध के कारण सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। राज्य सभा की कार्यवाही निर्धारित प्रश्नकाल के बाद दोपहर 1 बजे रोक दी गई।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सरकार ने लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री के खिलाफ असंसदीय भाषा का इस्तेमाल करने पर उनके खिलाफ प्रस्ताव

लाने की कोई योजना नहीं है, क्योंकि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस नेता के खिलाफ इस मुद्दे पर ह्यनिजी प्रस्ताव शुरू करने के लिए नोटिस दिया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मामले को सदन की विशेषाधिकार समिति, नैतिकता समिति को भेजा जाए या सीधे लोक सभा में लाया जाए, इस बारे में अध्यक्ष से सलाह ली जाएगी।

एक्स पर हिंदी में पोस्ट में राहुल गांधी ने वीडियो साझा करते हुए गुरुवार को कहा था, ह्यएफआईआर दर्ज हो, मुकदमा दर्ज हो या विशेषाधिकार प्रस्ताव लाया जाए, मैं किसानों के लिए लड़ूंगा। कोई भी व्यापार समझौता जो किसानों की आजीविका छीनता है या देश की खाद्य सुरक्षा को कमजोर करता है, वह किसान विरोधी है। हम किसान विरोधी मोदी सरकार को अन्नदाताओं के हितों से समझौता नहीं करने देंगे।

नेता प्रतिपक्ष ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में देश भर के किसान संघों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस बैठक में भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते का विरोध करने के साथ-साथ किसानों और कृषि मजदूरों की आजीविका की रक्षा के लिए राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करने पर चर्चा की गई।

बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होगा और 2 अप्रैल तक चलेगा। इसमें सरकार वित्त विधेयक पारित कराने का प्रयास करेगी। तीन सप्ताह के अवकाश के दौरान स्थायी समितियां केंद्रीय बजट में विभिन्न मंत्रालयों को आवंटित धन की जांच करेंगी। बजट सत्र के दौरान एक ऐसा अवसर भी आया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब नहीं दिया, क्योंकि अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष के विरोध को देखते हुए उनसे लोक सभा की कार्यवाही में हिस्सा लेने नहीं आने का अनुरोध किया था।

विपक्ष ने बिरला को अध्यक्ष पद से हटाने के लिए प्रस्ताव पेश करने का नोटिस भी प्रस्तुत किया। बिरला ने अपने निष्कासन से संबंधित मुद्दा सुलझने तक सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करने का फैसला किया। बिरला को अध्यक्ष के रूप में हटाने का प्रस्ताव 9 मार्च से शुरू होने वाले सत्र के दूसरे भाग में सदन के सामने आने की संभावना है।

# विदेशी निवेशकों का भारत से मोहभंग? उभरते बाजारों में सबसे ज्यादा पूंजी भारतीय शेयर बाजार से निकली

इलारा सिक्योरिटीज की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल जनवरी के बाद पहली बार वैश्विक इक्विटी फंडों का ज्यादा निवेश निकला है जबकि आया कम है। इसकी वजह भू-राजनीतिक तनाव है जिसने निवेशकों के मनोबल पर असर डाला। यह बदलाव ऐसे समय हुआ है, जब पश्चिम एशिया में लड़ाई का 5वां हफ्ता शुरू हो गया है और इस कारण सभी बाजारों से बड़े पैमाने पर निवेश की निकासी हो रही है।




उभरते बाजारों यानी ईएम से रकम की निकासी जारी रही, हालांकि बिकवाली की रफ्तार थोड़ी धीमी हुई। पिछले हफ्ते ग्लोबल उभरते बाजार (जीईएम) के फंडों से 73 करोड़ डॉलर बाहर निकले जबकि उससे पिछले हफ्ते यह आंकड़ा 2.7 अरब डॉलर था। इस तरह पिछले तीन हफ्तों में कुल मिलाकर 3.7 अरब डॉलर की निकासी हो चुकी है। उभरते बाजारों में भारत सबसे ज्यादा प्रभावित बाजार के तौर पर उभरा है। पिछले हफ्ते देश से 97 करोड़ डॉलर और पिछले तीन हफ्तों में 3.7 अरब डॉलर की निकासी देखी गई, जो घरेलू इक्विटी पर लगातार दबाव का संकेत है। शुक्रवार को बेंचमार्क निफ़्टी 2.1 फीसदी गिर गया। इसमें यह लगातार 5वीं साप्ताहिक गिरावट और अगस्त 2025 के बाद की गिरावट का सबसे लंबा सिलसिला है। भारत केंद्रित फंडों में भी लगातार निवेश निकासी हुई है। विगत दो हफ्तों में 2.4 अरब डॉलर की निकासी के बाद पिछले वाले सप्ताह 81.4 करोड़ डॉलर की निकासी हुई। रिपोर्ट में बताया गया कि जहाँ लॉन्ग ओनली निवेश पहले से ही कमजोर था, वहीं अब एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) अतिरिक्त बिकवाली का मुख्य जरिया बन गए हैं, जिसकी मुख्य वजह अमेरिका में रहने वाले निवेशक हैं। इसके विपरीत, ताइवान और दक्षिण कोरिया जैसे अन्य एशियाई बाजारों से अपेक्षाकृत कम पूंजी की निकासी हुई जबकि चीन में 1.4 अरब डॉलर का पूंजी निवेश आया। इस बीच, अमेरिकी इक्विटी फंडों से 27 अरब डॉलर निकले। इस निकासी ने पिछले हफ्ते आया 50 अरब डॉलर का निवेश पलट दिया। निवेश आने का कारण भूराजनीतिक तनाव कम होने की उम्मीद थी। ज्यादा बिकवाली घरेलू निवेशकों ने की, जिन्होंने एक हफ्ते पहले 50 अरब डॉलर का निवेश करने के बाद अब 24 अरब डॉलर निकाल लिए। विदेशी निवेशकों ने लगातार तीसरे हफ्ते अपना निवेश घटाना जारी रखा और 3.5 अरब डॉलर की निकासी की।

जोखिम से दूर रहने की भावना जिंसों तक पहुंच गई है। इनमें पारंपरिक सुरक्षित निवेश ठिकाने भी शामिल हैं। गोल्ड फंडों से 7 अरब डॉलर की निकासी हुई, जो अक्टूबर 2025 के बाद से सबसे ज्यादा है। इससे पता चलता है कि रक्षात्मक आवंटन के बजाय यह मजबूरी में निकाला गया निवेश था। कमोडिटी इक्विटी फंडों से 4.7 अरब डॉलर की रिकॉर्ड निकासी दर्ज की गई।

# ग्लोबल बाजारों में फिसलन जारी: तेल संकट और बॉन्ड यील्ड बढ़ने से बढ़ी चिंता

## एशियाई शेयरों का एमएससीआई इंडेक्स (जापान को छोड़कर) ओवरनाइट 0.8 फीसदी गिरा। अमेरिकी एसऐंडपी 500 के फ्यूचर्स ने अपनी शुरूआती बढ़त गंवा दी

दुनिया भर के शेयर बाजार शुक्रवार को फिर गिर गए। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने की समय सीमा बढ़ाने के कदम से भी तेल की कीमतों या सरकारी बॉन्डों को कोई राहत नहीं मिली। ट्रंप ने इस समय सीमा को आगे बढ़ा दिया है और कहा है कि इसके बाद ईरान को अपने ऊर्जा इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमलों का सामना करना पड़ेगा। यह घोषणा ठीक तब हुई, जब गुरुवार को वॉल स्ट्रीट के शेयरों में युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक की सबसे बड़ी एक दिवसीय गिरावट आई थी।



हालांकि, ईरान ने सीधे तौर पर ऐसा कोई संकेत नहीं दिया कि वह बातचीत के लिए तैयार है और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दोहराया कि वह इस क्षेत्र में जहाजों के आवागमन को बाधित करने की कोशिश करेगी, जिससे तेल की कीमतों में उछाल में मदद मिलेगी। पूरे यूरोप का स्टॉक्स 600 इंडेक्स गुरुवार को 1.1 फीसदी गिरने के बाद शुक्रवार को 1 फीसदी और गिर गया। जर्मनी का डैक्स इंडेक्स भी 1.2 फीसदी नीचे रहा।

पेट्रोल-डीजल पर बड़ी टैक्स कटौती, पर समझिए सरकारी खजाने का गणित और कहां जाता है आपका पैसा एशियाई शेयरों का एमएससीआई इंडेक्स (जापान को छोड़कर) ओवरनाइट 0.8 फीसदी गिरा। अमेरिकी एसऐंडपी 500 के फ्यूचर्स ने अपनी शुरूआती बढ़त गंवा दी और पिछली गिरावट के बाद (जो पिछले सत्र में 1.7 फीसदी थी) अब वह 0.5 फीसदी नीचे हैं। तकनीक पर केंद्रित नैसडेक कम्पोजिट गुरुवार को 2.4 फीसदी गिर गया, जिससे यह इंडेक्स अक्टूबर के आखिर में अपने रिकॉर्ड उच्च बंद स्तर से करीब 11 फीसदी नीचे आ गया है।

गुरुवार को तेजी के बाद सरकारी बॉन्ड यील्ड में और बढ़ोतरी हुई क्योंकि निवेशक संभावित महंगाई के झटके से जूझ रहे हैं, जिसके कारण केंद्रीय बैंकों को ब्याज दरें बढ़ानी पड़ सकती हैं। कीमतें गिरने पर यील्ड बढ़ती है और इसके विपरीत कीमतें बढ़ने पर यील्ड घटती है।

होर्मुज स्ट्रेट खुला लेकिन समुद्री बीमा प्रीमियम महंगा, शिपिंग लागत और जोखिम बढ़े

10 वर्षीय अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड (जो दुनिया भर में उधार लेने की लागत का रुख तय करती है) करीब 4 आधार अंक बढ़कर 4.468 फीसदी पर पहुंच गई है। यह जुलाई के बाद का इसका सबसे ऊंचा स्तर है। मनी मार्केट अब लगभग 60 फीसदी संभावना देख रहे हैं कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व इस साल दरों में बढ़ोतरी करेगा। यह फरवरी के आखिर की स्थिति से एक बड़ा बदलाव है, जब ट्रेडर 2026 में दो बार दरें घटने पर दांव लगा रहे थे। जर्मनी के 10 वर्षीय बॉन्ड की यील्ड बढ़कर 3.13 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई, जो 2011 के बाद से उसका उच्चतम स्तर है।

# पश्चिम एशिया की जंग से भारतीय अर्थव्यवस्था पर संकट: क्या 7.4% की विकास दर हासिल कर पाएगा भारत?

भारत सरकार की मासिक आर्थिक रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि अगले वित्तीय वर्ष (1 अप्रैल से शुरू) में 7 से 7.4 प्रतिशत की अनुमानित विकास दर को खतरा है। इसकी मुख्य वजह है पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष, जिससे ऊर्जा की कीमतें बढ़ रही हैं और सप्लाई चेन बिगड़ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, करीब एक महीने पहले अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमला किया था। इसके बाद विश्व के 20 प्रतिशत तेल परिवहन वाले महत्वपूर्ण शिपिंग रूट पर असर पड़ा है। इससे न सिर्फ तेल और फ्रेट की लागत बढ़ गई है, बल्कि सप्लाई चेन भी प्रभावित हुई है। सरकार की समीक्षा में कहा गया है कि इससे भारत में महंगाई और विकास दोनों पर दबाव बढ़ सकता है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने लिखा है कि अप्रैल और शायद मई के हाई-फ्रीक्वेंसी डेटा से नए वित्त वर्ष की सच्ची तस्वीर साफ होगी। उन्होंने यह



भी चेताया कि चालू वित्त वर्ष के अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 1.3 प्रतिशत तक पहुंच चुका करंट अकाउंट डेफिसिट अगले साल और ज्यादा बिगड़ सकता है।

में भारत का बड़ा कदम: डिजिटल ट्रेड पर टैरिफ न लगाने के मोरेटोरियम को दो साल के लिए दी मंजूरी रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि प्रभावित क्षेत्रों के सबसे कमजोर कारोबारियों और परिवारों को तुरंत लक्षित राहत देनी चाहिए। घरेलू मांग अभी तक काफी स्थिर बनी हुई है, लेकिन आयात पर निर्भर सेक्टरों में जोखिम बढ़ गया है।

मार्च में भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले गिरकर करीब 95 के आसपास पहुंच गया।

# विनिर्माण क्षमता बढ़ाएगा बजट, नागरिकों को आत्मनिर्भर बनने में मदद करेगा: FM सीतारमण

## निर्मला सीतारमण ने बजट के बारे में विस्तार से समझाते हुए कहा, 'बजट का जोर घरेलू विनिर्माण क्षमता बढ़ाने और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने पर है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को जोर देकर कहा कि आत्मनिर्भरता सरकार की आर्थिक रणनीति का मूल सिद्धांत बना हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 का उद्देश्य अर्थव्यवस्था में तेज विकास और कम मुद्रास्फीति के दुर्लभ दौर का लाभ उठाते हुए घरेलू क्षमताओं को मजबूत करना है। राज्य सभा में वित्त मंत्री ने वर्तमान व्यापक आर्थिक वातावरण को गोल्डीलॉक्स मोमेंटह्व बताया यानी यह निवेशकों और नीति निमार्ताओं के लिए अनुकूल और आर्थिक रूप से संतुलित स्थिति है। उन्होंने कहा कि यह माहौल अचानक नहीं बल्कि, निरंतर प्रयास, सावधानी पूर्वक योजना और समय पर नीतिगत कार्रवाई की वजह से बना है। निर्मला सीतारमण ने बजट के बारे में विस्तार से समझाते हुए कहा, बजट का जोर घरेलू विनिर्माण क्षमता बढ़ाने और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने पर है। इसके अलावा यह बजट देश के नागरिकों को आत्मनिर्भर बनने में भी मदद करेगा। जीवन को आसान बनाने, रोजगार सृजित करने, कृषि उत्पादकता बढ़ाने और घरों की क्रय शक्ति मजबूत करने के उद्देश्य से किए गए उपाय इस दृष्टिकोण का हिस्सा हैं। उनके अनुसार, यह रणनीतिक कदम ऐसे




समय उठाए गए हैं जब प्रमुख आर्थिक संकेतक अनुकूल बने हुए हैं। वित्त मंत्री ने कहा, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी पहले अग्रिम अनुमानों के अनुसार, 2025-26 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि नॉमिनल वृद्धि लगभग 8 प्रतिशत के स्तर पर बने रहने की उम्मीद है। जबकि इस दौरान उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति लगभग 2 प्रतिशत तक नरम हो गई है और लगातार अधिकतर समय नियंत्रण में रही है।

कल्याणकारी योजनाओं में व्यय में कटौती के विपक्ष के आरोप को खारिज करते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि राज्यों को किसी भी योजना के तहत मिलने वाले धन से वंचित नहीं किया गया है और न ही उनका धन रोका गया है। वित्तीय अनुशासन का मतलब अत्यधिक उधार लेना या धन आवंटन में कंजूसी नहीं होता है।

# आयुर्वेद के मुताबिक एक साथ भूलकर भी नहीं खानी चाहिए ये चीजें

**आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.**

आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.






विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.


विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.





दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.


दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.





वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक बना सकते हैं.





वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक बना सकते हैं.

अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.





शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.





# पालीगंज में दलित किसान मजदूर के बेटे व बेटी ने रचे इतिहास

## उपेन्द्र कुमार बना स्कूल टॉपर तो सावित्री ने की बेहतर प्रदर्शन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती, इसे एक बार फिर सच कर दिखाया है पालीगंज के रघुनाथपुर का बेटा उपेन्द्र कुमार व बेटी सावित्री कुमारी ने। दलित किसान मजदूर परिवार से आने वाले उपेन्द्र कुमार व सावित्री कुमारी ने 10+2 राजकीयकृत दामोदर उच्च माध्यमिक विद्यालय रघुनाथपुर की छात्र व छात्रा है। उपेन्द्र कुमार ने मैट्रिक परीक्षा फल की घोषणा के अनुसार 435 अंक हासिल कर पूरे स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वही सावित्री कुमारी ने 353 अंक प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन की है। उनकी इस ऐतिहासिक सफलता से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। दोनो की सफलता की सबसे बड़ी खासियत उनका संतुलित प्रदर्शन रहा। दोनो ने अपनी सफलता का श्रेय पालीगंज प्रखण्ड क्षेत्र के खिरिमोड थाना अंतर्गत निरखपुर गांव में संचालित ए एस कोचिंग सेंटर के शिक्षक वेद प्रकाश उर्फ हंस राज को देते हुए बताया कि शुरू से ही सरकारी विद्यालयों में सही ढंग से पढ़ाई लिखाई नही होती थी। लेकिन शिक्षकों के नए नियुक्ति के बाद सुधार हुई लेकिन उतना सुधार नही हुई जितना आवश्यक है। जिसके वजह से विद्यालयों में तो अच्छी शिक्षा नही मिल पाई लेकिन बचपन से ही वेद प्रकाश सर के मार्गदर्शन में रहा हूँ और उनसे ही शिक्षा प्राप्त कर इस मुकाम तक पहुंचा हूँ। जब से मैं देख रहा हूँ इस संस्था में पढ़नेवालों का परीक्षाफल परिश्रम के अनुसार प्राप्त होते रहा है। वही शिक्षक वेद प्रकाश का कहना है कि पढ़ाई के प्रति दोनो का समर्पण शुरू से ही प्रेरणादायक रहा है। उपेन्द्र के पिता बिरेन्द्र मोची गरीब कृषक मजदूर है तो सावित्री के पिता बैजनाथ मोची भी एक गरीब कृषक मजदूर है। दोनो के माता पिता का कहना है की दोनो ने अपनी मेहनत से पूरे स्कूल व शिक्षक का मान बढ़ा दिया। हमें उम्मीद तो थी कि दोनो अच्छा करेंगे लेकिन स्कूल टॉपर बनकर उसने हमारी उम्मीदों से कहीं ज्यादा खुशियां दी हैं। उपेन्द्र व सावित्री की यह उपलब्धि बताती है कि यदि इरादे मजबूत हों तो ग्रामीण परिवेश से निकलकर भी सफलता के शिखर को छुआ जा सकता है।



# नबीनगर में गैस संकट: उपभोक्ताओं ने सड़क जाम कर जताया विरोध

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर में गैस की किल्लत को लेकर उपभोक्ताओं ने अम्बा नबीनगर मुख्य सड़क जाम कर तान्या इंडेन गैस एजेंसी कार्यालय के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। सड़क जाम की वजह से दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई जिससे आम यात्रियों को भी परेशानी झेलनी पड़ी।आक्रोशित उपभोक्ताओं ने तान्या गैस एजेंसी,पुलिस प्रशासन और सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी किया।उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिना सूचना के गैस एजेंसी तान्या इंडेन का कार्यालय बंद कर दिया जाता है, जिससे उन्हें पर्ची कटाने में परेशानी होती है। लोगों ने बताया कि गैस के लिए 10 से 12 घंटे तक लाइन में खड़ा रहना पड़ता है ।जिन उपभोक्ता का डीएसी नंबर आया हुआ है लेकिन बिना पर्ची का गैस नहीं दिया जा रहा है एजेंसी के द्वारा मनमानी करते हुए कार्यालय बिना सूचना बंद कर दी जाती है।उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि गैस एजेंसी के कर्मचारी अपनी मनमानी कर रहे हैं। वे उपभोक्ताओं को गैस नहीं दे रहे हैं, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। नबीनगर में यह भी चर्चा है कि काला बाजार में डेढ़ हजार से दो हजार रुपए में गैस मिल रहा है।एक ओर जिला प्रशासन औरंगाबाद और सरकार का बयानबाजी है कि जिले में गैस की पर्याप्त भंडार है तब यह प्रश्न उठता है कि आखिर नबीनगर में गैस लेने के लिए रात से ही गैस गोदाम के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी कतार क्यों है? उपभोक्ताओं ने जिला प्रशासन से गैस एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं सड़क जाम की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उपभोक्ताओं को समझाया।



# कुटुंबा से 3 एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

कुटुंबा (बिहार)औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र में पुलिस ने कारवाई करते हुए 3 एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।गिरफ्तार



वारंटी आरोपी राम कुमार सिंह थाना क्षेत्र के तमसी गांव निवासी है जबकि गुड्डू भुइया और पिंटू भुइया मुरीला गांव का निवासी है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ कुटुंबा थाना में मामला दर्ज था। पुलिस ने इन आरोपियों को विशेष अभियान चलाकर तीनों को उनके घरों से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# निशांत कुमार को मुख्यमंत्री बनाने की उठी मांग विकास की निरंतरता पर जोर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार की राजनीति इस समय अहम मोड़ पर है, जहां नेतृत्व परिवर्तन और विकास की निरंतरता को लेकर चर्चा तेज है। इसी क्रम में जदयू संपतचक प्रखंड की ओर से निशांत कुमार को मुख्यमंत्री बनाने की मांग उठाई गई है। जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री समिति के उपाध्यक्ष रंजीत कुमार टप्पु ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने सुशासन और विकास के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। "न्याय के साथ विकास" की नीति से जनता का विश्वास मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि निशांत कुमार को मुख्यमंत्री बनाकर नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा सकता है इससे राज्य में स्थिरता और निरंतरता बनी रहेगी।



उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण और बुनियादी विकास की जो आधारशिला रखी गई है, उसे मजबूत नेतृत्व की जरूरत है। साथ ही, नए नेतृत्व को लेकर जल्द स्पष्टता जरूरी बताई।

# आदित्यपुर में रामनवमी पर सार्थक यूथ क्लब ने किया शरबत, चना गुड और टाटा ग्लूकोज का किया वितरण

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 29 मार्च 2026: आदित्यपुर में रामनवमी के अवसर पर सार्थक यूथ क्लब द्वारा सेवा शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्र में भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

क्लब द्वारा आदित्यपुर के रोड नंबर 32 स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास आयोजित इस शिविर में सैकड़ों लोगों की सेवा की गई। आयोजन के दौरान राहगीरों और श्रद्धालुओं के बीच शरबत, चना-गुड़ और टाटा ग्लूकोज का वितरण किया गया, जिससे लोगों को काफी राहत मिली।

कार्यक्रम में RIT थाना प्रभारी संजीव कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके साथ ही वार्ड पार्षद नीतू शर्मा, अभय झा, निरंजन मिश्रा समेत क्लब के अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, सौरभ पाठक, डॉ रेणु शर्मा, रोहित, आयुष, सौरभ कुमार, दीपक, अभिनव, शिवम, दीपक ठाकुर, प्रणव मिश्रा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।




क्लब के अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने बताया कि युवाओं के इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा के साथ-साथ लोगों के बीच एकता और भाईचारे का संदेश फैलाना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्य लगातार किए जाएंगे।

इस सेवा शिविर को लेकर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा गया और सभी ने क्लब के इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम में नवीन अग्रवाल की भूमिका सराहनीय रही।

# बिहार बोर्ड मैट्रिक रिजल्ट 2026 में बेटियों ने फिर गाड़ा सफलता का झंडा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (BSEB) ने रविवार को कक्षा 10वीं (मैट्रिक) वार्षिक परीक्षा 2026 के परिणामों की घोषणा कर दी है। इस वर्ष के नतीजों में एक बार फिर बेटियों ने बाजी मारी है। राज्य के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बोर्ड अध्यक्ष आनंद किशोर की उपस्थिति में दोपहर 1:15 बजे आधिकारिक रूप से रिजल्ट जारी किया। इस वर्ष राज्य की मेरिट लिस्ट में लड़कियों का दबदबा रहा। सिमुलतला आवासीय विद्यालय, जमुई की पुष्पांजलि कुमारी और उच्च माध्यमिक विद्यालय, वैशाली की सबरीन परवीन ने संयुक्त रूप से 492 अंक (98.4%) प्राप्त कर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। दूसरे स्थान पर बेगूसराय की नाहिद सुल्ताना (489 अंक) रहीं।

प्रमुख आंकड़े और प्रदर्शन

इस वर्ष कुल 15,10,928 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें से 12,35,743 विद्यार्थी सफल रहे। जिनकी आंकड़ा इस प्रकार है:-

* कुल पास प्रतिशत: 81.79%
* प्रथम श्रेणी: 4,43,723 विद्यार्थी
* द्वितीय श्रेणी: 4,75,511 विद्यार्थी
* तृतीय श्रेणी: 3,03,103 विद्यार्थी





बोर्ड अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि मूल्यांकन कार्य शुरू होने के मात्र 28 दिनों के भीतर परिणाम घोषित कर बिहार बोर्ड ने देश में सबसे पहले रिजल्ट देने का अपना रिकॉर्ड कायम रखा है। सरकार ने मेधावी छात्रों के लिए प्रोत्साहन राशि की भी घोषणा की है। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले टॉपर्स को 2 लाख रुपये, एक लैपटॉप और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। वहीं, दूसरे और तीसरे स्थान के छात्रों को क्रमशः 1.5 लाख और 1 लाख रुपये के साथ लैपटॉप प्रदान किया जाएगा। जो छात्र अपने अंकों से संतुष्ट नहीं हैं, वे जल्द ही आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर स्क्रूटनी (पुनर्मूल्यांकन) के लिए आवेदन कर सकेंगे। साथ ही, अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए कंपार्टमेंटल परीक्षा का आयोजन भी जल्द किया जाएगा ताकि उनका साल खराब न हो।

# कड़ी सुरक्षा के बीच धूमधाम व सौहार्द वातावरण में निकाला गया रामनवमी जुलूस

**अभय कुमार मिश्रा,दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ,कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 29 मार्च 2026: सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत आदित्यपुर कॉलोनी के रोड नंबर 32 से लेकर मुख्य चौराहा रोड नंबर 4 होते हुए 24 नंबर तक,भोला अखाड़ा, बांतानगर,मिरुडीह, सहित अन्य क्षेत्रों में झंडा विसर्जन जुलूस में भीड़ उमड़ी। लगभग सभी झंडा विसर्जन जुलूस में सबसे ज्यादा आदित्यपुर कॉलोनी में ही भीड़ जुटी। यहां अखाड़ा द्वारा हनुमान मंदिर प्रांगण से बाजे गाजे के साथ जुलूस प्रारंभ किया गया। जुलूस के दौरान युवाओं ने डंडा, तलवार घुमाना,छाती पर इंटा तोड़ना सहित एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाए।जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु प्रशासन चौकस रहा।आर आई टी थाना प्रभारी संजीव कुमार सिंह खुद अपने दल बल सहित दर्जनों पुलिस बल के साथ ड्यूटी पर तैनात थे।





# रामनवमी पर कृष्ण कन्हैया रामायण मंडली ने लगाया सेवा शिविर, श्रद्धालुओं के बीच शर्बत-घुघनी वितरण

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 29 मार्च 2026: आदित्यपुर कॉलोनी के रोड नंबर आठ के पीपल पेड़ के समीप कृष्ण कन्हैया रामायण मंडली के संयुक्त तत्वावधान में हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी रामनवमी के अवसर पर सेवा शिविर लगाया गया। शिविर में हजारों श्रद्धालुओं के बीच शर्बत और चना का घुघनी वितरण किया गया, साथ ही अतिथियों के बीच 151 अंगवस्त्र का भी व्यवस्था की गई।

इस दौरान मंडली के अध्यक्ष हरिद्वार खरवार,उपाध्यक्ष दशरथ पोद्दार, महासचिव धीरेंद्र ओझा, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत शर्मा, भाजपा नेता चंदन सिंह,ब्यास कृष्ण प्रसाद, नाल वादक अवधेश सिंह, ताशा वादक राम जी ठाकुर, ढोलक वादक अजय सिंह,नगीना यादव, मिथिलेश कुमार, अर्जुन भगत, नंदलाल प्रसाद, प्रमोद सिंह,हीरा सिंह, प्रमोद कुमार, कामेश्वर प्रसाद गोरख चौबे, दिनेश खरवार, सकल यादव, सुरेश यादव, राजू कुमार, नीरज कुमार, रामेश्वर प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद ,बबन सिंह, दिलीप कुमार सिंह, अनिलजी के साथ साथ कई गणमान्य मौजूद रहे।अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं पगड़ी पहनाकर किया गया।



मौके पर वक्ताओं ने रामनवमी के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए शहरवासियों और प्रशासन की सराहना करते हुए सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं तथा आपसी भाईचारे की परंपरा को बनाए रखने का संदेश दिया।

# जे-टेट 2026 में भूमिज भाषा की वापसी, मातृभाषा में परीक्षा का मौका मिलने से समाज में खुशी

**समाज जागरण 29.03.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर पोटका झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 (जे-टेट) में जनजातीय भाषा भूमिज को पुनः शामिल कर लिया गया है। यह निर्णय पोटका के विधायक संजीव सरदार के लगातार प्रयासों का परिणाम माना जा रहा है। इस संबंध में झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (प्राथमिक शिक्षा निदेशालय) द्वारा अधिसूचना संख्या 487/26.03.2026 जारी कर दी गई है, जिससे भूमिज समाज में खुशी की लहर दौड़ गई है।



**विधायक संजीव सरदार के लगातार प्रयास से मिला परिणाम**

तेंतला में आयोजित पत्रकार वार्ता में भूमिज विशेषज्ञ हरिश चंद्र सिंह भूमिज, जुड़ी पंचायत के मुखिया सुकलाल सरदार एवं भारतीय आदिवासी भूमिज समाज के प्रदेश अध्यक्ष रथु सिंह सरदार ने बताया कि जे-टेट 2012 और 2016 के बाद भूमिज भाषा को परीक्षा से हटा दिया गया था। इस मामले को लेकर विधायक संजीव सरदार ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं विभागीय अधिकारियों से लगातार संवाद और पत्राचार किया। साथ ही विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भी उन्होंने इस मुद्दे को मजबूती से उठाया, जिसके बाद यह निर्णय संभव हो सका।

**भूमिज युवाओं को मिलेगा बड़ा अवसर**

भूमिज समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि अब समाज के शिक्षित युवा अपनी मातृभाषा भूमिज में परीक्षा देकर अपने भविष्य को बेहतर बना सकेंगे। इसके लिए रांची, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिलों को परीक्षा केंद्र के रूप में नामित किया गया है। इस निर्णय से समाज के युवाओं में उत्साह का माहौल है और इसे उनके शैक्षणिक विकास की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

**आभार जताने की तैयारी में समाज, दिवंगत मंत्री को भी किया याद**

भूमिज समाज ने इस उपलब्धि के लिए विधायक संजीव सरदार एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही तत्कालीन शिक्षा मंत्री दिवंगत रामदास सोरेन के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समाज के लोगों ने बताया कि जल्द ही स्वागत एवं आभार यात्रा निकालकर विधायक संजीव सरदार, घाटशिला विधायक सोमेश सोरेन, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, विधायक समीर कुमार महंती एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया जाएगा।

पत्रकार वार्ता मे मुख्य रूप से सतीश सरदार, पंसस मंजु सरदार, रामेश्वर सरदार, अमल सिंह, मनोरंजन सरदार, ईश्वरलाल सरदार, भृगुराम सरदार, अरूप सरदार, कृष्ण सिंह सरदार, विष्णु पद सरदार, सागर सरदार, लाल सरदार, अशीष सरदार आदि उपस्थित थे।

# उपलब्धि : कड़ी मेहनत व आत्मविश्वास के दम पर विनीत ने किया कमाल, प्रखंड के बने द्रितीय टॉपर

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया (किशनगंज)।बिहार बोर्ड 2026 की दसवीं की परीक्षा में उच्च माध्यमिक विद्यालय गलगलिया के छात्र विनीत गुप्ता ने ठाकुरगंज ब्लॉक स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से स्कूल का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा।



बताते चले कि बिहार बोर्ड 10वीं के परिणाम में इस बार उच्च माध्यमिक विद्यालय गलगलिया का छात्र विनीत ने शानदार सफलता हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है क ठाकुरगंज प्रखंड के भातगांव गलगलिया वार्ड- 05 के रहने वाले विनीत गुप्ता ने ठाकुरगंज प्रखंड में द्वितीय स्थान हासिल किया है क विनीत गुप्ता ने 467 अंक प्राप्त कर द्वितीय प्रखंड टॉपर का स्थान हासिल किया है। 2026 में विनीत की इस उपलब्धि से परिवार और पूरे गांव में खुशी का माहौल हैकसीमित संसाधनों के बावजूद उनके पिता विजय गुप्ता एक छोटा दूकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, फिर भी विनीत ने अपनी मेहनत से अलग पहचान बनाई है कविनीत ने बताया कि उन्होंने शुरूआत से ही पढ़ाई के लिए स्पष्ट रणनीति बनाई थी कउन्होंने स्कूल के साथ-साथ सेल्फ स्टडी पर खास ध्यान दिया करोजाना 06 से 08 घंटे पढ़ाई करता था।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अर्जुन पासवान और शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर टिप्पणी की। उन्होंने बताया कि विद्यालय में नियमित रूप से सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों पर ध्यान दिया जाता है, जिसका परिणाम इस सफलता के रूप में सामने आया है।

# मानगो में 26 बड़े डिफॉल्टरों पर 1.56 करोड़ रुपये टैक्स बकाया, निगम सख्त—बैंक खाते फ्रीज करने की तैयारी

**समाज जागरण 29.03.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर के मानगो नगर निगम क्षेत्र में टैक्स वसूली को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। नगर निगम की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, इलाके के 26 बड़े डिफॉल्टरों पर कुल 1 करोड़ 56 लाख रुपये से अधिक का होल्डिंग टैक्स बकाया है। इसके अलावा 30-40 अन्य बड़े बकायेदारों पर करीब 30 लाख रुपये का बकाया दर्ज किया गया है। निगम प्रशासन ने इन सभी को नोटिस जारी कर 31 मार्च तक भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया है, अन्यथा कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।




नगर निगम सूत्रों के अनुसार, सबसे अधिक बकाया रखने वालों में गौरीशंकर गौड़ (5 होल्डिंग) पर 13 लाख, दीनबंधु दत्ता (इंदु मेंशन) पर 13.35 लाख, समय कंस्ट्रक्शन पर 9 लाख और बीपीसीएल पेट्रोल पंप (4 होल्डिंग) पर 8.50 लाख शामिल हैं। इसके अलावा निशाचर गौर (सरस्वती भवन) पर 7 लाख, सविता देवी (धर्म कांटा) पर 4.27 लाख, मृत्युंजय चौधरी पर 4.23 लाख और विनोद कुमार सिंह (सिटी इन होटल) पर 3.31 लाख का बकाया है।

अन्य प्रमुख बकायेदारों में वार्ड पार्षद प्रत्याशी ललिता प्रधान पर 2.21 लाख, अनूप कुमार राय पर 1.85 लाख, मुख्तार अहमद पर 1.82 लाख, सी. प्रदीप कुमार नायडू एवं सी. किशोर कुमार नायडू पर 1.78 लाख, योगेंद्र प्रसाद पर 1.74 लाख तथा अब्दुल खालिक पर 1.70 लाख का बकाया शामिल है। वहीं रीमा घोष एवं मनोहर कुमार घोष पर 1.68 लाख, सरबजीत सिंह (मिनी पंजाब होटल) पर 1.60 लाख, शिवजी सिंह पर 1.19 लाख, रेणुका गुप्ता पर 1.15 लाख, मो. इलियास पर 1.09 लाख और बीरेंद्र पांडे पर 1.06 लाख बकाया है।

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा के बाद बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत बैंक खाते फ्रीज करना, चल-अचल संपत्ति जब्त करना और नगर निगम अधिनियम के तहत अन्य कानूनी कदम उठाए जा सकते हैं।

वहीं, राजस्व वसूली के मोर्चे पर निगम का प्रदर्शन संतोषजनक रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रॉपर्टी टैक्स के 13.85 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 12.36 करोड़ की वसूली की गई, जो लगभग 90 प्रतिशत है। वाटर यूजर चार्ज में 3.06 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध 2.69 करोड़ (88 प्रतिशत) की वसूली हुई है। वहीं ट्रेड लाइसेंस में 27.50 लाख के लक्ष्य के मुकाबले 26.80 लाख (98 प्रतिशत) की वसूली दर्ज की गई है।

इस अभियान का नेतृत्व उपनगर आयुक्त कृष्ण कुमार और सिटी मैनेजर प्रदीप कुमार कर रहे हैं। उनके निर्देशन में सर्कल मैनेजर शिवम कुमार, पंकज कुमार, सुमित सिंह, प्रेम गुप्ता, अमित दत्ता, सुमित दत्त, राहुल हालदार, रियाज अहमद, संजय पासवान और मंगल सिंह सहित पूरी टीम सक्रिय रूप से वसूली अभियान में जुटी हुई है।

मानगो नगर निगम ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर अपना टैक्स जमा करें, ताकि शहर के विकास कार्यों को गति मिल सके और अनावश्यक कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

# जमशेदपुर में आंध्रा एसोसिएशन की शताब्दी स्मारिका का भव्य विमोचन

**समाज जागरण 29.03.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर :आंध्रा एसोसिएशन परिसर में शताब्दी वर्ष (1926-2026) के उपलक्ष्य में शताब्दी स्मारिका के विमोचन का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर संस्था के 100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा, शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सरयू राय, विधायक, जमशेदपुर (पश्चिम) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के आगमन, स्वागत संबोधन, संस्था के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा शताब्दी स्मारिका का विधिवत विमोचन किया गया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सरयू राय ने आंध्रा एसोसिएशन की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ने पिछले 100 वर्षों में जमशेदपुर में शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी संस्थाएं समाज को एकजुट रखने और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



यह कार्यक्रम आंध्रा एसोसिएशन की प्रबंध समिति के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें संस्था के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्ष के रूप में मेजर के. सत्यनारायणन, उपाध्यक्ष एएएमएस के श्री बी. बाबूजी, उपाध्यक्ष एए के श्री एन. राम कृष्ण राव, उपाध्यक्ष एएईएस के श्री पी. श्रीनिवास, महासचिव श्री वाई. के. शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

संयुक्त सचिव के रूप में श्री बी. श्रीनिवास राव, श्री जी. सत्यनारायण राव तथा श्री अंजी कुमार राव ने कार्यक्रम के संचालन में सहयोग दिया। वहीं कोषाध्यक्ष श्री सी. गणेश राव और सहायक कोषाध्यक्ष श्री आर. रवि भी आयोजन में सक्रिय रहे। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में श्री कल्याण राव, श्री वी. रामाराव (बाबूजी), श्रीमती पी. सूर्य प्रभा, श्री आई. श्रीनिवास, श्री एम. कंकणा राव, श्री आर. रवि कुमार, श्री एस. वेंकट गिरी तथा श्रीमती आर. शैलजा की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक श्री एम. भास्कर राव, श्री के. वेणु गोपाल राव और श्री बी. श्रीनिवास संजय भी शामिल हुए। साथ ही संस्था की आंतरिक लेखा परीक्षक श्रीमती जी. विजय लक्ष्मी और श्री बी. कृष्ण मूर्ति की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा बढ़ाई।

इस अवसर पर योगदानकताओं, प्रायोजकों, वरिष्ठ नागरिकों, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा पूर्व पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को और भी आकर्षक बना दिया, जिससे उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन, राष्ट्रगान और रात्रिभोज के साथ हुआ। इस आयोजन ने आंध्रा एसोसिएशन के 100 वर्षों की उपलब्धियों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और भविष्य के लिए प्रेरणा देने का कार्य किया।